अधिकतम :32° C
न्यूनतम: 20° C
तापमान

सेंसेक्स 80,501.99
निफ्टी 24,346.70

सोना 96,750
चांदी 98,000

shahtimes2015@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 4 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 159 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

बैसाख शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082

5 जिलकदा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस अय्यर को बनाया आइकॉन प्लेयर**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## नीट की परीक्षा आज दोपहर को

नई दिल्ली, वार्ता



**मेडिकल कॉलेजों** में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा रविवार (आज) को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विद्यार्थी पेन भी नहीं ले जा सकेंगे। उन्हें सेंटर पर ही पेन दिया जाएगा।

परीक्षार्थी को ओरिजिनल आईडी जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर कार्ड अथवा 12वीं क्लास का प्रवेश पत्र, जिसमें अभ्यर्थी की फोटो आ रही हो, इनमें से कोई भी एक आईडी साथ लाना है। नीट के जरिये ही देश के तमाम मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस और अन्य विभिन्न अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में दाखिला होता है। इसके अलावा मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के लिए भी अभ्यर्थी नीट यूजी परीक्षा के मार्क्स के जरिये आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विस हॉस्पिटल के बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे।

## मोदी ने फिर दोहराया संकल्प, सबक सिखाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाने के लिए शनिवार को एक बार फिर दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ यहां वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ तथा निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए अंगोला के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया।

श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश मानवता के लिए सबसे बड़े खतरे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अंगोला की ओर से संवेदना व्यक्त किए जाने के लिए श्री लौरेंको को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को सजा दिलाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। इस हमले में 26 लोग जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे कि निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। उन्होंने सशस्त्र बलों को इस मामले में जवाबी कार्रवाई करने के लिए छूट दी है।

■ **आतंकियों व उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध**



### मंत्री ने मांगी आत्मघाती हमलावर बनने की इजाजत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के आवास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान का पहलगाम आतंकी हमले पर दिया बयान चर्चा में है। इसमें वे आत्मघाती हमलावर बनकर पाकिस्तान में जाने और युद्ध लड़ने की बात कह रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मुझे परमिशन दें, तो मैं आत्मघाती बम बांधकर पाकिस्तान जाकर हमला करने के लिए तैयार हूं। देश के लिए जान देने के लिए तैयार हूं। जमीर अहमद खान जब ये बयान दे रहे थे, तब उनके आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। इस पर खान ने कहा कि मैं मजाक नहीं कर रहा हूं, मैं इसे लेकर बहुत गंभीर हूं। केंद्र सरकार को पहलगाम आतंकी हमले पर निर्णायक एक्शन लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ हर भारतीय को एकजुट होना चाहिए।

### मप्र-उप्र समेत 19 राज्यों में आंधी व तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश समेत 19 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट किया गया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी चल सकती है। वहीं, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में तेज बारिश हो सकती है। दिल्ली में शुक्रवार को हुई बेमौसम बारिश के बाद मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बदले हुए मौसम के बावजूद शुक्रवार को महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के 12 शहरों में तापमान 43 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया था। महाराष्ट्र का अकोला 44.9 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। आगे भी लगभग एक हफ्ते ऐसा मौसम रह सकता है।

### आईसीआईसीआई सहित चार बैंकों पर 1.91 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार देर शाम जारी बयान में कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) और 'क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 को नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि यह देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### श्रीलंकाई लोगों के हमलों में 20 भारतीय मछुआरे घायल

**नागपट्टिनम।** तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले से समुद्र में मछली पकड़ने उतरे मछुआरों की नाव पर कल मध्यरात्रि समुद्र के बीचोबीच अज्ञात श्रीलंकाई नागरिकों ने कथित तौर पर हमला कर दिया और लूटपाट की, जिससे 20 मछुआरे घायल हो गए। मछुआरों ने बताया कि शुक्रवार मध्यरात्रि लूटपाट और हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में घायल मछुआरों को तट पर लौटने के बाद सुबह नागपट्टिनम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनमें से पांच को आंतरिक और बाहरी चोटें आई हैं।

# दरार गहराई: पाक से सभी तरह के आयात पर रोक

## पाक ध्वज वाले जहाजों का किसी भी बंदरगाह पर प्रवेश किया बैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान के साथ हर प्रकार के माल के आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह पाबंदी पाकिस्तान के ऐसे माल पर भी लागू होगी, जो भारत के रास्ते किसी और जगह भेजा जा रहा हो।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एजेंसी विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान में बनी या वहां से निर्यात की जाने वाली सभी वस्तुओं के वहां से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से किए जाने वाले सभी निर्यात या ऐसे माल को भारत के रास्ते कहीं और भेजे जाने (ट्रांजिट) पर रविवार (आज) से रोक लागू की जाती है। यह रोक वहां से मुक्त रूप से मंगाई जा सकने वाली या अन्य प्रकार से मंगाई जाने वाली, हर तरह की वस्तु पर लागू होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति के हित में लिया गया है। इस निर्णय को लागू करने के लिए विदेश व्यापार नीति 2023 में आवश्यक संशोधन अधिसूचित किए गए हैं। इस प्रतिबंध के किसी भी विकल्प के लिए सरकार से अनुमति अनिवार्य होगी। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले के बाद भारत में पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त प्रतिबंधात्मक कदम उठाए हैं। भारत ने पाकिस्तान को उड़ानों के लिए अपने वायु मार्ग का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। वहीं, पाकिस्तान ने भी भारत के व्यापार और यात्री एयरलाइनों के लिए अपने वायु मार्ग के इस्तेमाल नहीं करने देने का निर्णय लिया है। वहीं भारत ने -शेष पृष्ठ दो पर

### रक्षा मंत्रालय ने 48 लॉन्चर और 85 पोर्टेबल मिसाइलों की खरीद के लिए मांगे प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना को कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन, हेलीकॉप्टर और विमानों के खतरों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए 48 लांचर और नई पीढ़ी की अत्याधुनिक 85 मिसाइलों की खरीद के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने मेक इन इंडिया पहल के तहत की जाने वाली इस खरीद के लिए इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव मांगे हैं। काफी कम दूरी की इन मिसाइलों के मिलने से सेना को दुश्मन के विमानों और ड्रोनों की चपेट में आने की संभावना वाले अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों का बचाव करने में मदद मिलेगी।




**केंद्र ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाएं स्थगित की**

**आज से लागू होगा फैसला, यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा व लोक नीति के हित में लिया गया**

### मंदिर की 'जात्रा' में मची भगदड, छह लोगों की मौत

**पणजी।** गोवा के शिरगांव में आयोजित प्रसिद्ध श्री लैराई जात्रा (धार्मिक यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात भगदड़ मचने से छह लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और बचाव टीम मौके पर पहुंच गई। हादसे में घायल लोगों को गोवा मेडिकल कॉलेज और मापुसा स्थित नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे में जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रति शोक जताया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि गोवा के शिरगांव में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने घायलों का मुफ्त इलाज करने को कहा है। घटना पर गोवा कांग्रेस ने भी दुख जताया है। यह हादसा उस समय हुआ जब भारी भीड़ के बीच अचानक अफरा-तफरी फैल गई, जिससे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे तथा भगदड़ मचने के कारण लोग एक-दूसरे पर गिरते चले गए जिससे लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा।

## टिकैत से अभद्रता का लिया जाएगा बदला

### 'स्वाभिमान बचाओ पंचायत' में ऐलान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** उप्र के मुजफ्फरनगर टाउनहॉल में गत दिवस हुई जनआक्रोश यात्रा में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ धक्का मुक्की और पगड़ी गिराने के विरोध में शनिवार को भाकियू ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में 'स्वाभिमान बचाओ पंचायत' का आयोजन किया।

उक्त पंचायत में जनपदभर के विभिन्न खाप मुखियाओं के अलावा बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, सरधना विधायक अतुल प्रधान, खतौली व रालोद विधायक मदन भैया, कैराना सांसद इकरा हसन, मुजफ्फरनगर सांसद -शेष पृष्ठ दो पर

■ **वक्ता बोले- यह टिकैत पर नहीं पूरी किसान बिरादरी पर हमला**

■ **पंचायत में राकेश टिकैत को पहनाई गई पगड़ी**

## रुक सकता था गोधरा कांड अगर पुलिस होती सतर्क

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में** गोधरा कांड के 23 साल बाद, गुजरात हाईकोर्ट ने साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में गश्त में लापरवाही के लिए नौ रेलवे पुलिस कर्मियों को नौकरी से हटाने के फैसले को बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने पुलिसकर्मियों की याचिका खारिज करते हुए कहा कि यदि याचिकाकर्ता पुलिसकर्मी साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अपनी ड्यूटी कर रहे होते, तो गोधरा कांड को रोका जा सकता था। आवेदकों ने अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरती। याचिकाकर्ता उस समय रेलवे पुलिस में कार्यरत थे। इन्हें 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गश्त की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन चूंकि वे ट्रेन से चूक गए थे, इसलिए वे दूसरी ट्रेन से अहमदाबाद जल्दी पहुंच गए। इस दिन -शेष पृष्ठ दो पर

■ **हाईकोर्ट ने नौ रेलवे पुलिसकर्मियों को नौकरी से हटाने का फैसला बरकरार रखा**

## डा. पूनम गुप्ता बनीं RBI की डिप्टी गवर्नर

मुंबई, वार्ता




**डा. पूनम गुप्ता ने** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है। भारत सरकार ने दो अप्रैल, 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था।

डिप्टी गवर्नर के रूप में, डा. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इस नियुक्ति से ठीक पहले, डा. गुप्ता एनसीएईआर की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं।

## कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ शी-बॉक्स पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकेंगी महिलाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कदम उठाए हैं।

केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही योगी सरकार ने शी-बॉक्स पोर्टल के माध्यम से शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत किया है, ताकि प्रदेश की हर कामकाजी महिला सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल में काम कर सके। सीएम योगी के निर्देश पर सभी सरकारी और निजी संस्थानों में आंतरिक समिति के गठन को अनिवार्य किया गया है, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है। सूत्रों नेबताया कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में यह व्यवस्था लागू हो। जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी। यह सुविधा न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए भी उपलब्ध है। विशेष बात यह है कि यह प्लेटफॉर्म छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को भी आवाज उठाने का एक गोपनीय और सशक्त माध्यम बनेगा।







# पहलगाम के बाद घटनाक्रम चिंतनीय

### कश्मीर में अभी सामान्य स्थिति हासिल नहीं हुई: हुसैनी

नई दिल्ली, वार्ता

**जमात**-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद घटित घटनाओं पर चिता व्यक्त की।

श्री हुसैनी ने यहां स्थित जमात के मुख्यालय में मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 22 अप्रैल 2025 को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की फिर से निंदा की। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में हुई दुखद जान-माल की हानि पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों तथा उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। यह पूरी तरह से अमानवीय है और इसकी पूर्ण एवं स्पष्ट निंदा की जानी



चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले और निर्दोष लोगों के मारे जाने से पता चलता है कि सुरक्षा व्यवस्था अभी भी पर्याप्त नहीं है और क्षेत्र में भारी सैन्य उपस्थिति के बावजूद, नीतिगत खामियां मौजूद हैं, जो निर्दोष नागरिकों के जीवन को असुरक्षित बनाती हैं। हम चाहते हैं कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए, सुरक्षा संबंधी चूकों की उचित जांच की जाए तथा अधिक मजबूत व्यवस्थाएं स्थापित की जाए। कश्मीर की स्थिति के बारे में बात करते हुए जमीअत अध्यक्ष ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और कड़े सुरक्षा उपायों की विस्तारित अवधि के बाद सरकार ने जोर देकर कहा कि कश्मीर में आतंकवाद पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया गया है। हालांकि, पहलगाम की दुखद घटना से संकेत मिलता है कि कश्मीर में सामान्य स्थिति हासिल नहीं हुई है। कड़ी निगरानी और सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त उपस्थिति के बावजूद ऐसी घटना ऐसे क्षेत्र में कैसे घटित हो सकती है? हम कश्मीरी लोगों की उल्लेखनीय बहादुरी और आतिथ्य दिखाने के लिए सराहना करते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि हम मीडिया के एक वर्ग और कुछ राजनेताओं द्वारा राजनीतिक और वैचारिक हितों को साधने के प्रयासों की कड़ी निदा करते हैं। जिस प्रकार का इस्लामोफोबिक आख्यान फैलाया जा रहा था, फर्जी खबरों का प्रसार किया जा रहा था।

## सीबीआई ने बाल यौन उत्पीड़न का किया भंडाफोड़

**कोलकाता।** सीबीआई ने भारत के विभिन्न हिस्सों में ऑनलाइन बाल यौन शोषण से जुड़े एक ऐसे साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े हुए हैं।

सीबीआई को अमेरिका से सूचना प्राप्त हुई थी। मार्च 2024 में, मंगलुरु निवासी आरोपी अहमद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'डिस्कॉड' के माध्यम से हेइजेनबर्ग7343 के नाम से काम किया और एक अमेरिकी नाबालिग लड़की के साथ ऑनलाइन बातचीत की। सीबीआई ने कहा कि चैट के दौरान आरोपी ने नाबालिग लड़की को उसके साथ कामुक चैट करने के लिए उकसाया और उसने लड़की से उसकी अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए भी कहा। आरोपी ने अश्लील यौन गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी धमकाया।

# हमें दिनचर्या प्रबंधन व योजना बनाने की जरूरत: पटेल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**राजभवन में बीएमआई स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन होम्योपैथी का बखान किया**

**लखनऊ।** यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में शनिवार को राजभवन के गांधी सभागार में राजभवन के अधिकारियों व कार्मिकों के लिए बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संयमित जीवन शैली को बढ़ावा देना था। श्रीमती पटेल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को बुरी आदतें छोड़ने, दिनचर्या में अनुशासन लाने तथा शरीर की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझने की सलाह दी। उन्होंनं कहा कि हमें हमारी दिनचर्या के प्रबंधन व योजना बनाए जाने की जरूरत है। प्रत्येक व्यक्ति का शरीर अलग होता है, इसलिए स्वस्थ रहने के उपाय भी व्यक्तिगत होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वजन नियंत्रित करने के लिए आत्मनिरीक्षण जरूरी है। कार्यशाला में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए राज्यपाल ने प्रातः पांच बजे उठकर सैर करने, धीरे-धीरे भोजन की मात्रा कम करने, और रोटी के साथ अधिक सब्जी खाने की सलाह दी। उन्होंने रोटी को चबा-चबाकर खाने, कम नमक का उपयोग, दूध पीने व चाय से परहेज की भी सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि सुबह का नाश्ता राजा की तरह, दोपहर का भोजन राजकुमार की तरह और रात का खाना भिखारी की तरह करना चाहिए। उन्होंने योग और प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम और कपालभाति को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने मानसिक प्रसन्नता, नियमित टहलने, अच्छी नींद और संतोषप्रद कार्यों को जीवन शैली का भाग बनाने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने सभी को संयमित जीवन जीने और स्व-नियंत्रण द्वारा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने मन को प्रेरित करने की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उनकी आदतें वर्तमान समय की विकसित नहीं है, बल्कि स्कूली दिनों से ही बनी हुई है।उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने अंदर की कमियों को सुधारने के हिसाब से कार्य करना चाहिए। श्रीमती पटेल ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया की कोई भी कार्य आत्मविश्वास व श्रद्धा से करते रहना चाहिए। उन्होंने सभी के स्वस्थ होने की कामना की तथा होम्योपैथी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति वर्तमान समय में काफी लाभदायक है। राज्यपाल ने संयमित जीवन जीने की सलाह दी और उन्होंने कहा कि संयमित जीवन नियमित व्यायाम तथा स्वयं पर नियंत्रण से आता है। कार्यशाला के दौरान केजीएमयू से डा. अर्चना गिल्डियाल, डा. शालिनी श्रीवास्तव, एवं डा. दिलीप वर्मा ने विशेष सत्रों में सहभागिता की। डा. अर्चना ने शरीर की फिटनेस बनाए रखने के लिए बॉडी कंपोजिशन, व्यायाम, तथा एक्सरसाइज की विषयों पर जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेस की आजादी में भारत की रैंकिग चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विश्व के 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग 161वीं है, जो साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी शासन में प्रेस की आजादी पर लगातार हमले हो रहा है। कांग्रेस ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर अपने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ऐसे हर निडर पत्रकार के साथ खड़ी है जो धमकी और सच को दबाने के खिलाफ लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की गिरती रैंकिंग भाजपा शासन के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खतरनाक क्षरण को दर्शाती है। इसके साथी पार्टी ने एक अखबार में प्रकशित सर्वेक्षण की तालिका भी पोस्ट की है, जिसमें कहा गया है की 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में भारत का पिछले साल 161वां स्थान रहा है।

### महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियां मिली फंदे से लटकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में शनिवार सुबह एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों के शव फंदे से लटके मिले। पुलिस ने यहां बताया कि घटना भिवंडी के तीनगांव कामतघर में हुई। महिला की पहचान किनिसा लालजी द्ध30ऋ के रूप में हुई है। उसकी तीन बेटियों की उम्र क्रमशः 13, 11 और आठ साल बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक महिला के पति जब रात की डयूटी से घर आया तो उसने सुबह चारों के शव को छत के पंखे से लटका पाया।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर किया

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलों में शनिवार को तलाशी ऑपरेशन के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस ने बताया कि जवानों की ओर से की गई गोलीबारी को देख अन्य नक्सली फरार हो गए। मौके से एसएलआर हथियार समेत कई जरूरी सामान बरामद किया गया है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई तलाश अभियान के दौरान हुई।

### मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश

# अविवादित वरासत केस 15 दिन में निपटाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि अविवादित वरासत के मामलों का निस्तारण अधिकतम 15 कार्यदिवस के भीतर किया जाए।



**खतौनी, किसान रजिस्ट्री और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरण तय समय सीमा में सुलझाएं**

राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण बिदुओं राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान न केवल जनविश्वास, बल्कि राज्य में निवेश और विकास के लिए भी आवश्यक है, वहीं लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और उत्तरदाई शासन प्रणाली की नींव है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए और शहरी क्षेत्रों का लैंड रिकॉर्ड तैयार कर उसे प्राथमिकता से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने राजस्व परिषद के पोर्टल की रीडिजाइनिग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल और परिणाममूलक होना चाहिए। साथ ही लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि विभागीय निगरानी सरल हो सके और आमजन को सीधा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्राधिकरणों के लैंडयूज डेटा को खतौनी पर प्रदर्शित किया जाए और धारा 80 के अंतर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए।

नामांतरण वादों को पूर्णतः ऑटोमेट किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नागरिकों को सुगमता और समयबद्ध न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने चकबंदी प्रक्रिया में तकनीकी हस्तक्षेप और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही सावधान किया कि चकबंदी की जटिलताओं के कारण गंभीर सामा. जिक विवाद जन्म ले सकते हैं, अतः इसे अत्यंत संवेदनशीलता से निपटाया जाए। योगी ने यह भी स्पष्ट किया कि रियल टाइम खतौनी, आधार सीडिंग, किसान रजिस्ट्री, पैमाइश और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का समाधान तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके लिए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त मानव संसाधन की व्यवस्था की जाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, विगत वर्ष में ही 36 लाख से अधिक जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, जिनमें से 85 प्रतिशत आवेदन सात कार्यदिवसों के भीतर ऑनलाइन निस्तारित हुए। मुख्यमंत्री ने इस प्रगति को सराहनीय बताया और सेवा वितरण को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री ने विभाग की सराहना करते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में 3-5 लाख से अधिक प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के सभी लंबित आवेदन अगले 10 कार्यदिवसों में पूर्ण रूप से निस्तारित किए जाएं।

### विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित मामलों का हो त्वरित निस्तारण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के प्रकरणों की समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि जिस भी प्राधिकरण में मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां लगाया जाना अनुचित हैं, इसे सरल रूप देते हुए एक ही बार में निस्तारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि ऐसे जो भी प्रकरण लंबित हैं, एक समय सीमा तय करते हुए उनका निस्तारण कर दिया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नगरों में जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान अब तक अप्रूव नहीं हुआ है, उसे वर्तमान माह की समाप्ति से पहले अनुमोदित करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्ययोजना का आकलन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6-7 किमी- लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो गया है। कॉरीडोर 1 और 2 का कार्य इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जबकि द्वितीय कॉरिडोर का कार्य 2026 तक निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में लखनऊ मेट्रो परियोजना के अंतर्गत चारबाग से बसंतकुंज तक (11-165 किमी) प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है।

# यूपी सरकार का आउटसोर्स कर्मियों को बड़ा तोहफा

### आउटसोर्स सेवा निगम का गठन जल्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ईएसआई अस्पतालों में मुफ्त होगा इलाज, ईपीएफ की सुविधा, पेंशन और मेडिकल लीव की सुविधा भी मिलेगी कर्मचारियों ने फैसले का किया स्वागत**

**लखनऊ।** यूपी सरकार जल्द ही राज्य में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इस निगम के तहत कर्मचारियों को वेतन, अवकाश और सभी लाभ नियमबद्ध तरीके से मिलेंगे। आउटसोर्स कर्मचारियों को ईएसआई, ईपीएफ और मेडिकल लीव के साथ ही 180 दिन की मैटरनिटी लीव और पेंशन सुविधा भी मिलेगी।

यूपी में सरकारी कर्मचारियों की तरह अब आउटसोर्स कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। सरकार के फैसले से आउटसोर्स कर्मचारियों कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। इसके लिए सरकार आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। पिछले कुछ समय से ईएसआई और ईपीएफ की सुविधाओं का लाभ मिलने में समस्या आ रही थी। ऐसे में निगम का गठन होने से इन तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। निगम का गठन गैर लाभकारी संस्था के तौर पर किया जाएगा। इसके गठन से आउटसोर्स कर्मचारियों मे पर खर्च हो रहे पैसे पर 22.5 फीसदी की कमी आएगी। साथ ही कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। अभी तक सरकार को इन कर्मचारियों के लिए कमीशन और जीएसटी का भुगतान करना पड़ता था। आउटसोर्स कर्मचारियों को कई बार ईपीएफ और ईएसआई की सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। ऐसे में निगम का गठन होने से इन तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। आउटसोर्स कर्मचारियों को 180 दिन की मैटरनिटी लीव से लेकर ईएसआई अस्पतालों में मुफ्त इलाज, सेवा अवधि पूरी होने पर पेंशन की सुविधा और आकस्मिक अवकाश जैसी सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। सरकार के आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के फैसले पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। कर्मचारियों को कहना है कि सरकार के इस फैसले से करोडों कर्मचारियों को आसानी से लाभ मिल सकेगा, कई बार मेडिकल लाभ और आकस्मिक अवकाश के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## अर्थ व्यापार

# एसबीआई का मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

मुंबई, वार्ता

**देश** के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 9-93 प्रतिशत कम है।

बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शनिवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 16-08 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय



**चौथी तिमाही में 18643 करोड़ का लाभ**

42775 करोड़ रुपये रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2-69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 159876 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 4-43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किए गए 3294 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 20-35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किए गए 9518 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 51-49 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका सकल एनपीए 42 आधार अंक कम होकर 1-82 प्रतिशत पर आ गई और इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 10 आधार अंकों की कमी के साथ 0-47 प्रतिशत पर रही।

## भारत सरकार के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान से निर्यातित या पाकिस्तान में उत्पन्न किसी भी वस्तु के प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साहसी और निर्णायक कदम का हार्दिक स्वागत किया है।

संगठन ने कहा कि यह निर्णय एक सशक्त और स्पष्ट संदेश देता है कि पाकिस्तान की ओर से निरंतर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों और भारत विरोधी रुख के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक संबंध नहीं बनाए जा सकते। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एक बयान में कहा कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है।

# उठाव कमजोर रहने से जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता

**स्थानीय** स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले



दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दरार गहराई..**

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों के अंतर्गत शनिवार को आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान के ध्वज वाले जहाजों को भारत में किसी भी बंदरगाह में प्रवेश पर रोक लगाने के निर्णय की घोषणा की।

यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक निर्देश के अनुसार, पाकिस्तान के झंडे वाले किसी भी जहाज को भारतीय बंदरगाहों पर जाने से रोक दिया गया है, जबकि भारतीय झंडे वाले जहाजों को भी पाकिस्तान के बंदरगाहों पर ठहरने से रोक दिया गया है।

सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि यह आदेश 'सार्वजनिक हित में और भारतीय जहाजरानी के हित में भारतीय संपत्तियों, कार्गो और संबंधित बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए' लागू किया गया है। यह निर्देश तुरंत प्रभावी हो गया है और अगली सूचना तक लागू रहेगा। जबकि सरकार ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाएं को स्थगित कर दिया है।

संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने इस संबंध में आम लोगों के लिए एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाओं को स्थगित कर दिया है। इसमें वायु मार्ग भी शामिल है।

**टिकैत से...** हरेंद्र मलिक भी पहुंचे। किसानों में भारी आक्रोश था। मंच से लगातार वक्ता कह रहे थे कि यह श्री टिकैत पर नहीं पूरी किसान बिरादरी पर हमला है। वक्ताओं का कहना था कि जन आक्रोश रैली में जो अभद्र व्यवहार श्री टिकैत के साथ हुआ वह सोची समझी साजिश का हिस्सा है। प्रशासन इसकी जांच कराए। जीआईसी मैदान में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तथा किसानों के लिए लंगर की व्यवस्था भी थी। सभी एक स्वर में कह रहे थे कि श्री टिकैत के साथ जो अभद्र व्यवहार हुआ है उसका बदला लिया जाएगा।

**रोका जा सकता...**

गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगा दी गई थी, जिससे अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों सहित 59 यात्रियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे और दो महीने तक जारी रहे। ड्यूटी में लापरवाही के कारण 9 पुलिस कर्मियों को एक मार्च 2002 को सस्पेंड कर दिया गया था। सके बाद उनके खिलाफ विभागीय जांच की गई और नवम्बर 2005 में उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके खिलाफ अपील की, लेकिन लोकल कोर्ट ने अपील खारिज कर दी।

इस पर इन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका लगाने वाले इन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी साब. रमती एक्सप्रेस ट्रेन में थी। गुलाबसिंह झाला, खुमानसिंह राठौड़, नाथाभाई डाभी, विनोदभाई बिजलभाई, जबीर हुसैन शेख, रसिकभाई परमार, किशोरभाई परमार, किशोरभाई पाटनी और पुनाभाई बारिया।

# पहलगाम टिप्पणी को लेकर महबूबा ने फारूख अबदुल्ला की आलोचना की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को एक राजनीतिक विवाद तब खड़ा हो गया जब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर कश्मीरियों पर कथित आरोप लगाने वाले चिता. जनक बयान देने का आरोप लगाया।

नेकां ने पलटवार करते हुए कहा कि डॉ. अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों को दोष नहीं दिया और सुश्री मुफ्ती के बयान को चौंकाने वाला बताया। विवाद तब शुरू हुआ जब सुश्री मुफ्ती ने 'एक्स' पर डा.अब्दुल्ला के कथित बयान को लेकर उनकी आलोचना की। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि डा. अब्दुल्ला का बयान, जिसमें कश्म. ीरियों को पहलगाम हमले से जोड़ा गया, बेहद चिताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान नफरत फैलाने वाले नैरेटिव को बढ़ावा देता है, कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का जरिया बनता है, खासकर जब बाहर पढ़ रहे छात्र और व्यापारी पहले से ही हमलों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीरी नेताओं को पहलगाम आतंकवाद हमले के शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने लोगों से मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ भड़कने से बचने की अपील की थी। सादिक ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि सीएम रह चुका कोई इंसान इतना नीचे गिर सकता है। डा.अब्दुल्ला ने अपने बयान में कहीं भी 'कश्मीरी' या 'स्थानीय लोगों' का जिक्र नहीं किया।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को स्वतंत्र कराएं: शिवसेना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर शिवसेना (यूबीट) के अध्यक्ष मनीष साहनी ने कहा है कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाकर ही राज्य में शांति बहाली और आतंकवाद का खात्मा संभव हो सकता है। श्री साहनी ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी मांग की कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर द्धपीओके ऋको मुक्त कराकर जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्रसिधु जल संधि का पानी रोके जाने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है और इसीलिए बिना समय गंवाए भारत सरकार को पाकिस्तान की धमकियों के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महिलाओं ने पीतल के सिक्के सोने के बताकर ठगे साढ़े आठ लाख रुपये

## रिटायर्ड बिजली कर्मचारी की पत्नी को बेहद चालाकी से बनाया ठगी का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** घी बेचने के बहाने घर में घुसीं राजस्थान की दो महिलाओं ने पीतल के सिक्कों को सोना का बताकर विद्युत विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी की पत्नी से से आठ लाख 40 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना की जानकारी होने पर होश उड़ गए। मामले की तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस ने घटना की जांच कर कार्रवाई करने भरोसा दिया है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बैंक कॉलोनी निवासी रामौतार शर्मा विद्युत विभाग के कर्मचारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनका पुत्र आशीष शर्मा बस्ती मार्ग पर स्पोर्टस के सामान की दुकान करता है, जबकि उनकी मां उमा शर्मा गृहणी हैं। घटना के मुताबिक एक मई की दोपहर करीब तीन बजे राजस्थान की दो महिलाएं और एक बच्चा घी बेचने के बहाने उनके घर पर पहुंचे। उमा शर्मा ने घर में बुलाकर काफी देर तक घी चेक करते हुए अपने समधी को घी दिलवाया। इसी दौरान इन दोनों महिलाओं ने उमा शर्मा से कहा कि रानी मां हमारे पास सोने के कुछ सिक्के हैं जो, खोदाई की दौरान मिले हैं। इन सिक्कों को एक मुस्लिम बाबा खरीदने के लिए पीछे पड़ा हुआ है लेकिन, हम उसे देना नहीं चाहते हैं। आप भली महिला हैं, इसलिए दस लाख रुपये में आप ली ले लो। उमा शर्मा उन महिलाओं के झांसे में आ गईं और उन्होंने महिलाओं से सिक्के लेकर आठ लाख 40 हजार रूपये दे दिए। उमा शर्मा ने इस बारे में किसी भी परिजन को नहीं बताया, लेकिन उसी दिन से उमा शर्मा काफी परेशान थीं, यह देखकर पुत्र आशीष शर्मा ने पूछा तो उन्होंने शनिवार को रोते रोते यह जानकारी दी। यह सुनकर सभी अवाक रह गए। अपनी तसल्ली के लिये एक ज्वैलर्स की दुकान पर सिक्के चेक कराए गए तो वे पीतल के निकले। इसके बाद तो सभी परिजनों को बुरा हाल है। उमा शर्मा ने पुत्र के साथ थाने जाकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।



गजरौला। महिलाओं द्वारा दिए गए सिक्के दिखातीं उमा।

### सौ की संख्या में हैं सिक्के

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महिलाओं द्वारा उमा शर्मा को दिए गए सिक्कों को गिनकर देखा गया तो उनकी संख्या लगभग सौ निकली। वे आकार में बहुत ही छोटे हैं, जैसे कभी पूर्व में 25 पैसे (चवन्नी) का सिक्का चलता था। इन सिक्कों का रंग सोने की तरह बिल्कुल पीला और किसी प्रिंस की आकृति भी बनी हुई है। देखने में तो ये सिक्के सहज ही सोने जैसे लगते हैं मगर जब ज्वैलर्स के यहां दिखवाया गया तो सिक्कों की सच्चाई सामने आई।

### पति हैं बीमार, पेंशन पर लिया था साढ़े पांच लाख का लोन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ठगी गई रकम में से लगभग साढ़े पांच लाख रूपये उमा शर्मा ने पति रामौतार शर्मा की पेंशन पर अभी लोन से लिया था, जबकि शेष पैसे उनके पुत्र आशीष शर्मा की दुकान के थे। लोन के पैसों से पति का उपचार आदि व अन्य जरूरी काम करने थे, लेकिन टप्पेबाजी करने वाली महिलाएं उन्हें ठग कर सारी धनराशि ले गईं। इस घटना के बारे में जो, सुन रहा है, वह ही अचंभित हो रहा है। बता दें कि महिलाएं पिछले कई दिन इस मोहल्ले में घूम रहीं थीं और उमा शर्मा से मिलती थीं। शुरूआत के कुछ दिन तो उन्होंने केवल घी खरीदने के बारे में कहा, मगर कुछ दिन में संवाद बढ़ जाने के बाद उन्होंने यह पैंतरा चला। एक दो दिन तो उन महिलाओं ने भूखे होने का वास्ता देकर उमा शर्मा के घर पर खाना भी खाया। महिलाओं ने उमा शर्मा को स्वयं के राजस्थानी होने, और वर्तमान में भानपुर फाटक के पास अपने कुनबे के लोगों के साथ रहने की कहानी सुनाई थी। कहा कि था इन दिनों वे गर्मी अधिक होने के कारण यूपी में आ जाते हैं।

# पिता-पुत्र समेत चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

### बीते दिन बेटों को बचाने आए पिता की हुई थी हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगांवा सादात। अहलेदादपुर खुर्द गांव में किसान को लाठी-डंडों से पीटकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने पिता और दो बेटों समेत चार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। मृतक के बेटों का इलाज चल रहा है।

शुक्रवार सुबह करीब सात बजे पड़ोसी जोगिंदर सिंह ने अपने बेटे ओमवीर, सनी और महेश के साथ मिलकर भरतराम के बेटे प्रीतम और जयविंदर के साथ मारपीट शुरू कर दी। बेटों के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर भरतराम सिंह मौके पर पहुंचे और बीचबचाव कराने की कोशिक करने लगे। इस बीच दबंगों ने उन पर भी हमला कर दिया। उन्हें लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। भरतराम सिंह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। जबकि, मारपीट में पीतम और जयविंदर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने पथराव भी किया। ग्रामीणों की भीड़ जमा होने पर आरोपी भाग गए। परिजन गंभीर रूप से घायल भरतराम, पीतम और जयविंदर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही भरतराम सिंह की मौत हो गई। प्रीतम और जयविंदर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में मृतक के बेटे नेपाल की तहरीर पर पड़ोस में रहने वाले जोगिंदर सिंह, उसके बेटे ओमवीर, सनी और महेश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बीच सड़क पर भाजपा नेता ने सीएमओ से की धक्का-मुक्की

### अल्ट्रासाउंड सैंटर सील करने को लेकर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करने पर भाजपा नेता पिंटू भाटी बीच सड़क पर सीएमओ से भिड़ गया। उन्होने आरोप लगाया कि वह सैंटर चलवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को हर महीने रिश्वत देते हैं। हंगामा होने के बाद सीएमओ ने कई अन्य अल्ट्रासाउंड सेंटेरों को सील कर दिया। सीएमओ की कार्यवाही से अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालक ताले डालकर फरार हो गये।

शनिवार को सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह ने रहरा रोड स्थित गंगा अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी करते हुए उसे सील कर दिया। सीएमओ सील करने के बाद जब संभल बस स्टैंड के समीप पहुंचे तो भाजपा नेता पिंटू भाटी ने उन्हें रोक लिया। उसके बाद भाजपा नेता एवं सीएमओ में बीच सड़क पर जमकर नोक झोक



होने के साथ ही धक्का मुक्की भी होने लगी। जिससे वहां पर काफी हंगामा खड़ा हो गया। भाजपा नेता पिंटू भाटी ने आरोप लगाया कि वह अल्ट्रासाउंड सैंटर चलाने के बदले हर महीने स्वास्थ्य विभाग को मोटी रिश्वत देते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि नगर के अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ चेकिंग की जाये। स्वास्थ्य विभाग को अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासॉउन्ड सेंटरों को सील करना होगा। उसके बाद सीएमओ ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के सिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर, श्री राम अल्ट्रासाउंड सेंटर, सहारा अल्ट्रासाउंड सेंटर, सुपर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। सुपर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करते समय वहा पर भी सीएमओ को संचालक ने चेतावनी दे दी कि यदि भाजपा नेता के अल्ट्रासाउंड सेंटर को खोला गया तो वह चुप नहीं बैठेंगे तथा अभी सील तोड़ देंगे। छापेमारी के दौरान भारी हंगामा होता रहा। सीएमओ सत्यपाल सिंह बताया कि पांच अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया है। अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालकों से कल तक अमरोहा आकर तैनात चिकित्सक व स्टाफ को लेकर आने को कहा गया है। अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ आगे भी ऐसे ही अभियान चलता रहेगा। इस दौरान घंटों तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

### भाजपा नेता के दबाव में आये सीएमओ

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भाजपा नेता से नोकझोंक होने के बाद सीएमओ इतने दबाव में आ गये कि उन्होंने भाजपाइयों को ही अपनी गाड़ी में बैठा लिया। उसके बाद भाजपाई नगर में चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कराने के लिए सीएमओ के साथ निकल पड़े। सीएमओ की गाड़ी में भाजपा नेता का बैठकर अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ कार्यवाही करवाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### बंद सैंटर को सील करना नहीं गुनाह

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सीएमओ सत्यप्रकाश ने जिस समय नगर के अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापामारी की उसके बाद अन्य सेंटरों के संचालक बंद कर मौके से फरार हो गये। झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के सामने स्थित साई अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं रहरा रोड पर सुपर अल्ट्रासाउंड सेंटर के शटर बंद होने के बावजूद सीएमओ ने सील करवा दिया। इसको लेकर अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर के संचालक की जमकर नोकझोंक हो गई। जब के सीएमओ का कहना था कि बंद अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करना कोई गुनाह नहीं है।



हसनपुर। मेडिकल स्टोर संचालक की मौत पर विलाप करते परिजन।

# मेडिकल संचालक ने फांसी लगाकर जान दी

### परिजनों में मचा कोहराम, रो रोकर हुआ बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मेडिकल संचालक का शव उसके ही घर से 50 मीटर की दूरी पर आम के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका मिलने से सनसनी फैल गई।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर खुर्द निवासी 35 वर्षीय नौरंग पुत्र चेतराम का शव शनिवार की सुबह स घर से 50 मीटर की दूरी पर आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला। जिससे परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना



पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रियंका मासूम बेटे विनीत तथा बेटी वंदनी और निधि को रोते-बिलखते छोड़ गया है। परिजनों के मुताबिक मृतक पर काफी कर्ज था। माना जा रहा है की कर्ज के चलते परेशान होकर मेडिकल संचालक ने फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि मामला सुसाइड का है। जिसमें मृतक द्वारा एक सुसाइड नोट छोड़ गया है। जिसमें लिखा है मेरे ऊपर 11 लाख का कर्ज है। मेरे घर वालों को परेशान ना किया जाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# किसान के प्लॉट पर कब्जे का प्रयास

### विरोध करने पर किसान को पीटा, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दबंगों ने किसान के प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर मारपीट की। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ला अहमदनगर में नौशाद का परिवार रहता है। उन्होंने 72 मी का एक प्लॉट सावित्री खरीदा है। सावित्री से पहले चंद्रावती का नाम फर्द में चल रहा था। सावित्री का बैनामा दाखिल खारिज हो चुका था। वह पूर्ण रूप से प्लॉट पर काबिज है। लेकिन, उस प्लॉट पर जकाउल उर्फ बब्बू, महक, अजीज, फातिमा, नसीम बानो अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं। यह बात नौशाद ने मोहल्ले के सभ्रांत लोगों को बताई तो आरोपी रंजिश रखने लगे। 15 मार्च की दोपहर दो बजे नौशाद किसी काम से बिजनौर रोड से गुजर रहे थे। तभी जकाउल उर्फ बब्बू, उसकी पत्नी महक, नसीम बानो, अजीज, फातिमा व दो अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की। आरोपियों ने जबरदस्ती प्लॉट पर कब्जा करने की बात कही। इतना ही नहीं प्लॉट पर जाने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित नौशाद ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा, उन्होंने न्यायालय की शरण ली। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में सीजेएम के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत

### बाइक पर सवार होकर लौट रहा था घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बीती रात्रि बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे राजमिस्त्री की बाइक में सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार राजमिस्त्री की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। रोते-बिलखते परिजन भी सीएचसी पहुंच गये।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बसेड़ा खुर्द निवासी 35 वर्षीय बलवंत पुत्र शेर सिंह राजमिस्त्री का कार्य करता था। शुक्रवार की देर रात वह बाइक पर सवार होकर हसनपुर से अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक करनपुर गांव के नजदीक पहुंची तो अचानक सामने से आ रही ट्रैक्टर



ट्राली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार बलवंत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई। जहां कई घंटे की मशक्कत के बाद मृतक की शिनाख्त हो सकी। घटना के बाद सूचना पर परिजन भी रोते-बिलखते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा तथा दो बेटे तथा दो बेटियों को छोड़ गया है। वह राजमिस्त्री का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया गया है परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# पानी भरने पर मां-बेटी को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** युवती को सबमर्सिबल से पानी भरना महंगा पड़ा। युवकों ने युवती की पिटाई की दी जबकि विरोध करने पर मारपीट भी की गई। बीच बचाव को पहुंची मां के साथ भी मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव कपसुआ की है। यहां की रहने वाली काजल पुत्री गुडडू सिंह पड़ोसी देवेन्द्र के सबमर्सिबल से पानी भर रही थी। इस दौरान वहां राकेश देवी, रवि, भोले व मनीष पहुंच गए। उनसे बिना पूछे पानी भरने का विरोध किया तथा गाली गलोच की। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की गई। चीख पुकार मचने पर काजल की माता गीता देवी भी बीच बचाव को पहुंची। जिनके साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने मारपीट के मामले में कार्रवाई की बात कही है।



रहरा। हादसे में युवक की मौत पर विलाप करती महिलाएं।

### दबंगों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का भी आरोप

# बारातियों से मारपीट में प्रधान समेत पांच पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** बारातियों के साथ मारपीट करने में दलित बेटी के पिता ने दबंगों पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए प्रधान सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

क्षेत्र के गांव नवाबपुरा भूड़ में दो दिन पहले रोहताश की पुत्री की शादी थी। जिसकी बारात हसनपुर क्षेत्र के गांव दीपपुर से आई थी। सांय के समय बहु को विदायगी के बाद बस से अपने गांव दीपपुर के लिए जा रहे थे। आरोप है कि जैसे ही बारात ग्राम लिसडी खुर्द के निकट पहुंची तो यहां लिसडी के ही ग्राम प्रधान पति राकेश कुमार, राजेंद्र, जितेंद्र व हुकमसिंह ने बारात की बस को रोक लिया व बस चालक व वारातियों के साथ मारपीट की गई। सूचना पाकर नवाबपुरा से बेटी का पिता रोहताश व उनका भाई कुलवंत भी घटनास्थल पर पहुँच गए। उन्होंने भी दबंगो पर मारपीट व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। हरकत में आई पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई की बात कही है।

# पिकअप की टक्कर में युवक की मौत, भाई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव खुंगावली से दो बाइक कौशिन्द्र एवं अर्जुन पुत्र जगपाल सिंह निवासी सुतावली की मढैयो से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हाकमपुर पैट्रोल पम्प के नजदीक पहुंची तो सामने से आ रही अनियंत्रित पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गयें सूचना पर पीआरवी ने घायल भाईयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रहरा में भर्ती कराया। जहां सीएचसी प्रभारी डा. शशांक चौधरी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सैंटर रैफर कर दिया।



गजरौला के नजदीक पहुंचने से पहले ही कौशिन्द्र ने दम तोड़ दिया। मृतक कौशिन्द्र अपने पीछे पत्नी अजयवती व तीन बच्चे छोड़ गया हैं थानाध्यक्ष सुकर्मपाल राणा ने बताया कि मृतक चाचा बलेश पुत्र नानकचंद की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गजरौला से दावत खाकर लौट रहे थे घर

# चार चोरों से चोरी की छह बाइकें बरामद

## शहर कोतवाली पुलिस को मिली सफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। चार चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की छह बाइक बरामद की है। पुलिस ने सभी को न्यायालय भेज दिया है।

सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि जिलेभर में बाइक चोरी की कई घटना हुई थीं। इस संबंध में नगर कोतवाली पुलिस ने पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन की। इंस्पेक्टर पंकज तोमर के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को रजबपुर थानाक्षेत्र के जलाल. पुर कलां निवासी देवेश उर्फ गुड्डू, संभल जनपद के बनियाठेर थानाक्षेत्र के कासमपुर जगरूप निवासी प्रिंसपाल उर्फ प्रिंस, असमोली थानाक्षेत्र के अखवंदपुर निवासी लोकेश और गजरौला के शकरपुर गांव निवासी रितिक को गिरफ्तार किया है। सभी की निशानदेही पर चोरी की छह बाइ. कों बरामद हुईं। पूछताछ के दौरान आरो. पियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बाइक चोरी करना कबूल किया है। यह लोग बाइक चोरी कर मुनाफा कमाकर बेच देते हैं। इसमें देवेश उर्फ गुड्डू के खिलाफ नौ मुकदमे दर्ज पाए गए हैं। जबकि प्रिंसपाल उर्फ प्रिंस पर तीन मुकदमे दर्ज हैं। सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।



अमरोहा। चोरी की बाइकों के साथ पकड़े गये चोर पुलिस हिरासत में।

# दो भाईयों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

## गंभीर हालत में मेरठ रैफर, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** खेत पर जाते समय दो सगे भाइयों ने युवक पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। घटना को अंजाम पुलिस बैरियर के निकट दिया। परि. जनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मारपीट व हत्या की कोशिश के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला अहमदनगर में किसान राम प्रसाद का परिवार रहता है। शुक्रवार को उनका बेटा विक्की खेत पर जा रहा था। जैसे ही कांठ रोड स्थित बैरियर के निकट पहुंचा तभी, यहां पहले से मौजूद मुक. ेश और मोनू ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। जान से मारने के नियत से धारदार हथियार से वार किया। इस दौरान विक्की लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी मुकेश और मोनू घटना को अंजाम देकर मौके से भाग निकले। थोड़ी देर बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और गंभीर रूप से घायल विक्की को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां विक्की की हालत नाजुक बनी हुई है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में घायल विक्की के भाई जितेंद्र की तहरीर पर मुकेश और मोनू के खिलाफ हत्या की कोशिश व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घायल का एक दिन पहले मुकेश और मोनू से झगड़ा हुआ था। बस इसी बात की रंजिश को लेकर घटना को अंजाम दिया है।

# इंटर व हाईस्कूल के टॉपर्स को किया सम्मानित

## रोटरी क्लब ने वितरित की साइकिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** रोटरी क्लब हसनपुर आस्था द्वारा चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इटर कालेज रहरा में उ०प्र० बोर्ड परीक्षा 2025 हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को साईकिल वितरण व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गर्वनर (2025-26) रोटरी मण्डल 3100 रो० नितिन कुमार अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि रो० राजीव अग्रवाल, रो० पुनित कुमार अग्रवाल व अन्य रोटेरियन सदस्यों ने माँ सरस्वती के सामने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में विद्यालय में कु० अनामिका प्रथम, कु० खुशबू द्वितीय, कु० महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में कु० आंचल व कु० नुजहत ने प्रथम, कु० सानिया ने द्वितीय, कु० साक्षी व इरम रहनुमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी स्थान प्राप्त छात्राओं को रोटरी क्लब हसनपुर आस्था के द्वारा साईकिल देकर सम्मानित किया गया। इण्टरमीडिएट व हाईस्कूल की टॉप टेन छात्राओं को बैग देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 9 व 11 में प्रथम स्थान प्राप्त छात्राओं को 1100-1100 रूपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रबन्धिका श्रीमती सुमन त्यागी व प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा ने सभी रोटेरियन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुभाष त्यागी, रो० विनोद कुमार सक्सैना, रो० सुनील कुमार भटनागर, रो० सत्यवती सक्सैना, रो० डा० तीर सिंह सिरोही, रो० नेहा सक्सैना, रो० जया सिरोही मौजूद रहे।

# नवागत ईओ का फूल मालाओं से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शनिवार को गजरौला नगर पालि. का परिषद के कार्यालय सभागार में ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) से स्थानांतरित होकर आए नवागत ईओ ललित कुमार आर्य का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

**■ ठाकुरद्वारा से स्थानांतरित होकर आए हैं ईओ**

बता दें कि पूर्व में तैनात रहीं ईओ दीपिका शुक्ला का पालिका के कुछ सभासदों एवं पालि. काध्यक्ष से विवाद हो गया था। इसके बाद शासन ने उन्हें लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध कर मंडी धनौरा की एसडीएम चंद्रकांता को पालिका में ईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया था। पालिका में स्थायी ईओ नहीं होने के कारण नगर के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे थे। पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने बताया कि अब शीघ्र ही रुके सभी कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाएगा। इस



मौके पर नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, प्रमोद सागर, ललित कुमार, अजय गोस्वामी, महेश मेट, जयचंद मेट, रविंद्र सिंह, कपिल कुमार, अक्षय शुक्ला, इरशाद अहमद, वंदना अग्रवाल, शुभम सिंघल, विभोर जिंदल, रामपाल व्यास, वंशिक चौहान, नदीम खान, सभासद अरकान आलम, दीपू कुमार, योगेश कुमार, ओमप्रकाश, रितिक सिंघल, गौरव कुमार, दुष्यंत, दिनेश सैनी, यशवीर, नीतू, अमित गौतम, सुमित, कपिल भटनागर, वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# इलायची की हत्या में पुलिस के हाथ खाली

## कई बिन्दुओं पर जांच कर रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** हनीफ उर्फ इलायची की हत्या का खुलासा करने के लिए पुलिस अनेको बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। सीओ के नेतृत्व में पुलिस की कई टीमे हत्या का खुलासा करने के लिए जुटी हुई है।

नगर के मुहल्ला होली वाला हिरन वाला निवासी 72 वर्षीय हनीफ उर्फ इलायची पुत्र अब्दुल वहिद का शव उसके घर में डबल बेड के बक्से में सड़ी हुई अवस्था में मिला था। अनुमान लगाया जा रहा है कि कातिलों ने चार या पांच दिन पहले हनीफ उर्फ इलायची की हत्या कर उसके हाथ पैर बांधने के बाद डबल बैड के बक्से में लाश को रख दिया था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के अलावा सीओ एसओजी सर्विलांस व कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया था। हमीफ उर्फ इलायची अपने बच्चों से अलग रह रहा था। बताया जाता है कि उसने अपनी पत्नी व बच्चों को घर से निकाल दिया था। पहली पत्नी को भी उसने छोड़ दिया था। इस मामले में पुलिस हनीफ उर्फ इलायची के परिजनों के अलावा उनके रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रही है। हनीफ उर्फ इलायची कोतवाली में हिस्ट्रीशीटर रहा है। पुलिस उस नजरिये से भी उसकी हत्या की जांच कर रही है। पुलिस कई सट्टे का कारोबार करने वाले लोगों से भी पूछताछ कर रही है। सूत्रों की बात पर विश्वास किया जाये हनीफ उर्फ इलायची ने बैंक से ई रिक्शा लाने के लिए पैसे निक. ाले थे। इसको लेकर उनकी रिश्तेदारों से कहा सुनी भी हुई थी। पुलिस हनीफ उर्फ इलायची की हत्या का खुलासा करने के लिए कई बिंदुओं पर गहन जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि वह जल्द हनीफ उर्फ इलायची की हत्या का खुलासा करेगी।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से मजबूत होगा लोकतंत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** नगर के निशा पैलेस में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के समर्थन में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन भाजपा के जिला महामंत्री राकेश वर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा विनीत अग्रवाल

**■ निशा पैलेस में व्यापारी सम्मेलन आयोजित**

शारदा ने कहा कि देश में आजादी उपरांत उस समय तक एक चुनाव हुआ करते थे, लेकिन उस समय की तत्कालीन सरकार ने अपने स्वार्थ के लिए देश की जनता का गला घोंट दिया और समय-समय पर अलग-अलग चुनाव कराने लगी। लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव, जिला पंचायत चुनाव, नगर निगम चुनाव, अलग-अलग समय पर होने लगे और जनता का विश्वास लोकतंत्र से हटने लगा। उन्होंने कहा कि अरबों रुपए को टैक्स देने वाले व्यापारियों की गाढ़ी कमाई चुनावों में चली गई। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में होने वाले लोकसभा व विधान सभा के चुनाव को एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित किया है, उसके लिए समाजिक स्तर पर जन समर्थन जुटाने के लिये हम सभी को एकजुट होना चाहिये। कहा



कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई जो 18000 पन्नों की रिपोर्ट सौपी गई, जिसमें से 47 राजनीतिक दलों ने उसका समर्थन किया और 14 राजनीतिक दलो जैसे सपा, बसपा, कांग्रेस, ममता सरकार, केजरीवाल सरकार, तमिलनाडु सरकार आदि ने इनका विरोध किया। यह औरंगजेब गौरी की मानसिकता के लोग हैं, जबकि हम श्रीराम को मानने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के एक साथ होने से प्रशासनिक और आर्थिक खर्चों से निदान होगा। इस मौके पर व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद गुप्ता, अनिल जैन, कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री राकेश वर्मा, उदयगिरि गोस्वामी, बृजेश चौधरी, शशि जैन, पंडित कपिल शर्मा, पंडित विशाल गोयल, सुभाष शर्मा, हरीश अरोड़ा, समीर खान, कमर नकवी, सुबोध रस्तोगी, विशाल गोयल, अंकित बंसल, ऋषि चौहान, शशि प्रकाश अग्रवाल, कमर नकवी, अनिस अहमद आदि मौजूद रहे।

# ओवररेट को लेकर वाइन शॉप पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हसनपुर मार्ग स्थित कंपोजिट शराब की दुकान पर सेल्समैन और ग्राहक के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। आसपास के लोगों की भीड़ भी लग गई। काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रहने के बाद पुलिस को घटना की भनक नहीं लगी। शराब की दुकानों पर ओवररेट को लेकर आए दिन विवाद की खबरें आती रहती हैं, लेकिन फिर भी इस प्रकार की घटनाएं समाप्त होने का नाम नहीं ले रहीं। शुक्रवार की रात को लगभग साढ़े नौ बजे के लगभग एक व्यक्ति शराब खरी.

**■ हसनपुर मार्ग स्थित दुकान पर हुई घटना**

दने चौपला स्थित कंपोजिट दुकान पर पहुंचा। यहां से शराब खरीदी, पैसे पूछने पर सेल्समैन ने दस रूपये अधिक बताए। जिस पर ग्राहक ने ओवररेट देने से मना किया और अपने साथ के जानक. ारों को भी बुला लिया। काफी देर तक सेल्समैन और ग्राहक के बीच नोंकझोंक होती रही। दुकान पर काफी लोगों की भीड़ भी लग गई। बता दें कि पूर्व में भी ओवरेटे को लेकर अनेकों घटनाएं हो चुकी हैं, मगर स्थिति ज्यों की त्यों है।

## अब्बासी कालेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नायाब अब्बासी पी० जी० कालिज में रविवार को इंटर स्तर की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष फिरोज कमाल अब्बासी ने इस वर्ष इंटर मीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक लाकर सफल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाये देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अनुतीर्ण अभ्यर्थियों को हौसला देते हुए कहा कि नई ऊर्जा से तैयारी करें सदैव आशावादी जीवन व्यतीत करें।

# नवदुर्गा मन्दिर के वार्षिकोत्सव पर हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** प्राचीन नवदुर्गा मन्दिर महादेव के वार्षिकोत्सव पर हवन भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओ ने परिवार में सुख शांति के लिए यज्ञ का आहुतियां दी।

शनिवार को नवदुर्गा मन्दिर महादेव का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह माता रानी के नौ स्वरूपों का विशेष श्रंगार कर महा आरती की गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों मे नारियल, चुंदरी, फूल प्रसाद चढ़ाकर सुख सम्रद्धि की कामना की। मन्दिर के महंत हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि माता रानी के चरणों मे जो भी अरदास लगाता है उसकी मनोक. ामना अवश्य पूर्ण होती है। अपराह्न मन्दिर में भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शिवकुमार त्रिवेदी, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, श्यामसुंदर वर्मा, विजय रस्तोगी, अर्पित गर्ग, सुमित अग्रवाल, मनोज वर्मा, नवनीत वर्मा, मीरा वर्मा, नीरू वर्मा, सीमा शर्मा, किरण गर्ग, अनीता वर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

## भगवान परशुराम के जयकारों से गूंजा वातावरण

# भव्य शोभायात्रा ने लोगों का मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के बस्ती स्थित स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क से हुआ। शनिवार की शाम को सभा के पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना करके शोभायात्रा प्रारंभ कराई। वक्ताओं ने कहा कि हमें भगवान परशुराम के दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिये। समाज के कमजोर लोगों की सहायता करनी चाहिये। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी समेत भगवान शंकर, भगवान श्री कृष्ण, भगवान श्री राम, नंदी समेत आठ दस झांकिया सम्मिलित रहीं। रंगीन रोशनी में शोभायात्रा की आभा देखते ही बन रही थी। साथ में चल रहे बैंड बाजे व डीजे से भक्ति के गीत बज रहे थे। भगवान परशुराम के अनुयायी उनके

**■ जगह जगह पुष्पवर्षा से किया गया स्वागत**

जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा पार्क से प्रारंभ होकर अवंतिकानगर, इंदिरा चौक, रेलवे स्टेशन चौक, चौपला आदि होते हुए पुनः इन्हीं मार्गो से वापस होकर लौटी। लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों से बाहर निकलकर झांकियों का अवलोकन किया और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। लगभग रात दस बजे शोभायात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर देवेश शर्मा, डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, पूर्व चेयरमैन रोहताश कुमार शर्मा, डॉ.प्रदीप कुमार शर्मा, डॉ.रविभूषण शर्मा, रोहित शर्मा, प्रमोद उपाध्याय, वीके शर्मा, नागेश शर्मा, महेश चंद्र शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, विवेक त्यागी, देवराज शर्मा, दीपक शर्मा, निश्चल शर्मा, पंडित मुनेश कुमार शर्मा, आदेश शर्मा, पीयूष त्यागी, निगम वर्मा, लोकेश शर्मा आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस साथ रही।



गजरौला। शोभायात्रा में शामिल भगवानपरशुराम की झांकी।

# प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने से हमें मिलती है देश दुनिया की खबर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**जोया।** एएसएम मॉडर्न एकेडमी खाता में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 5 की छात्रा फागुनी ने

**■ एएसएम मॉडर्न एकेडमी में कार्यक्रम आयोजित**

न्यूजपेपर से बनी कॉस्ट्यूम को पहनकर माइक पर बोलते हुए सभी का ध्यान आकृष्ट किया और न्यूजपेपर की महत्ता बताई। कहा



कि प्रतिदिन समाचार पत्र (न्यूजपेपर) पढ़ने से हम रीडिंग और स्पीकिंग स्किल्स को इंप्रूव करने के साथ-साथ जनरल नॉलेज से भी अपडेट रह सकते हैं। स्पर्शिका ने बताया कि मीडिया के लोगों को उनके काम के लिए सम्मान और समर्थन दे सकते हैं। एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट रविंद्र कुमार ने बताया कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आर्टिकल 19(1) के महत्व को उजागर करना है। इस मौके पर प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने भी विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के बारे में विस्तार से बिंद. ुवार जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम का संचालन एएनओ लेफ्टिनेंट रविंद्र कुमार ने किया।

# ई-रिक्शा चोरी करने वाले गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना गजरौला पुलिस ने वाहन व ई-रिक्शा चोरी करने वाले तीन सदस्यीय गैंग का खुलासा किया। इनके कब्जे से चोरी हुए ई-रिक्शा के कल पुर्जे बरामद हुए। पुलिस ने तीनों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए चालान करके कोर्ट में प्रस्तुत किया। शनिवार को दोपहर के समय पुलिस चैकिंग कर रही थी, इसी बीच रामतलैया मन्दिर के पास से युसुफ सलमानी पुत्र रहीश अहमद निवासी



सलेमपुर रोड गजरौला, वसीम पुत्र शकील निवासी मौ0 नई वस्ती गजरौला व जावेद उर्फ भूरे पुत्र अनीस अहमद निवासी रायपुर खुर्द थाना अमरोहा देहात जिला अमरोहा को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी हुई ई-रिक्शा के तीन टायर मय रिम व दो सौकर व अगले हैण्डिल, एक मोटर इलैक्ट्रोनिक पिछले हिस्से का हव सहित व मयूरी की ऊपरी बॉडी व सीट व एक प्लेट, 04 बैट्र व स्टील की ग्रिल बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त आर्थिक लाभ लेने हेतु एक साथ वाहन (ई-रिक्शा आदि) चोरी करते हैं। बताया कि बरामद हुए ई-रिक्शा(कलपुर्जे) सब्जी मण्डी थाना गजरौला से चोरी की गयी थी।

# अपनी मांगों को लेकर संविदा कर्मचारियों का जारी रहा धरना-प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**इस्लामनगर।** विद्युत उपकेंद्र इस्लामनगर पर अपनी मांगों को लेकर संविदा कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन । उनकी मांगे है की उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन एवं इसके सहयोगी निगमों द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों का लेबर का अनुबंध कर लाइनमैन, उपकेन्द्र परिचालन आदि जैसे घातक व तकनीकी कार्य कराया जा रहा है, वेतन भुगतान में भेदभाव करते हुए सैनिक कल्याण निगम से तैनात कर्मचारियों का अनुबन्ध लगभग 30,000/- (तीस हजार) का जबकि संविदाकारों के माध्यम समान पदों पर तैनात कर्मचारियों का अनुबन्ध लगभग 13000/- (तेरह हजार) का किया जा रहा है, पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा स्वयं के आदेश दिनांक 15-5-2017 का उलंघन कर 33/11 के वी विद्युत उपकेन्द्र के परिचालन एवं अनुरक्षण कार्य हेतु ग्रामीण विद्युत उपकेंद्रों पर 20 कर्मचारियों के स्थान पर 12.5 कर्मचारियों को तथा शहरी विद्युत उपकेंद्रों पर 36 कर्मचारियों के स्थान पर 18.5 कर्मचारियों को तैनात कर शेष कर्मचारियों कि छंटनी किया जा रहा है एवं स्वयं पर पड़ने वाले भार को रुपया 9000/- वेतन पाने वाले कर्मचारियों पर डालकर फेशियल अटेंडेंस लगाने का दबाव बनाया जा रहा है,55 वर्ष का हवाला देकर बकाए वेतन का भुगतान किए बगैर कार्य से हटाया जा रहा है,बिजली कि चपेट में



आकर या खम्भे से निचे गिर कर घायल हुए कर्मचारियों का कैशलैस इलाज नहीं कराया जा रहा है जिसके कारण बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ के बैनर तले आज तीसरे दिन भी जनपद में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मौके पर धीरेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार डिवीजन अध्यक्ष रंजीत कुमार सोमपाल वेद प्रकाश किशनवीर आसिफ देवेश कुमार नरेश कुमार जगदीश पंडित जी मित्रपाल रूम सिंह साजिद मियां राजेंद्र समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# खेत के किनारे छह बंदरों के शव मिलने से हड़कप

■ जहर देने का आरोप, मुकदमा दर्ज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** थाना उसैहत क्षेत्र के गांव शिंभूनगला में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है गांव के ही खेतिहर इलाके में 6 बंदरों के शव मिलने से गांव में हड़कप मचा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जब हम लोग खेतों की तरफ गए तो वहां एक साथ कई बंदरों के शव बड़े मिले।कुछ बंदर तड़पते हुए और उनके मुंह से झाग निकल रहे थे। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की तहरीर पर पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत थाना पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों को आरोप है कि गांव में बंदरों की बढ़ती संख्या से परेशान लोगों ने उन्होंने जानबूझकर किसी ने जहर दिया है। उसैहत थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि बंदरों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अज्ञात में पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एडीएम व एसपी देहात ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** शनिवार को तहसील सभागार में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम डॉक्टर वैभव शर्मा ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस बीच कुल 45 शिकायतें मौके पर पहुंची। जिसमें चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देकर कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को इसकी सूचना भी दी जाए। इस दौरान ग्राम कुआरेरा निवासी लक्ष्मी पत्नी राजेंद्र सामुदायिक शौचालय में काम करती हैं उन्हें चार माह से वेतन नहीं मिला है। ग्राम नगला हुसैनपुर निवासी चतुर्भुज पुत्र राम भरोसे का आरोप है कि महाराणा प्रताप विद्यालय सुरसेना वाले उसे मार्कशीट और टीसी नहीं दे रही है। इस दौरान एसडीएम राशि कृष्णा, तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार सृजन यादव, एसडीओ विद्युत अमित कुमार, वन क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर शुभ्रा मिश्रा आदि उपस्थिति रहे।

## सफाई कर्मचारी ने सचिव पर रिक्शा ना देने का आरोप लगाते हुए खाया पर विषाक्त पदार्थ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** आसफपुर क्षेत्र के दौलतपुर गांव के सफाई कर्मचारी ने सचिव पर रिक्शा न देने का आरोप लगाते हुए खाया विषैला पदार्थ हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में शनिवार को दौलतपुर गांव में तैनात सफाईकर्मचारी सतीश चंद्र ने मैला ढोने के लिए सचिव पर रिक्शा न देने का आरोप लगाते हुए ड्यूटी के दौरान विषैला पदार्थ खा लिया वहीं सफाई कर्मचारी की हालत गंभीर हो गई वहीं सफाई कर्मचारी को इलाज के लिए बिसौली नगर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है वहीं लाल बहादुर सिंह उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित सफाई कर्मचारी के पास उपकरण टूट गए हैं।

वही सचिव द्वारा सफाई करने के लिए उपकरण की मांग की जाती है तो उपकरण नहीं उपलब्ध कराए जाते हैं जिससे ग्रामीणों द्वारा सफाई कर्मचारी के साथ अभद्रता की जाती है वहीं सफाई कर्मचारी ने छुब्ध होकर विषैला पदार्थ खा लिया है सफाई कर्मचारी की हालत गंभीर बनी हुई है।

## एमएफ हाइवे से फुटपाथ नीचा होने के चलते आए दिन होते हैं हादसे

व्यापार मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन देकर फुटपाथ सही कराने की मांग की

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** जनपद बदायूं के कस्बा बिसौली में मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर सड़क से फुटपाथ नीचे होने पर व्यापार मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन देकर फुटपाथ सही करने की मांग की हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के कस्बा बिसौली में शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बिसौली उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि बिसौली नगर में मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क पर कई बार माल डाला गया है जिसकी वजह से सड़क ऊंची हो गई है और फुटपाथ नीचे हो गए हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और जिससे नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है लोगों को आने-जाने वाले लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है वही मांग है कि फुटपाथो को सही कराया जाए जिससे कि दुर्घटनाओं एवं जाम से निजात मिल सके।

# सालारपुर में क्षेत्र पंचायत की बैठक में पास हुए चार करोड़ 35 लाख के प्रस्ताव

बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी के अनुपस्थित होने पर सदर विधायक ने की कड़ी निंदा

शैलेश कुमार सिंह, शाह टाइम्स

**कुंवर गांव।** सालारपुर ब्लाक में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख विचित्रा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जहां बैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों के आधार पर 4 करोड़ 35 लाख रुपए के प्रस्ताव पारित किए गए वहीं सदर विधायक महेशचंद्र गुप्ता द्वारा क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण के संबंध में सदन को आश्वस्त किया कि आप विकास के प्रस्ताव उपलब्ध कराए धन की कमी विकास के आड़े नहीं आएगी ।बैठक में उपस्थित पशु चिकित्साधिकारी संजीव भुईयार सालारपुर द्वारा क्षेत्र में निराश्रित गौवंशीय पशुओं का संरक्षण करने व उनका टीकाकरण कराने, पशुओं की बीमारी से संबंधित समस्त प्रकार के इलाज मात्र एक फोन कॉल 1962 पर होने संबंधी योजना के बारे में सदन को अवगत कराया गया, वहीं डीसीपीएम निर्विकार सिंह द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में सदन में जानकारी दी गई बैठक में उपस्थित दीपमाला सहायक विकास अधिकारी महिला द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिलाओं को हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया सहायक विकास अधिकारी पंचायत शिव कुमार द्वारा पंचायती राज विभाग की योजनाओं के संबंध में सदन को बताते हुए अवगत कराया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवन संचालित हैं जहां से जनमानस जन्म मृत्यु, आय प्रमाण पत्र,मूल निवास आदि प्रमाण पत्र सुलभता से ऑनलाइन कर सकते हैं बैठक में उपस्थित खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार द्वारा विकासखंड में विकास परक योजनाओं की जानकारी सदन को दी गई मनरेगा का श्रम बजट पढ़कर सुनाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया,वहीं बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा शिकायत की गई कि ग्राम पंचायतों में बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर ड्राई राशन का वितरण संतोषजनक रूप से नहीं हो रहा है जिस पर जानकारी के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी बैठक में अनुपस्थित थे मात्र उनके विभाग की सुपरवाइजर उपस्थित थीं जिन्हें इस संबंध में कोई भी जानकारी नहीं थी जिस पर



सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता द्वारा गहरा रोष व्यक्त करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी सालारपुर के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित करते हुए वस्तुस्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का अनुरोध किया गया बैठक के अंत में ब्लॉक प्रमुख विचित्र देवी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया जहां इस मौके पर बैठक में ग्राम प्रधान शहंशाह, निरंजन पाल ,राजेश पाल ,वीर सिंह, जमशेद ,गिरीश पाल,धीरसिंह, वरिष्ठ लिपिक आकाश सक्सेना मौजूद रहे बैठक का संचालन सहायक विकास अधिकारी शिवकुमार द्वारा किया गया ।

## एक नजर

### सभी तैयारियां पूर्ण, 04 मई को 07 केन्द्रों पर होगी नीट परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि 04 मई को जनपद के 07 परीक्षा केन्द्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यू0जी0) 2025 परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी व शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएगी। सभी तैयारियां व व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। जनपद में कुल 2839 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए नोडल बनाए गए केंद्रीय विद्यालय शेखुपुर के प्रधानाचार्य सम्राट कोहली ने जानकारी देते बताया कि परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एन0टी0ए0) द्वारा आयोजित की जा रही है तथा परीक्षा को सफलतापूर्वक संपादित कराने के लिए एन0टी0ए0 द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी तथा परीक्षा केंद्र पर मोबाइल कैल्कुलेटर, स्मार्ट वाच आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में होगी। सभी 07 परीक्षा केंद्रो पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट को नामित कर दिया गया है। परीक्षा केन्द्र के 500 मीटर की परिधि में किसी भी फोटो कॉपी की दुकान, साइबर कैफे तथा पी0सी0ओ0 आदि परीक्षा के दौरान नहीं खुलेंगी। परीक्षा अपराह्न 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे एक पाली में होगी। परीक्षार्थियों को अपने संबंधित परीक्षा केंद्र पर अपराह्न 1:30 बजे तक पहुंचना होगा। एक परीक्षा कक्ष में अधिकतम 24 परीक्षार्थी बैठने की व्यवस्था होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा केन्द्र केदारनाथ महिला इण्टर कालेज बदायूँ में 480 परीक्षार्थी, एन0एम0एस0एन0दास पी0जी0 कालेज बदायूँ में 480, श्री कृष्णा इण्टर कालेज बदायूँ में 720, पी0एम0 श्री राजकीय इण्टर कालेज बदायूँ में 384, पी0एम0 श्री राजकीय कन्या इण्टर कालेज बदायूँ में 384, पी0एम0 श्री केन्द्रीय विद्यालय शेखूपुर में 288, हाफिज सिददीकी इस्लामियां इण्टर कालेज बदायूँ में 103 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार कुल 2839 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।

### 30 जून तक होगा गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में गन्ना सर्वे का कार्य 01 मई से प्रारम्भ हो चुका है जोकि आगामी 30 जून तक सम्पन्न कराया जाएगा। गन्ना सर्वेक्षण सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में बनाए गए 52 सर्किलों में बनाई गई टीम में 19 राजकीय एवं चीनी मिल के 47 कर्मियों सहित कुल 66 कार्मिक लगाये है।

गन्ना सर्वेक्षण कार्य 54 हैंण्डहेल्ड कंम्प्यूटर के माध्यम से ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जी0पी0एस0) द्वारा होगा। जिनके द्वारा टीम के खेत पर पहुँचने की तिथि और टीम इंचार्ज के नाम व मोबाईल फोन नम्बर की सूचना एस0एम0एस0 के माध्यम से तीन दिन पूर्व किसानों को प्रेषित की जायेगी। उन्होंने बताया कि इसमें राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, चीनी मिल कार्मिक के साथ संबंधित सर्किल के किसान की उपस्थिति अनिवार्य होगी। संबंधित किसानों को अपना घोषणा पत्र स्वयं आनलाइन भरना होगा। विभाग की ओर से चेतावनी जारी की गई है कि जिन किसानों द्वारा आनलाईन घोषणा पत्र उपलब्ध नही कराये जायेगें, उनका सट्टा आगामी पेराई सत्र 2025-26 में कभी भी बंद किया जा सकता है। इस वर्ष सर्वे डाटा सीधे गन्ना विभाग के सर्वर पर एच.एच.सी. से एक्सपोर्ट किया जायेगा, जिसके चलते सर्वे डाटा रियलटाइम सर्वर पर सीधे पोर्ट होगा उसमे किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है, अब की बार केवल पौधे गन्ने का ही सर्वे किया जायेगा, पेड़ी गन्ने व शरदकालीन पौधें का केवल सत्यापन ही किया जायेगा।

### 05 मई को होगा नवीन वन स्टॉप सेन्टर का निर्माण का लोकार्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित निशन शक्ति अम्ब्रेला योजना के अन्तर्गत जनपद बदायूँ में नवीन वन स्टॉप सेन्टर का निर्माण जिला चिकित्सालय (पुरुष), बदायूँ के परिसर में किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस नवीन वन स्टॉप सेन्टर का लोकार्पण मा0 राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली बी०एल०वर्मा के द्वारा 05 मई 2025 को अपरान्ह 01 बजे होना निर्धारित है। उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अधिकारियों को नवीन वन स्टॉप सेन्टर के लोकार्पण सम्बंधित अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का ससमय निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

## भूसा दान करने को प्रेरित करने वाले सचिव को सदर विधायक ने माला पहनाकर किया सम्मानित



अजीत शर्मा ,शाह टाइम्स

**कुंवरगांव।** विकास खंड सालारपुर में ग्राम प्रधान करतोली, सादुल्लापुर भितारा, विछुरैया, मलिकपुर, मुल्लापुर, फरीदपुर नौसना, घटबेहटी, नरखेरा, लाही फरीदपुर व ढकिया के ग्राम प्रधानों द्वारा 500 कुंतल भूसा दान में दिया गया। इसके उपरांत माननीय विधायक द्वारा उपस्थित ग्राम प्रधानों से भूसा दान की अपील करने पर ग्राम प्रधानों ने 750 कुंतल भूसा और दान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉक्टर संजीव भुईयार पशु चिकित्सा अधिकारी ,नितिन कुमार खंड विकास अधिकारी,श्रीमती विचित्रा देवी ब्लॉक प्रमुख, अनेकपाल सिंह ब्लॉक प्रमुख पति उपस्थित रहे जिन्होंने भूसा दान एवं गौवंश आश्रय स्थल संचालन में अत्यंत मेहनत से कार्य करने वाले ग्राम विकास अधिकारी कृपाल सिंह को सदर विधायक द्वारा माला पहना कर सम्मानित किया और भूसा वाहनों हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

## किसानों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता: राजेश कुमार सक्सेना



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन के विश्व विख्यात राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत मुजफ्फरनगर के जीआईसी मैदान में तथाकथित हिंदूवादी संगठनों के नाम के समाज विरोधी नौजवान युवकों द्वारा जो कृ त किया गया कायरता है इसकी घोर निंदा की जाती है बदायूं में शिविर कार्यालय चित्रांश नगर में मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने घोर निंदा करते हुए कहा जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है उनकी शीघ्रफ्तारी शासन प्रशासन कर आए देश भर में किसानों में अपने नेता के लिए इस घटना को लेकर आक्रोश फैल गया है किसानों को इस तरह अपमानित करना उनके नेताओं पर इस तरह की घटना को अंजाम दिलाना सरकार द्वारा मौन धारण करना सरकार का गलत रवैया है इस तरह किसानों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता हाई कमान का संयम और धीरज पूर्ण आवाहन किया गया है कार्यकर्ता संयम और मर्यादा में रहे आदेश आने पर सभी कार्यकर्ताओं को मुजफ्फरनगर कुचकरना है कार्यकर्ता सभी तैयारी में रहे मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना देर रात्रि तक अपने कार्यकर्ताओं के मोबाइल पर दिशा निर्देश देते रहे उन्होंने कहा है जैसे ही निर्देश प्राप्त होगा हमारा कोई भी कार्यकर्ता बदायूं में नहीं रहेगा।

## दिव्यांगजनों को दुकान के संचालन व निर्माण हेतु अनुदान पर मिलेगा ऋण


शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान निर्माण व संचालन योजनान्तर्गत जनपद के स्वरोजगार करने के इच्छुक ऐसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक हो व जिन्हे पूर्व में इस योजना का लाभ नही मिला है, ऐसे दिव्यांगजन को 10 हजार रुपए दुकान संचालन हेतु एवं 20 हजार रुपए दुकान निर्माण किये जाने हेतु ऋण प्रदान किये जाते है। 25 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य होगा। इच्छुक दिव्यांगजन पोर्टल http%@@divyangjandukan-upsdc-gov. पद पर लॉगिन कर स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन साइबर कैफे, निजी इन्टरनेट केन्द्र, अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम (यू0डी0 आईडी कार्ड) एवं सक्षम प्रधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र (अधिकतम गरीबी रेखा से दुगने तक मान्य), बैंक खाता सम्बन्धी पास बुक, निवास प्रमाण पत्र, तथा आधार कार्ड की छायाप्रति को स्वप्रमाणित कर अपलोड किया जाना अनिवार्य है व चयनित पात्र लाभार्थी द्वारा 10 हजार रुपए के ऋण हेतु 320 रुपए व 20 हजार रुपए के ऋण हेतु 600 रुपए का स्टाप पेपर पर अनुबन्ध पत्र जमा किया जाना अनिवार्य है। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र की हार्ड कापी समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन बदायूँ के कक्ष सं0-103 में जमा करना होगा।

## 36 घंटे से अधिक समय बीतने के बावजूद भी बहाल नहीं हुई विद्युत

शाह टाइम्स संवाददाता



**उघैती।** बीते सुबह लगभग आठ बजे के करीब आई आंधी व बारिश के चलते क्षेत्र की विद्युत सप्लाई पिछले 36 घंटे से बाधित है। जिससे कस्बा खितौरा में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है वहीं घर में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। बता दे शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे के करीब आई तेज आंधी व बारिश के बाद कस्बा खितौरा के विद्युत उपकेंद्र से पोषित कस्बा सहित लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों को बिजली सप्लाई नहीं मिल पाई है। बजह है कि 33 केवीए की बड़ी लाइन में फाल्ट हो गया है जो बिजली कर्मचारी अभी तक नहीं ढूंढ पाए। जिसके कारण 36 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद भी लाइट नहीं मिल पाई है। लाइट ना आने के कारण एक ओर कस्बाई क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है तो वहीं घरों में रखकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। इस संबंध में खितौरा विधुत उपकेंद्र पर तैनात जेई मनोज कुमार भारद्वाज से बात की गई तो उन्होंने बताया बड़ी लाइन में टेक्निकल फाल्ट हो गया है जिसे बिजली कर्मचारी ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं जल्दी विद्युत सप्लाई बहाल की जाएगी।

## बिल्सी: मस्जिद निर्माण मामले में 10 पर प्राथमिकी पंजीकृत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटाजबी में बिना शासन अनुमति के मस्जिद निर्माण मामले में 10 लोगों पर प्राथमिकी पंजीकृत हो गई।ग्राम बेहटाजवी में 11 मार्च 2013 में मुस्लिम समाज के लोगों ने बिना शासन अनुमति मस्जिद बनाना शुरू किया ,तभी ग्राम के हिंदू समाज ने विरोध किया और प्रशासन को जानकारी दी, प्रशासन द्वारा रोक लगा दी गई। फिर दोबारा 20 मई 2017 में फिर से बिना शासन अनुमति निर्माण कार्य शुरू किया, फिर ग्राम के लोगों ने प्रशासन को जानकारी दी। प्रशासन द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया। ग्राम बेहटाजवी के मुस्लिम समाज के लोगों ने 28 अप्रैल 2025 को रात्रि के समय निर्माण कार्य फिर शुरू कराया, तभी गांव वालों को पता चला और विवादित स्थल पर पहुंचकर मना किया किंतु उनकी एक न सुनी। जिससे कि लोग वहां से वापस आ गए और निर्माण कार्य चालू करने वाले अली शेर ,शमसाद, तारिउद्दीन,फैय्यास, अंसार अली,अनीश, फखरुद्दीन, आलम अंसार द्वारा दो लोगों बुद्ध पाल एवं राम मोहन शर्मा के इसारे पर कार्य शुरू कर दिया। गांव के हिंदू समाज के लोगों को जब पता चला तब प्रशासन को जानकारी दी। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन तैनात कर दिया गया है । सीओ संजीव कुमार ने बताया कि मामला शांत है 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली गई है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## सोशल ऑडिट छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर।** हाल ही में बीते 28 अप्रैल से चलाया जा रहा नव चयनित ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों का सोशल ऑडिट विषयक 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बीते शनिवार को देर शाम संपन्न हुआ । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला बदायूं , बरेली , शाहजहांपुर , कन्नौज , अमेठी , मेरठ , महोबा व प्रतापगढ़ के लगभग चार दर्जन प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी के निर्देशन में 28 अप्रैल से 3 मई 2025 तक चलाया गया जिसमें राज्य स्तरीय मुख्य प्रशिक्षक बी के सिंह , बुद्ध सेन राजपूत , सुषमा सिंह राठौर ने सभी प्रतिभागियों को ग्राम पंचायतों के विकास संबंधी महात्मा गांधी मनरेगा योजना , प्रधानमंत्री आवास योजना , वृद्धा पेंशन योजना आदि के अंतर्गत विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के ख्याल से जागरूकता पैदा करने के गुरुमंत्र सिखाए ।

इस दौरान बी आर पी टीम को क्षेत्रीय गांव सीकरी में पहुंचकर सोशल एडिट करने का व्यवहारिक अभ्यास कराया गया । इस 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बी आर पी महेश कुमार , नम्रता गुप्ता , सुशीला , रेनू चौहान , सरिता ,सुधा अग्रवाल , सत्येंद्र कुमार , दिनेश कुमार , अरुण कुमार



, दीपक कुशवाह , दलवीर सिंह , ऋतु पाल सिंह , नरेंद्र सिंह शाक्य , अरुण कुमार पाण्डेय , भारत सिंह , सोमपाल , रामचंद्र भारती , अमित कुमार , अमर पांडेय, विमल गंगवार , विजय प्रताप सिंह , शिवओम शर्मा , देवेंद्र कुमार , शिशुपाल , राजपाल सिंह , बीरेंद्र कुमार , श्रीपाल सिंह , विपिन कुमार , राजेश कुमार , यशपाल , प्रभाकर प्रसाद मिश्र , अमर पाण्डेय व अमित कुमार आदि ने प्रतिभाग लिया । कार्यक्रम समापन के अवसर पर संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी ने सभी प्रतिभागियों को एक एक बैग व प्रमाण - पत्र देकर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभ - कामनाएं दीं। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने खान - पान से लेकर आवश्यक सुख - सुविधाओं व संस्थान की साज - सज्जा , स्वच्छता को लेकर भूरि - भूरि प्रशंसा की ।

## बच्चे पूरे मनोयोग से अध्ययन करें तो सफलता निश्चित: डीआईओएस

शाह टाइम्स संवाददाता

**म्याऊँ।** सत्यदेव विद्या पीठ इण्टर कॉलेज जवाहर नगला में मेधावी छात्र छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नन्दकिशोर पाठक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी मधुर आवाज में हिंदी व अंग्रेजी की कविताएं सुना कर सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार एव विशिष्ठ अतिथिही खडगी लाल (समाजसेवी) रहे। माध्यमिक शिक्षा परिषद 2025 में जनपद बढ़ाई में टॉप टेन सूची में सत्यदेव विद्यापीठ जवाहरनगला के छात्र अंकित शर्मा ने बदायूँ में चतुर्थ स्थान इंटरमीडिएट में प्राप्त कर विद्यालय एव क्षेत्र का नाम रोशन किया है ।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने अमित शर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। कालेज के हाईस्कूल / इण्टर के टॉप टेन छात्र छात्रों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा षकि बच्चे लगन व मनोयोग से पढाई भी करें। जो छात्र मेधावी



सूची में नहीं है। वह भी सच्ची निष्ठा के साथ अध्ययन करें उसे सफलता जरूर मिलेगी। अकिंत शर्मा जिला में (चतुर्थ स्थान) प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रवन्धक सत्यदेव यादव ने 2100/- रुपये एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

- डीएम के पहले सम्पूर्ण समाधान दिवस में विधायक ने उठाया अवैध खनन का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नवनियुक्त जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुए पहले सम्पूर्ण समाधान दिवस में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने क्षेत्र में धड़ल्ले से किए जा रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाते हुए खनन माफियाओं को विभाग और पुलिस प्रशासन का संरक्षण दिए जाने का आरोप लगाया। जिसपर डीएम ने कोतवाल राहुल सिंह को इनके खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

सवा 11 बजे तहसील दिवस में पहुंचे डीएम अविनाश सिंह ने जैसे ही शिकायतें सुननी शुरू कीं तो उनके सामने फरियादियों की लम्बी लाइन लग गई। कुछ देर बाद ही आयोजन में पहुंचे विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने डीएम से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सारी-सारी रात किए जा रहे अवैध खनन की शिकायत की, जिसपर डीएम अविनाश सिंह ने खनन अधिकारी को तलब किया, लेकिन उनके गैर हाजिर होने पर डीएम ने कोतवाल राहुल सिंह से अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाए जाने के निर्देश दिए। विधायक ने खुले आम पुलिस पर सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि को खनन माफिया रुपए नहीं देता है, उसकी ट्रॉली को सीज कर दिया जाता है जो पैसा दे देता है वह खुले आम खनन करता रहता है।

आयोजन में ऐडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी माजिद



हुसैन जैदी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एक शिकायती पत्र देकर भूलेख अनुभाग के कम्प्यूटर की साइड न चलने, राजस्व कर्मियों द्वारा विरासत के मामलों में गलत रिपोर्ट लगाकर उन्हें विवादित कर न्यायालय भेजे जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की, जिस पर उन्होंने एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को कार्यवाही के आदेश दिए।

भाजपा नेता सचिन रस्तोगी ने नगर के जेपीएन इण्टर कॉलेज की प्रबंध समिति पर हाईकोर्ट के 1995 के आदेशों की अवहेलना करने के साथ ही कमेटी के निर्वाचन पर सवाल उठाते हुए कमेटी के चुनाव को गलत बताया, साथ ही प्रबंधक पर 14 लाख रुपये निकाले जाने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की, जिसपर डीएम ने डीआईओएस को जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने साप्ताहिक बन्दी का पालन कराए जाने के साथ ही नगर में फैले अतिक्रमण को हटवाए जाने की मांग की, जिसपर डीएम ने श्रम अधिकारी को साप्ताहिक बन्दी का कड़ाई से पालन कराए जाने के आदेश दिए।

आयोजन के आखिर में डीएम अविनाश सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों और उनके निस्तारण की फरियादियों से फोन कर समीक्षा की, जिसमें कई शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया जाना उन्होंने पकड़ा, जिसपर डीएम ने एसडीओ विद्युत, जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ ही तहसीलदार को इस मामले में आगे फर्जी निस्तारण पर कार्यवाही की चेतावनी दी। आज के इस आयोजन में 196 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 24 के निराकरण का दावा किया गया है।

# बहेड़ी के शिक्षक दंपति हज को रवाना

- शिक्षकों और अधिकारियों ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बेसिक शिक्षा विभाग के पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक मंत्री अफजाल अहमद और उनकी पत्नी शिक्षिका सीमा इस्लाम हज के लिए रवाना हो गए।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष और ब्लॉक मंत्री अफजाल अहमद व उनकी शिक्षिका पत्नी सीमा इस्लाम यहाँ से हज के लिए रवाना हुईं, और लखनऊ से वह दोनों फ्लाइट से सऊदी अरब के लिए रवाना हो गए। हज के लिए रवाना होने से पूर्व यहां लोगों ने जोशो खरोश के साथ रवाना किया। लोग उनके आवास पर मिलने आए और उन्होंने हज के सफर के लिए दुआएं की। उसने मिलने बहेड़ी ब्लॉक के खंड



शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार जोशी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भरतवीर गंगवार, दूसरे प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष केदार सिंह, ब्लॉक मंत्री विनोद गंगवार, राजीव कुमार सिंह, प्रेम शंकर, जितेंद्र तोमर, हाफिज अनवार अहमद, शकील मलिक, नसीम शाह, तनवीर अहमद, नईम एमडीआर, कमरुल हसन, अरशद रिजवी, शकील मलिक, तनवीर अहमद, मो. राशिद, मो. साजिद, खालिद खान, फाजिल हुसैन, नसीम रजा आदि शिक्षकों ने उन्हें गले मिलकर विदा किया, और हज के सफर के लिए मुबारकबाद दी, तथा सभी ने हज में अपने लिए दुआ करने की गुजारिश की।

# एडीएम और एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

- बाइस में से पांच शिकायतों का हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील समाधान दिवस में एडीएम संतोष बहादुर सिंह और एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 22 शिकायतें आईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी शिकायतों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों के अफसरों को सौंप दिया गया। तहसील दिवस में गन्ना भुगतान का मुद्दा छाया रहा, और किसानों ने एडीएम से शिकायत कर



जल्द गन्ने का भुगतान कराए जाने की मांग की। राशन कार्ड बनवाने के लिए शिकायतें आईं। शिकायतें सुनने के बाद एडीएम ने कहा कि शिकायतों का सही व समय से निस्तारण करें।

इस मौके पर एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार भानू प्रतात सिंह, ईओ शीशी प्रभा, एडीओ अमित कुमार सहित तमाम विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# नगर पालिका का नाला सफाई अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद ने शासन के आदेश अनुसार आने वाले समय बरसात को देखते हुए नगर सीमा में स्थित नालों की तली झाड़ सफाई अभियान शुरू कर दिया है। अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी ने बताया कि नगर के सभी नालों की तली झाड़ सफाई बरसात शुरू होने से पहले करा ली जाएगी।

नगर पालिका परिषद बहेड़ी का उद्देश्य है कि नगर को जल भराव से बचाया जा सके, और नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके। नाला सफाई अभियान के तहत नगर के सभी प्रमुख नालों की सफाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी ने बताया



कि नगर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए नगर पालिका निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नालों में कूड़ा और गंदगी न डालें, और नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। नगर पालिका परिषद बहेड़ी ने नागरिकों से अपील की है कि नाला सफाई अभियान में सहयोग करें, और नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दें।

## एक नजर

# पूर्व सभासद अपनी पत्नी के साथ हज यात्रा पर रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मुकद्दस हज यात्रा पर नगर के पूर्व सभासद चौधरी अब्दुल वहीद अंसारी अपनी पत्नी अफरोज बेगम के साथ शनिवार को रवाना हो गए। कस्बे के लोगों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर उन्हें विदा किया।

नगर के सावरी शादी हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में राइस मिल एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष हाजी शफी हुसैन खां उर्फ शफ्फन मियां, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व अध्यक्ष हाजी परवेज गुड्डू, तसव्वर हुसैन अंसारी, सपा नेता प्रो० राशिद अंसारी, सपा पीलीभीत के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी, हाजी रईस अहमद अंसारी कंपाउंडर, हाजी अब्दुल रहमान सिद्दीकी, युवा अधिवक्ता शारिक खां, मो. ताहिर



अंसारी, जमील अहमद अंसारी, डॉक्टर फरनाज अंसारी, खुशनाज अंसारी, हनीफ विधायक, इरशाद सलमानी, डॉक्टर असलम अंसारी, डॉक्टर सलीम, राजा खां, हाजी मो० नवी, हाजी डॉक्टर फारूख अंसारी, भाजपा के युवा नेता सचिन रस्तोगी, इकबाल अहमद, नफीस अहमद, सचिन गुप्ता दाना पानी, सेवा. निवृत कर्मी वशीर अहमद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उनका स्वागत किया और अपने और अपने मुल्क के लिए दुआ करने की गुजारिश की। हज यात्रा पर जाने वाले इन जायरीनों को नगर से वाईपास लाया गया, जहां से दोनों हज यात्री अपनी मुकद्दस यात्रा पर रवाना हो गए।

# वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता के निधन पर सांसद गंगवार गांव पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** भाजपा के पूर्व दमखोदा मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार के पिता पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता केदार नाथ के निधन पर शोक जताने बरेली लोकसभा से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार गांव भुड़वा पहुंचे।

ग्राम भुडवा में सांसद छत्रपाल गंगवार के अलावा दमखोदा ब्लॉक प्रमुख पति और सांसद प्रतिनिधि दुष्यंत गंगवार सहित क्षेत्र के सैकड़ों व्यक्तियों ने शोक संवेदना व्यक्त कर पुष्पांजलि अर्पित की।

यहां बता दें कि केदार नाथ कई साल पहले गांव के प्रधान भी रह चुके हैं, और जब बहेड़ी विधानसभा से भाजपा के प्रथम प्रत्याशी डॉक्टर कमल गंगवार 1992 में बहेड़ी विधानसभा से भाजपा का चुनाव लड़े तभी से वह भाजपा के लिए कार्य करते रहे। श्री गंगवार के दो बेटे हैं जिसमें बड़े बेटे अम्बा प्रसाद डॉक्टर हैं, तथा दूसरे बेटे भाजपा के पूर्व दमखोदा मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार हैं।

# देवरनियां थाने में सुविधा शुल्क का तांडव...

## न कोर्ट, न पेशी सिर्फ पुलिसिया फैसला




### प्रशासन चुप, पुलिस बेलगाम!

जिन्हें सुरक्षा का जिम्मा मिला है, वही डर बन गए हैं। थाना प्रभारी बरेली में भी अपनी इसी कार्यशैली की वजह से सुर्खियों में रहे हैं, जिसके बाद अधिकारियों ने उन्हें शहर से हटकर देहात की ओर भेज दिया था। लेकिन उनमें अब भी सुधार नहीं हुआ, उनका तांडव जारी है। सवाल है कि जब वर्दी वाले ही इंसाफ बेचने लगें, तो पीड़ित कहां जाएं।

अगर अब भी न चेता प्रशासन, तो अगली खबर किसी मजदूर के लिये खतरनाक साबित हो सकती है।

- तीन मजदूर तीन दिन से हवालात में कैद
- पुलिस बोली: जुर्म कबूलो या कीमत चुकाओ!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले में पुलिस अब न्याय की नहीं, जुल्म की तस्वीर बनती जा रही है। देवरनियां थाने से एक और खौफनाक मामला सामने आया है, जहाँ तीन मजदूरों को चोरी के शक में तीन दिन से थाने में बिठाकर टॉर्चर किया जा रहा है। न कोर्ट, न पेशी सिर्फ पुलिसिया फैसला चल रहा है।

दानिश, शकील और आशिफ ये तीनों मजदूर एक मई से बिना किसी मुकदमे के थाने में बंद हैं। आरोप है कि पुलिस जोर डाल रही है कि वो जुर्म कबूल करें, वरना बदले में सुविधा शुल्क दें। मजदूरों के परिवार वालों का आरोप है कि उन्हें छोड़े जाने के बदले मोटी डिमांड की जा रही है। थाना भुता में पुलिस की प्रताड़ना से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। उस हादसे के जख्म अभी भरे नहीं थे कि देवरनियां थाने से फिर वैसी ही घटना की बू आने लगी है।

अब सवाल उठता है कि क्या अब देवरनियां में भी कोई मजदूर खुदकुशी करेगा, तब सिस्टम जागेगा।

# सत्र 2024-25 की परीक्षाएं रोहिलखंड विश्वविद्यालय द्वारा ही आयोजित होंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश शासन ने 1 मई 2025 को एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए यह स्पष्ट किया है कि प्रदेश में नवस्थापित विश्वविद्यालयों की सेमेस्टर परीक्षाएं केवल नवीन सत्र 2025-26 से प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ही आयोजित की जाएंगी। जबकि पूर्ववर्ती सभी सत्रों के विद्यार्थियों की परीक्षाएं उनके पैतृक विश्वविद्यालयों द्वारा ही संचालित की जाएंगी। इस निर्णय के अनुसार, मुरादाबाद मंडल के पाँचों जनपदों मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, रामपुर व बिजनौर में सत्र 2024-25 तक प्रवेशित सभी विद्यार्थियों की मई-जून 2025 में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाएं महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा ही कराई जाएंगी। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए की गई है जो पूर्व सत्रों में पुराने विश्वविद्यालय से नामांकित हैं। शासन ने यह कदम मीडिया में फैली भ्रांतियों को दूर करने और छात्रों की शैक्षणिक स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु उठाया है। वहीं, नवस्थापित गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने वाले छात्रों की परीक्षाएं अब नवस्थापित विश्वविद्यालय द्वारा ही संचालित की जाएंगी।

# धमकी, ब्लैकमेल और अश्लील हरकतें

## महिला ने मौहल्ले के युवक पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी क्षेत्र की एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर धमकी, ब्लैकमेल, अश्लील हरकतें और वीडियो वायरल करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि आरोपी ने पहले जान से मारने की धमकी देकर उससे दो लाख रुपये वसूले, फिर बुलाकर बंद कमरे में अश्लील हरकतें कीं और वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

पीड़िता के मुताबिक, करीब पंद्रह दिन पहले आरोपी युवक ने उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी थी। महिला का दावा है कि युवक खुलेआम कहता था कि वह पहले भी चार हत्याएं कर चुका है, और अब उसके पति को मार देगा। इसके अलावा उसने महिला की ननद



को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी और उसे जबरन गलत धंधों में धकेलने की बात कही।

डरी-सहमी महिला ने दो लाख रुपये आरोपी को दे दिए, लेकिन उसका उत्पीड़न यहीं नहीं रुका। कुछ दिन बाद आरोपी ने फोन कर महिला को एक स्थान पर बुलाया और धमकी दी कि यदि वह नहीं आई तो उसके पति को जान से मार देगा। डर के कारण महिला वहां पहुँची, जहां आरोपी ने जबरन उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। महिला किसी तरह भाग निकली।

बाद में महिला को पता चला कि आरोपी ने इस दौरान उसका वीडियो बना लिया था, जिसे उसने मोहल्ले में कई लोगों को भेजकर वायरल कर दिया। वीडियो महिला के पति तक भी पहुँच गया, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। आरोपी लगातार फोन कर धमकियां भी दे रहा है।

पीड़िता ने बारादरी थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में नैक से सम्बन्धित किस्प व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध गन्ना उत्पादक महाविद्यालय बहेड़ी में शनिवार को नैक से सम्बन्धित किस्प व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के किस्प मेन्टर एवं पूर्व शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार उपस्थित रहे।

प्रो. सुधीर कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि नैक हेतु आवेदन करते समय जो भी समस्याएं आती हैं उनका निराकरण नैक एवं आईक्यूएसी समिति को आपसी समन्वय से ही हल किया जा सकता है। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से बिन्दुवार निराकरण करने के सम्बन्ध में बताया। मुख्य वक्ता ने कहा कि



नैक हेतु शोध संस्कृति का विकास एवं कौशल निर्माण का होना महाविद्यालय में अत्यावश्यक है। उन्होंने आईक्यूएसी समन्वयक को समस्त शिक्षकों का डाटा अपने पास संरक्षित करके रखने की सलाह दी, ताकि वर्ष के अन्त में एसएसआर रिपोर्ट समय से प्रेषित की जा सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा. हरिकेश सिंह ने की तथा संचालन डा. रविन्द्र कुमार गंगवार, संयोजक आईक्यूएसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की नैक समिति के संयोजक प्रो. शचीन्द्र मोहन शर्मा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित मुख्य वक्ता सहित सभी का आभार ज्ञापन डा. हरिनन्दन कुशवाहा द्वारा किया गया।

# जातीय जनगणना की घोषणा पर भाजपाईयों में खुशी, बांटी मिठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जातीय जनगणना कराए जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसले से भाजपाईयों ने शनिवार को बैठक कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय की सराहना की। विधायक कैम्प कार्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में विधायक डा. एमपी आर्य ने कांग्रेस और सपा पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहस का परिचय देते हुए जातीय जनगणना कराए जाने का फैसला लेकर देश की राजनीति में नया इतिहास लिखने का काम किया है। जातीय जनगणना कराने से पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकारों को पाने का अवसर मिलेगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डा. एके गंगवार ने कहा कि ओबीसी समाज को आरक्षण का लाभ आजादी के तुरंत बाद से मिलना चाहिए था। लेकिन दूसरी सरकारों के कारण यह लाभ नहीं मिल सका। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जातीय जनगणना का फैसला पिछड़े वर्ग के लोगों को खुशी देने वाला है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास की अवधारणा पर सबको आगे बढाने का काम किया है, बैठक के बाद भाजपाईयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जाति जनगणना की घोषणा पर खुशी का इजहार किया। इस दौरान शिव मंगल सिंह राठौर, पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नत्थूलाल आर्य, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, देव पटेल, किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामपाल गंगवार, भाजपा किसान मोर्चा के नितेश उपाध्याय, सुखवीर यादव आदि थे।

# मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक दमखोदा (रिछा) के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडिया जागीर में आज राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्रों एवं वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया। इसके अलावा नामांकन वृद्धि के तहत इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को निशुल्क स्टेशनरी दी गई।

नगर पंचायत देवरनियां के कस्बा मुंडिया जागीर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित हुए विघालय के छात्र-छात्राओं और वार्षिक परीक्षा में मेधावियों छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधान अध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद हसन द्वारा नामांकन वृद्धि के प्रयासरत के अंतर्गत सभी बच्चों को निशुल्क स्टेशनरी प्रदान की गई। इससे बच्चे खुशी से झूम उठे। खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार ने विद्यालय के शैक्षिक एवं भौतिक वातावरण की प्रशंसा की, और बच्चों से प्रश्न किए। बच्चों ने प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए, इससे खंड शिक्षा अधिकारी बहुत खुश हुए। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका शैली जौहरी, रचना सक्सेना, अनुदेशक मिथिलेश कुमारी उपस्थित रहे।

# मंदिर मार्ग पर चिकन कॉर्नर हटाने की मांग, शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बड़ा हनुमान मंदिर मार्ग पर स्थित चिकन कॉर्नर और शराब ठेके के विरोध में शिवसेना पश्चिमी उत्तर प्रदेश इकाई ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। संगठन ने इन प्रतिष्ठानों को तुरंत हटाने की मांग करते हुए कहा कि यह धार्मिक स्थल की पवित्रता को आहत कर रहे हैं और भविष्य में कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं।

शिवसेना के जिला प्रमुख दीपक पाठक ने ज्ञापन में बताया कि बड़ा हनुमान मंदिर एक प्रमुख धार्मिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा के लिए आते हैं। मंदिर मार्ग पर मांसाहारी भोजन और शराब की बिक्री से श्रद्धालुओं को असुविधा हो



रही है और वातावरण अशुद्ध हो रहा है।

संगठन का कहना है कि शहर के अन्य मंदिरों के आसपास भी इस तरह के व्यवसाय हिन्दू भावनाओं को ठेस पहुँचाते हैं और सामाजिक सौहार्द्र को प्रभावित कर सकते हैं। ज्ञापन सौंपते समय मीडिया प्रभारी सतपाल मल्होत्रा, उपेंद्र राठौर, हिमांशु त्रिपाठी, विकास कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि इन प्रतिष्ठानों को शीघ्र न हटाया गया तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# आतंकी हमले पर किसानों का फूटा आक्रोश, फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को किसान एकता संघ सड़कों पर उतर आया। चौकी चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका और आतंकवाद मुर्दाबाद के गगनभेदी नारे लगाए गए। विरोध स्वरूप निकाली गई पदयात्रा के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. रवि नागर ने कहा कि यह विरोध नहीं, राष्ट्रभक्ति का इजहार है। भारत का किसान सिर्फ खेतों में नहीं, देश की सरहदों पर भी सरकार के साथ खड़ा है। ज्ञापन में मांग की गई कि इस



हमले का करारा जवाब दिया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को सख्ती से रोका जाए।

राष्ट्रीय सचिव यज्ञ प्रकाश गंगवार ने दो टूक कहा, कोई मजहब, जाति या चेहरा देश से बड़ा नहीं। जब सैनिक सीमा पर डटे हैं तो किसान भी सरकार के हर फैसले के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पं. राजेश शर्मा, चौ. श्याम पाल गुर्जर, चौ. मो. हकम सिंह गुर्जर, डॉ. अंशु भारती, जयसिंह यादव, खेतल सिंह गुर्जर, विवेक वर्मा, अवधेश गुर्जर, घनश्याम गुर्जर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी से सुनी जनसमस्याएं

## जिलाधिकारी ने संबंधितों को समय से शिकायतों का निस्तारण करने के दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने खेकड़ा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य की शिकायत सुनी और तीनों तहसील में 80 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 11शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के जिलाधिकारी ने संबंधित अधिका. रियों को निर्देश दिए।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार व शासन गंभीर है। जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव हो इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए माह के प्रथम वे तृतीय शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधितों को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के कैंप लगाए जाते हैं जिसमें से एक सबसे मुख्य कैंप दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए लगाया जाता है जो दिव्यांग बहुत समय से परेशान हो रहे हैं और उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बन पाते हैं तो तहसील दिवस में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं जिसके क्रम में आज तहसील खेकड़ा में 17 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए जिन्हें जिलाधिकारी ने देकर सम्मानित किया और उन्होंने संबंधित अधिक. ारी को निर्देशित किया कि अगर यह पात्रता की श्रेणी में आते हैं तो इन्हें पेंशन भी उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.अरविंद कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी खेकड़ा सहित आदि उपस्थित रहे।



# पहले बर्गर न देने पर पत्नी ने किया हंगामा, दरवाजा बंद कर काटा हाथ का अंगूठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गौरीपुर निवासी एक महिला ने पहले बर्गर न मिलने पर घर में जमकर हंगामा किया और मकान का दरवाजा बंद करके चाकू से अपने हाथ का अंगूठा काट लिया। महिला ने अपने पति पर दहेज में कार न मिलने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

महिला के पति नदीम ने बताया कि वह गांव गोरीपुर में रहता है। शुक्रवार को शाम वह घर पांच बर्गर लेकर गया था। उसने बताया कि उसके माता पिता मकरान में नीचे रहते हैं, जबकि ताहिरा मकान में उपर की मंजिल पर रहती है। बताया गया है कि नदीम ने पहले नीचे अपने परिवार के अन्य लोगों को बर्गर दिए और बाद में उपर जाकर एक बर्गर पत्नी को दे दिया। आरोप है कि पहले उसे बर्गर न देने पर पत्नी ने जमकर हंगामा किया और बर्गर फेंक दिया। पति का कहना है कि उसकी पत्नी परिवार से अलग रहना चाहती है। जबकि वह अपने परिवार से अलग नहीं होना चाहता है। आरोप है कि पहले बर्गर न मिलने से क्षुब्ध पत्नी ने अपने कमरे जाकर दरवाजा बंद करके चाकू से हाथ का अंगूठा काट लिया। इस दौरान महिला के पति ने उसकी वीडियो बना ली थी। महिला ने कोतवाली पहुंचकर अपने ससुरालियों के विरूद्ध तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि दहेज में कार न मिलने पर पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में ले लिया। शनिवार को महिला ने इस संबंध में समाधान दिवा में भी इस संबंध में शिकयत की। कोतवाली प्रभारी के अनुसार महिला के खिलाफ उसके पति ने भी तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# डा.रामकरण ने करियर काउंसलिंग सत्र में विद्यार्थियों को दिखाया भविष्य का मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल बड़ौत में विद्यार्थियों के भविष्य को सही दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को उनके करियर विकल्पों के बारे में जागरूक करना और उन्हें उन रास्तों पर चलने के लिए प्रेरित करना था, जिनसे वे अपनी सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँच सकें।

सत्र में विशेषज्ञ डा. राम करण, जो कि एक विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक और IIT दिल्ली से पीएचडी करने वाले विशेषज्ञ हैं, ने विद्यार्थियों से अपनी समृद्ध शैक्षिक यात्रा और अंतरराष्ट्रीय अनुभव साझा किए। डा.राम करण ने विद्यार्थियों को वैश्विक करियर के अवसरों, उच्च शिक्षा के विकल्प, और विज्ञान और तकनीकी अनुसंधान में करियर बनाने के तरीके पर विस्तार से बताया।



# रुपयों के लेन देन को लेकर कोतवाली में दो महिलाओं का हंगामा

## उधारी के रुपये मांगने पर रजिस्ट्री ऑफिस के सामने दोनों महिलाओं के बीच हुई थी मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रुपयों के लेनदेन को लेकर शनिवार को दोपहर कोतवाली में दो महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। बताया गया है कि इससे पूर्व महिलाओं के बीच रजिस्ट्री आफिस के सामने मारपीट भी हुई थी। इसी दौरान एक महिला थाने में जा घुसी तो उसके पीछे दूसरी महिला भी कोतवाली पहुंच गई और एक दूसरी पर आरोप प्रत्यारोप करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस के हस्तेक्षप के बाद महिलाएं शांत हुई।

कोतवाली क्षेत्र गांव निवाड़ा निवासी रबीना के अनुसार सोनीपत निवासी अफसाना का उनके घर आना जाना था। काफी दिन पूर्व उसने अपने किसी काम के लिए उससे 40 हजार रुपये उधार लिए थे और रमजान में देने का वादा किया था। बताया गया है कि अफसाना ने गांव गौरीपुर में एक प्लाट लिया है। शनिवार को वह प्लाट का बैनामा कराने के लिए बागपत आई थी। इस बात की जानकारी लगने पर रबीना भी मौके पर पहुंच गई और अपने रूपयों की मांग की। अफसाना का कहना था कि उसने उसकें पूरे पैसे लौटा दिए है, जबकि रबीना उस पर अपने 40 हजार रुपये बता रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा. सुनी हो गई और रबीना ने अफसाना के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अफसाना कोतवाली पहुंच गई तो रूबीना भी उसके पीछे कोतवाली में पहुंच गई। कोतवाली में दोनों महिलाओं ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ही दोनों महिलाएं शांत हुई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी का कहना है कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामले की जाकारी लेकर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।



**एक नजर**

# लापता किशोर की शिनाख्त करने मोर्चरी पहुंचे परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को सुबह बडौत कोतवाली क्षेत्र के गांव बावली में पूर्वी यमुना नहर में एक अज्ञात शव बरामद हुआ। पुलिस ने मोके पर पहुंचकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टर्मम के लिए भेजा। बताया गया है कि कस्बा बडौत से एक 17 वर्षीय किशोर गत 28 अप्रैल से लापता था। इस संबंध किशोर के भाई ने बडौत कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शव मिलने की सूचना मिलने पर किशोर के परिजन शव की शिनाख्त करने के लि मोर्चरी पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बरामद शव लापता किशोर का नहीं है। पुलिस के अनुसार अभी तीन दिन तक शव मोर्चरी में सुरक्षित रखा जाएगा ताकि मृतक की पहचान कराई जा सके।



# टिकैत के आह्वान पर मुजफ्फरनगर पहुंचे बागपत के भाकियू कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय कियान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर हुए हमले के विरोध में होने वाली किसान की पंचायत को सफल बनाने के लिए बडौत के गांव चौगामा क्षेत्र से गाड़ियों में सवार होकर भारी संख्या भाकियू कार्यकर्ता रवाना हो गए है।

इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के नेता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ मुजफ्फरनगर में जनाक्रोश रैली में धक्का मुक्की के बाद हमला किया गया। जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिसके विरोध में चौ. नरेश टिकैत के आहवान पर मुजफ्फरनगर के जीआईसी मैदान में आज किसानों की पंचायत बुलाई गई है। पंचायत में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत किसानों को संबोधित करेंगे। पंचायत में भाकियू कार्यकर्ता भारी संख्या में गाड़ियों में मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए है।



# सोमवार को सर्वे के बाद होगा बसों का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान अब होगा। बसों का संचालन भी बढ़ेगा काफी समय से क्षेत्र के लोग बसों का संच. ालन तेज करने की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन कर रहे थे। इस मार्ग पर केवल एक बस का संचालन हो रहा था। क्षेत्र की सवारी डग्गामार वाहन में सवार होकर चल रही थी। इन वाहनों में भूसे की तरह सवारियों को ठुस ठुस भरकर चलने का काम किया जाता था।

क्षेत्र की जनता लगातार इस रूट पर बसो का संचालन किए जाने की मांग कर रही थी। समस्या का समाधान क्षेत्र की जनता के लिए कर दिया गया है। अब बड़ौत से रमाला होते हुए टांडा मार्ग पर जल्द बसों को बढ़ाने की तैयारी हो चुकी है। सोमवार से बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके लिए रोडवेज के अधिकारी सोमवार को सर्वे करेंगे। इस मार्ग पर बसों की कमी के कारण यात्रियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस बढ़ने से करीब 15 गांवों के लोगों को फायदा मिलेगा। बड़ौत से रमाला-टांडा मार्ग पर बसों की कमी के कारण यात्रियों को परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। घंटों तक बस स्टैंडों पर डग्गामार वाहनों की इंतजार में खड़ा रहना पड़ता है। यात्रियों की समस्या को देखते हुए सोमवार को मार्ग का सर्वे करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान अधिकारी खुद मार्ग पर सफर करके यात्रियों की समस्याओं व उनकी संख्या का जायजा लेंगे। इसके बाद मार्ग पर बस बढ़ाने का निर्णय लिया जाएगा। अभी तक मार्ग पर एक बस का संचालन किया जा रहा हैं। अब लगभग पांच बस इस मार्ग पर दौड़ेगी। बस बढ़ने से रमाला, किरठल, लूंब, तुगाना, हेवा, टांडा, सोंटी समेत 15 गांव के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।



# बहला-फुसलाकर मंद बुद्धि लड़की का अपहरण करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा टटीरी से एक युवक बहला फुसला कर एक मंद बुद्धि लडकी का अपहरण कर ले गया। लड़की की मां को आशंका है कि आरोपी दुष्कर्म के बाद उसकी लड़की की हत्या कर सकता है। उसने पुलिस पर लड़की का पता लगाने के लिए कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए उसकी पुत्री को तलाश करानें की गुहार लगाई है।

कस्बा टटरी निवासी महिला के अनुसार गत 28 अप्रैल को उसकी नाबालिग पुत्री घर से बाहर टंकी का पाइप लगवाने के लिए गई थी लेकिन जब वह काफी देर तक भी नही लौटी तो उसने घर के बाहर जाकर उसे तलाश किया लेकिन उसका कही पता नहीं चला। इस दौरान किशोरी की मां को पता चला कस्बे का ही एक युवक उनकी मानसिक रूप से विछिप्त पुत्री से छुप-छुपकर मिलता है। इसके बाद जब आरोपी से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसकी पुत्री को गांव सुन्हैडा निवासी एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इसके बाद वह गांव सुन्हेडा में आरोपी के घर पहुंचे तो वहां पर आरोपी अथवा उसका पिता नहीं मिला। इसके बाद वह लौटकर अपने घर वापस लौट आए। महिला ने बताया कि सुन्हैडा से एक व्यक्ति का फोन आया। उसने अपने ग्राम प्रधान बताया और कहा कि आरोपी ने उनकी लड़की से कोर्ट मैरिज कर ली है। वह उनसे मिले तो वह उनका समझौता करा सकते है। महिला ने इस संबंध में ण्सपी काय्रलय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आशंका व्यक्त की है कि आरोपी दुष्कर्म के बाद उसकी पुत्री की हत्या कर सकता है। उसने एसपी से उसकी पुत्री को बरामद कराने की गुहार लगाई है।

# आम बागानों में जिलाधिकारी ने बेगिंग विधि की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल में बनी अस्थायी गौशाला का जिलाअधिकारी ने निरिक्षण किया। जहां उन्होंने गौशाला में चारे की व्यवस्था पानी की व्यवस्था और रख रखाऊ की व्यवस्था को देखा। इसके अलावा उन्होंने आम बागानों में आम के फल पर बेगिंग विधि की भी जानकारी ली और वहा मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

रटौल मे किसान भवन में बनी अस्थायी गौशाला का जिलाअधिक. ारी अस्मिता लाल ने पहुंच निरिक्षण किया। जहां उन्होंने 101 गौवंश संरक्षित मिले। वही उन्होंने गोवशों को चारा फल मिठाई भी खिलायी। इसके अलावा उन्होंने गौशाला मे पशुओं के रहने चारा, पानी की व्यवस्था को देखा और जानकारी ली। इसके अलावा वहा मौजूद आला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने आम बागानों का दौरा किया। जहां उन्होंने आम के फल पर बेकिंग विधि की जानकारी ली । जहां डीएचओ दिनेश कुमार अरूण ने जानकारी देते हुए बताया कि आम के फल को बैग से कवर किया जाता है जिससे बेगिंग विधि कहा जाता है। इससे आम खराब नही होता है और साफ सुधरा बना रहता है। इसके अलावा बीमारी से भी बचांव होता है। इस मौकें चौयरमैन जुनैद फरीदी, ईओ विरज सिंह त्रिपाठी, महबूब, सचिन, हबीब खान,रियाज,बाबर,अनीश आदि मौजूद रहे।



# एसपी ने कोतवाली बड़ौत का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसपी सूरज कुमार राय ने बड़ौत कोतवाली का देर रात औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय में अभिलेखों का रखरखाव, जनसुनवाई डेस्क और महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया।

एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। अपराध नियंत्रण के लिए पैदल गश्त और चौकियों पर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं के तुरंत निस्तारण पर जोर दिया। फरियादियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कहा। एसपी ने चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

# आठ दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रमों का किया गया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत बागपत में आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में औद्यानिक फसलों के तोडाई उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन पर तथा लैंडस्कैपिंग पर दो अलग-अलग आठ दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं नैक कोऑर्डिनेटर डा.श्याम किशोर ने फीता काटकर किया। दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 मई से लेकर के 9 मई 2025 तक आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रमों में लगभग 50 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। दोनों कार्यक्रम रोजगार परक होने के साथ साथ बढ़ती वैश्विक जनसंख्या को देखते हुए आयोजित किये जा रहे हैं। उपरोक्त कार्यक्रमों में लगभग दो दर्जन से अधिक औद्यानिक प्रसंस्कृत उत्पादों को बनाने एवं उपयोगिता के आधार पर पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नैक को ऑर्डिनेटर डा.श्याम किशोर ने आयोजक विभागों एवं प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहना चाहिए, जिससे कि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। कॉलेज के प्राचार्य प्रो वीरेंद्र प्रताप सिंह ने दोनों कौशल विकास कार्यक्रमों को छात्रें से तनमयता से करने को कहा जिससे भविष्य में वह रोजगार लेने वाले नहीं रोजगार देने वाले बन सकें। कार्यक्रम के पहले दिन छात्रों ने अदरक आंवला से स्वास्थ्य के लिए लाभकारी शीतल पेय पदार्थ का निर्माण डा.अनुपम तिवारी के निर्देशन में करना सीखा। कार्यक्रम में डा.शीश पाल सिंह, डा.रश्मि निगम, डा.पुखराज सिंह डा.सौरभ सिंह डा.अभय विक्रम सिंह डा. सुधीर कुमार आदि आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित रहें।




**NOTICE**

I, Anuj Kumar S/O Shri Baru Singh R/O Vill-Hashampur Tehsil-Jansath Diss-Muzaffarngar, Uttar Pradesh-251320 I Have Changed My Name Anuj Kumar To Anuj Dhangar For All Purposes In Future.

**NOTICE**

I, Neha Do Udayveer R/O Vill-Khubbapur Tehsil-Kahtuali, Distt-Muzaffarngar, Uttar Pradesh-251203 I Have Changed My Name Neha To Nehs Dhangar For All Purposes In Future.

# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत हलालपुर वि.खं.छपरौली ( बागपत )

**पत्रांक: ११ /पं.रा.वित्त/१५वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद / २०२५-२६** **दिनांक**-02.05.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक-06.05.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक-06.05.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | माह | स्वीकृत लागत | इकाई | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | खेल मैदान में ओपन जिम कार्य। | 3माह | 200000 | 1 | 200 |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | वीरसैन के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | 3माह | 80000 | 1 | 100 |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ओपन जिम स्थापन कार्य। | 3माह | 200000 | 1 | 200 |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वतः निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदों/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत हलालपुर**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत हलालपुर**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**

# दिल्ली से आ रही बस और ट्रक की भिड़ंत में 30 सवारी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की सुबह बागपत फ्लाई ओवर के पास एक बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई जिसमें करीब 30 सवारी घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीर ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। सूत्रों के अनुसार डबल डेकर बस जिसका नंबर यूके 07पी ऐ 7599 दिल्ली से आ रही थी जैसे ही वह बागपत बाईपास फ्लाईओवर के ऊपर पहुंची तो सामने खड़े ट्रक में भिड़ंत हो गई। बस की टक्कर होते ही उसमें बैठी सवारियों की चीख पुकार मच गई तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाला और पास के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें सुमन, राहुल, जितेंद्र, हरिओम और भी अन्य सवारी घायल हो गई उधर ट्रक चालक सलमान मेरठ निवासी जो बुरी तरह घायल हो गया। सभी को सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी की हालत चिंताजनक बनी हुई है।




# डीएम ने 10 मई को क्रांति दिवस को मनाए जाने के संबंध में की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में 10 मई को शहीद दिवस (क्रांति दिवस) के रूप में मनाये जाने के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि क्रांति दिवस भव्य रूप से मनाया जायेगा। उन्होंने प्रभात फेरी के मार्ग में पड़ने वाली सड़को की मरम्मत तथा मूर्तियो की साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। अवगत कराया गया कि प्रभात फेरी गांधी आश्रम गढ रोड से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक बुढाना गेट होते हुये शहीद स्मारक पर संपन्न होगी। शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। क्रांति दिवस के अवसर पर औघड़नाथ मंदिर में अमर शहीदो को पुष्प अर्पित कर नमन किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि इस अवसर पर विभिन्न स्कूलो के बच्चो की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये दौड़ का आयोजन किया जायेगा। चौधरी चरण सिंह विवि में विभिन्न देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। क्रांति दिवस पर दिनभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो में राष्ट्रीय गीत होंगे।

# तहसील तिराहे पर युवक पर गोलियां बरसाने वालों पर लगी गैंगस्टर

## साढ़े चार महीने पहले तहसील तिराहे पर सरेशाम युवक पर बरसाई थी गोलियां


- जानलेवा हमले में जेल में बंद तीनों आरोपी गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** साढ़े चार महीने पहले तहसील तिराहे पर युवक पर सरेशाम गोली बरसाने वाले तीन आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। हालांकि अभी तीनों आरोपी जेल में बंद हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से उन्हें जमानत मिलने का रास्ता भी बंद दिखाई दे रहा है। उधर, कुछ दिन पूर्व आईपीएल सट्टा गिरोह के खिलाफ भी पुलिस गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी कर रही है।

**यह था मामला...**

पिछले साल 15 दिसंबर की शाम को तहसील तिराहे पर तीन युवकों ने रंजिशन एवं वर्चस्व की लड़ाई में यश भाटी पर पिस्टल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं। जिसमें तीन गोली यश को लगी थी।




हालांकि उसकी जान तो बच गई, लेकिन उसकी हालत अभी तक ठीक नहीं है और उसका इलाज चल रहा है। घटना के दौरान बाजार में अफरा-तफरी मच गई थी। पुलिस ने मुकदमें में नामजद हैप्पी भाटी पुत्र सुरेंद्र भाटी, अनमोल भाटी पुत्र सेठपाल निवासीगण ग्राम सैफपुर कर्मचंदपुर व सोनू उर्फ डायमंड पुत्र विक्रम निवासी ग्राम निडावली थाना हस्तिनापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस के साथ आरोपियों की हुई मुठभेड़ में हैप्पी भाटी गोली लगने से घायल हो गया था। उसके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।

### डीएम के अनुमोदन पर लगी गैंगस्टर

इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त तीनों आरोपी गैंग बनाकर हथियारों के बल पर जनता को डराने धमकाने का काम करते रहे हैं। उनका गैंग जनपद स्तर पर सक्रिय है। इसलिए उनका गैंग चार्ट बनाकर डीएम को भेजा गया था। डीएम के अनुमोदन के बाद कार्रवाई करते हुए घटना में नामजद तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सट्टा गिरोह पर भी होगी गैंगस्टर की कार्रवाई!

पिछले सप्ताह नगर में आईपीएल का सट्टा चलाने वाले गिरोह पर भी पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर सकती है। पुलिस ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मवाना ने सट्टा गिरोह चलाने वाले छह आरोपियों को गिरतार कर लिया था, जबकि सात आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि सट्टे के काले कारोबार पर पूरी अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर की कार्रवाई जानी आवश्यक है।

# आज द्रौपदी घाट मंदिर पर लगेगा मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** महाभारतकालीन ऐतिहासिक द्रौपदी घाट मंदिर पर रविवार को विशाल मेला आयोजित किया जाएगा। वैशाख माह की सप्तमी को लगने वाले मेले की समस्त तैयारियां पूर्ण हो गई है और श्रद्धालु पहुंचना प्रारंभ हो गया है। रविवार को मां द्रौपदी घाट मंदिर पर लगने वाले मेले के लिए महिला श्रद्धालुओं का मंदिर व जैन मंदिरों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया है। मंदिर महंत बेगवती ने बताया कि माता द्रौपदी इसी स्थान पर स्नान करने के उपरांत भगवान शिव की पूजा अर्चना करने मंदिर जाती थी। इसलिए इस घाट का नाम द्रौपदी घाट पड़ गया। प्रत्येक वर्ष वैशाख मास की सप्तमी के दिन द्रोपदी मंदिर पर मेला आयोजित होता है। इसके लिए पहले दिन हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु हस्तिनापुर पहुंच जाती हैं और द्रौपदी मंदिर के प्रांगण में बने सरोवर में स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना करती है और अपने पति की दीर्घायु व परिवार में सुख समृद्धि के लिए बरगद के वृक्ष की पूजा अर्चना कर वृक्ष पर कलावा बांधती है। मेले के लिए मंदिर परिसर व जैन मंदिरों पर दुकानें सज गई है और दूर दराज से महिला श्रद्धालुओं का पहुंचना भी प्रारंभ हो गया है। वहीं मुख्य मार्ग की ओर से मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए मार्ग का कार्य निर्माणाधीन है। इसलिए पुलिस इस मार्ग पर केवल पैदल यात्रियों के लिए रखेगी।



# लैवेटरी केयर के बादशाह और बॉलीवुड के किंग ने मिलाया हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान का अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में हार्पिक स्वागत करके अपनी शानदार विरासत की यात्रा को आगे ले जाने की गर्व के साथ घोषणा करता है। यह बेमिसाल पार्टनरशिप हार्पिक की बेहतरीन सफाई की शानदार विरासत और शाहरुख खान के सम्मोहिक व्यक्तित्वस, साझा मूल्यों और भारतीय परिवारों के बीच उनकी लोकप्रियता को एक साथ लाती है। मार्केटिंग डायरेक्टर हाइजीन, रेकिट-साउथ एशिया गौतम ऋषि ने कहा, हमें हार्पिक परिवार में शाहरुख खान का स्वागत करते हुए काफी खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। लाखों भारतीयों के साथ उनका अटूट रिश्ता और उनकी वैल्यु हार्पिक के भरोसे, प्रदर्शन और केयर को बहुत ही सटीकता से प्रदर्शित करती हैं।

# ग्रह कलेश के चलते वृद्ध पिता ने खाया जहर, हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में जमीनी विवाद के चलते पिता ने अपने पुत्रों से दुखी होकर जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलने पर गांव के पूर्व प्रधान अश्वत्थामा व परिजन वृद्ध सुरेशचंद को थाने ले गए। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरेशचंद के छोटे पुत्र पिंकू की बहू आशा ने डेढ़ महीने पूर्व जमीनी विवाद को लेकर सुरेशचंद के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले को लेकर सुरेशचंद मानसिक रूप से तनाव में चल रहा था। इस संबंध में दरोगा धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि सुरेशचंद ने जमीनी विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया है इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल वह बात करने की स्थिति में नहीं है पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। लेकिन वृद्ध सुरेशचन्द से बात करने पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# आईपीएल सट्टे पर फिर मवाना पुलिस का वार, सात सटोरिये गिरफ्तार

- पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में किया पेश, टीवी-मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** पुलिस ने एक बार फिर से आईपीएल सट्टा पर कड़ा प्रहार किया है। इंस्पेक्टर मवाना ने आईपीएल सट्टा चलाने वाले सात सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक टीवी व कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनसे सट्टा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

शुक्रवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला हीरालाल में मखदूमपुर अड्डे के पास नाइयों वाली गली में एक मकान में आईपीएल का सट्टा संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने बताए गए मकान में छापा मारकर सात लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उस मकान से एक टीवी व छह मोबाइल बरामद किए। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि नवेज पुत्र मोहम्मद रफी, शमशाद पुत्र मोहम्मद नासिर, जुनेद पुत्र मोहम्मद यूसुफ, शहजाद पुत्र आजाद, शादाब पुत्र इशाक, एहतेशाम पुत्र निजामुद्दीन, सलमान पुत्र राशिद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके पर आईपीएल का सट्टा संचालित होना पाया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर सभी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल, पिछले सप्ताह पुलिस ने ऐसे ही एक गिरोह का भंडाफोड़ कर छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से लेपटॉप, टेबलॉयड, बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद किए थे। अभी तक उस मामले में सात आरोपी फरार हैं।



# सेंट जेम्स स्कूल में लगे तीन दिवसीय पुस्तक मेले का हुआ समापन

- पुस्तक हमारी सच्ची साथी होती है उस पर भरोसा किया जा सकता है: डॉ. नवीन सिंह
- पुस्तके मनुष्य की सोच व विचारधारा को बदलने की क्षमता रखती है: अर्पणा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित सेंट जेम्स स्कूल (सीनियर सेकंडरी) में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का शनिवार को समापन हुआ।

जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को नई-नई पुस्तक देखने व पढ़ने का अवसर मिला। छात्रों को विभिन्न लेखकों द्वारा लिखी गई पुस्तके सामान्य ज्ञान, विज्ञान, कला क्राफ्ट, गणित, शब्दकोश कथा, कहानी, उपन्यास, महान व्यक्तित्व आत्म कथा, आदि पर आधारित थी, जिन्हें पढ़कर बच्चों ने अपनी ज्ञान लालसा को बढ़ाया और प्रेरित हुए। प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह व मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने बच्चों को समझाया कि पुस्तक हमारे सच्चे मित्र होते हैं, सच्चे साथी होने के कारण उन पर भरोसा किया जा सकता है। यह ज्ञान का अक्षय भंडार होती हैं। पुस्तकें ज्ञानवर्धन के साथ साथ हमारी जिज्ञासा को शांत करती हैं और हमारे लिए वरदान साबित होती हैं। पुस्तके मनुष्य की सोच व विचारधारा को बदलने की क्षमता रखती हैं। हमें उत्कृष्ट पुस्तकों का चयन करना चाहिए। इस पुस्तक मेले के आयोजन को सफल बनाने में प्रधानाचार्य व मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह व सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

# तहसील सदर में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त मेरठ मंडल हृषिकेश भास्कर यशोद ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समयसीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 41 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष के शीघ्र निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि आमजन की शिकायतों का संबंधित अधिकारी प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी आदि मामले रहे।

# शोभित विवि में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर 'सामाजिक एवं प्रबुद्ध समागम' का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय में चुनावी सुधार एवं लोकतांत्रिक दक्षता विषय पर सार्थक संवाद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विचारोत्तेजक सत्र 'सामाजिक एवं प्रबुद्ध समागम' का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रहा, जिसमें संवैधानिक, प्रशासनिक एवं आर्थिक पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र, कुलपति प्रो. डॉ. वी. के. त्यागी, मुख्य अतिथि चौधरी देवेंद्र सिंह पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि करूनेश नंदन गर्ग पूर्व अध्यक्ष, भाजपा मेरठ एवं महानगर समन्वयक एक राष्ट्र, एक चुनाव ने अपने विचार साझा किए। चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी परिवर्तन है जो गरिमापूर्ण शासन, राजनीतिक स्थिरता और निरंतर विकास की नींव रखता है। करूनेश नंदन गर्ग ने इस पहल को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे चुनावी खर्चों और बार-बार होने वाले चुनावों की आवृत्ति में कमी आएगी तथा जनभागीदारी में वृद्धि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को न केवल नीति-निर्माण संबंधी संवादों में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, बल्कि भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण भी करना चाहिए। कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी ने कहा कि ऐसे संवाद युवाओं को लोकतंत्र की जड़ों से जोड़ते हैं और उन्हें विचारशील, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार करते हैं। इस अवसर पर विवि के निदेशकगण, सभी संकाय सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की और अपने विचार भी साझा किए। सभी ने एक स्वर में इस विषय की प्रासंगिकता को स्वीकारते हुए इसके विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित प्रश्न पूछे और सार्थक संवाद में भाग लिया।



# डेरी उद्योग के क्षेत्र में रोजगार की बढ़ रही हैं संभावनाएं: डॉ. एसवी सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शनिवार को डायरेक्टेड ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट में छात्रों के लिए डेयरी उद्योग के क्षेत्र में रोजगार की बढ़ रही है संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कृषि विवि के कुलपति प्रोफेसर के.के सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया जा रहे हैं। जिससे छात्रों में रोजगार की संभावनाएं अधिक से अधिक पैदा की जा सके और उनको रोजगार एवं रोजगार के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बनास डेरी के ओएसडी डॉ. एस वी सिंह ने कहा भारत में दुग्ध उत्पादन बड़ी मात्रा में किया जा रहा है, यही कारण है कि हम विश्व में प्रथम स्थान पर बने हुए हैं यहां पर देरी के क्षेत्र में रोजगार की बहुत संभावनाएं हैं उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की बनास डेरी द्वारा दुग्ध एवं दुग्ध के गुणवत्ता युक्त उत्पाद बनाए जा रहे हैं जिनकी मांग पूरे विश्व में है। इसमें किसानो की कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाकर कार्य किया जा रहा है जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि पशुपालन भारतीय ग्रामीण परिवेश में आर्थिक उन्नति का अभिन्न अंग रहा है गांव में दुग्ध उत्पादन व्यवसाय मुनाफे वाला बनता जा रहा है। उन्होंने अपनी संबोधन में कहा कि दुग्ध उत्पादन लघु व्यवसाय और कुटीर उद्योग के रूप में विकसित किया जाए तो ग्रामीण लोगों को अधिक रोजगार उपलब्ध हो सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए बनास डेरी फरीदाबाद के रीजनल हेड वी.सी जोशी ने संबोधित करते हुए कहा की दूध उत्पादन व्यवसाय या डेरी फार्मिंग छोटे व बड़े स्तर दोनों पर सबसे ज्यादा स्तर में फैला हुआ व्यवसाय है। दूध उत्पादन व्यवसाय व्यावसायिक या छोटे स्तर पर दूध उत्पादक किसानों की कुल दूध उत्पादन में मदद करता है और उनकी आर्थिक वृद्धि को बढ़ाता है। निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट डाक्टर आर एस सेंगर ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की वर्कशॉप छात्रों में रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने में योगदान देती हैं उन्होंने बताया कुलपति प्रोफेसर के के सिंह के दिशा निर्देशन में छात्र हित में यह वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर डीबी सिंह द्वारा किया गया तथा धन्यवाद डॉ. सत्य प्रकाश ने दिया।

# कंटेम्परेरी ग्लोबल ट्रेंड्स एंड ट्रांसफॉर्मेशंस इन एजुकेशन, रिसर्च एंड इनोवेशन पर सम्मेलन का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित दीवान वीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में कंटेम्परेरी ग्लोबल ट्रेंड्स एंड ट्रांसफॉर्मेशंस इन एजुकेशन, रिसर्च, एंड इनोवेशन विषय पर एक दिवसीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया और अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें डॉ. मनीषा डी. भागोजी, पेंसिल्वेनिया यूएसए, डॉ. रिचर्ड एन. मोनरेल, मैपुआ विश्वविद्यालय फिलीपींस, डॉ. मरीना अर्नॉट, दुबई बिजनेस स्कूल दुबई, डॉ. अरुणा आंचल, हरियाणा विश्वविद्यालय रोहतक मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन विवेक दीवान, कार्यकारी निदेशक कर्नल डॉ. नरेश गोयल, सलाहकार श्रुति अरोड़ा, मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. एमके गुप्ता प्रो वाइस चांसलर, सीसीएसयू एवं प्रो. अमर गर्ग डीन रिसर्च, सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान प्रो. अमर गर्ग ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जैव विविधता आवश्यक है। अगर इसमें छेड़छाड़ की गई तो प्रकृति हमें सबक सिखाएगी। कर्नल डॉ. नरेश गोयल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल शिक्षा और वैश्विक शोध सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं।

# एएसपीजी कॉलेज में प्रबंध समिति चुनाव की अधिसूचना जारी

## 25 मई को मतदान प्रस्तावित, चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एएसपीजी कॉलेज, मवाना में प्रबंध समिति चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने कॉलेज में पत्रकारों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित वोटर लिस्ट, नामांकन व मतदान आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 25 मई को प्रबंध समिति के विभिन्न पदों के चुनाव के लिए मतदान होगा।

कॉलेज कार्यालय में चुनाव अधिकारी एवं नगर के प्रसिद्ध व्यापारी विनोद गुप्ता ने बताया कि प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित कुल 11 पदों पर चुनाव प्रक्रिया का कार्यक्रम तय किया गया है। इसके लिए मतदाता सूची का प्रकाशन 15 मई दिन शुक्रवार को अपराहन 1 बजे होगा। दिनांक 16 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आपत्तियों के निस्तारण के बाद अपराहन 3 बजे मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 18 मई को सुबह 10 बजे से अपराहन 3 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त करना व जमा होना निर्धारित किया गया है और उसी दिन प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। प्रत्याशियों पर आपत्ति एवं उनका निस्तारण 19 मई को प्रात: 11 बजे से एक बजे तक होगा व उसके बाद अपराहन 3 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। नामांकन की वापसी 20 मई को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक होगी। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 20 मई को शाम 4 बजे होगा। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 25 मई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और उसके बाद मतगणना व चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान में पहचान पत्र को लेकर चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने हर बार की तरह गाईडलाइन जारी की है।



# संस्कृति में बताई 'शिक्षा के वर्तमान दौर में शैक्षणिक व्यावसायिकता' की उपयोगिता




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में संस्कृति स्कूल आफ एजूकेशन ने "शिक्षा के वर्तमान दौर में शैक्षणिक व्यावसायिकता" विषय पर एक प्रेरक अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

अतिथि वक्ता, दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सावन कुमार खन्ना ने शिक्षक प्रशिक्षुओं और संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शैक्षणिक व्यावसायिकता के उभरते परिदृश्य पर उपयोगी और अनुभव भभी जानकारियां दीं। श्री खन्ना ने आज के गतिशील शैक्षणिक वातावरण में शिक्षकों और छात्रों के बीच एक मजबूत संबंध बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षण में व्यावसायिकता अब औपचारिक व्यवहार और नैतिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनात्मक बुद्धिमत्ता, अनुकूलनशीलता और डिजिटल योग्यता भी शामिल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षक को स्वयं विषयों से लगातार अपडेट होना पड़ता है। उसकी योग्यता और सफलता उसके इसी परिश्रम पर निर्भर करती है। विद्यार्थियों को जब समयानुकूल ज्ञान हासिल होता है तभी वे प्रतियोगिताओं और चुनौतियों का सही दिशा में सामना कर पाते हैं। इस सत्र में संस्कृति यूनिवर्सिटी की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने भाग लिया, जिनकी उपस्थिति ने इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

डॉ. सरस्वती घोष ने विशिष्ट अतिथि का औपचारिक परिचय कराया और उनके स्कूली शिक्षा और नेतृत्व में योगदान पर प्रकाश डाला। अतिथियों के सम्मान की भारतीय परंपरा को कायम रखते हुए, स्कूल ऑफ एजुकेशन की डीन डॉ. रैनू गुप्ता ने श्री खन्ना को पटका ओढ़ाकर और एक पौधा देकर सम्मानित किया। व्याख्यान का समापन सुश्री शुभ्रा पांडे द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

उन्होंने इस कार्यक्रम की मेजबान और संकाय समन्वयक के रूप में भी काम किया। कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने वाले छात्र समन्वयकों में अग्रज, शिवा, दिनेश (बी.ए. बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर), हेमंत (बी.ए. बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर), आयुष (बी.एससी. बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर) और अनामिका (बी.ए. बी.एड. छठा सेमेस्टर) शामिल थे।

## एएसपी ने एसएसबी की संयुद्र टीम के साथ भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना माधोटांडा क्षेत्रान्तर्गत मालाघाट, रमनगरा एवं भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर प्रशानिक अधिकारियों, सशस्त्र सीमा बल व जनपदीय पुलिस के साथ पैदल गश्त की गई एवं स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुन निराकरण के सम्बन्धित को निर्देश दिए गए। उनके द्वारा बार्डर एरिया पर स्थित पौन एकड़ घाट के आसपास नाव के माध्यम से दूरगामी क्षेत्रों का जायजा लिया गया तत्पश्चात रमनगरा स्थित एसएसबी कैम्प पर चरनदीप सिंह गिल व जमीर, असिस्टेंट कमान्डेंट 49 वीं बटालियन एसएसबी के साथ विभिन्न सुरक्षात्मक पहलुओं पर गहनता से चर्चा की गई। सशस्त्र सीमा बल व जनपदीय पुलिस को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए प्रभावी गश्त और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीएम ऋतु पूनिया, एसडीएम कलीनगर, नायब तहसीलदार कलीनगर एवं प्रभारी निरीक्षक थाना माधोटांडा उपस्थित रहें।

# सरकारी नाला खुदाई के दौरान दो पक्षों में संघर्ष, चाकू और बांका से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सरकारी नाले की खुदाई के दौरान मिट्टी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस दोनों पक्षों को समझाकर लौट आई। इसके बाद मारपीट से खलबली मच गई। हमले में एक ग्रामीण लहुलुहान अवस्था में जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस ने आठ के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी रिजवान खान ने बताया 1 मई को घर के पास सरकारी नाला निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई हो रही थी। उसमें निकलने वाली मिट्टी को गड्ढे में डालकर पटान किया जा रहा था। तभी वहां पर हसमुद्दीन, सहीरुद्दीन पुत्रगण बाबू खान और मुजाहिद व नसरीन पुत्रगण हसमुद्दीन नाला खुदाई में अंड़गा लगाने लगे। विरोध करने पर कहासुनी हो गई। शिकायत पर डायल 112 पुलिस समझा बुझाकर लौट गई। इससे आरोपी रंजिश मानने लगे। घर से निकलने के दौरान मजार के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने उनपर हमला कर दिया। बांका, चाकू के प्रहार से सिर और शरीर में कई चोटे आई। लहुलुहान होकर जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। बचाने आए पिता मजरुद्दीन पर भी हमलावर हो गए। इससे उनके हाथ पैर में गंभीर चोटे आई हैं। शोर सुनकर ग्रामीणों ने बचाया। वरना आरोपी जान से मार डालते हैं। इसके बाद सभी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने चारों पर मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की हसमुद्दीन ने बताया उसकी जगह में नाजायज तरीके से मिट्टी डलवाई जा रही थी। विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने लगे। इसके बाद अपने घर पर खींचकर उसे ले जाने लगे। बच्चों के बचाने पर घर की औरतों को भी जमकर पीटा। जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने हसमुद्दीन की ओर से फरहान, रिजवान, मुन्ना उर्फ फैजान पुत्र मजरुद्दीन और बड़े लल्ला पुत्र जलालुद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव कुर्रैया खुर्द कलां निवासी प्रमोद कुमार की 15 वर्षीय पुत्री साल्वी ने शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। अचानक फंदे पर शव लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सेहरामऊ इंस्पेक्टर संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद परिजनों की मौजूदगी में शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। इस के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। प्रमोद कुमार की तीन बेटी व एक बेटा है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। अब एक बेटी की मौत के बाद परिवार सदमे में है। सेहरामऊ इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया फांसी लगाकर एक किशोरी ने आत्महत्या की है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंटर हाउस ग्रुप डांस और ग्रुप सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल का 33 वां स्थापना दिवस शनिवार को उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें इंटर हाउस ग्रुप डांस और ग्रुप सिंगिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी हेडमिस्ट्रेस (जूनियर) नेहा पांडेय, हेडमिस्ट्रेस प्राइमरी रचना वाधवा ने कार्यक्रम का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का संयोजन एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा ने किया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ परविंदर सिंह सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर बेन-हर गुरुकुल गुरदित्त सिंह सैहमी, हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा, आई.टी. हेड विजय जायसवाल, किड्स वर्ल्ड इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। प्रतिभागियों की चार श्रेणियों में कार्यक्रम को समायोजित किया गया। पहली श्रेणी में कक्षा एक तथा दो के प्रतिभागी रखे गए। इनकी ग्रुप डांस प्रतियोगिता में सतपुरा हाउस ने प्रथम विंध्या हाउस ने द्वितीय तथा अरावली हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी हाउस इंचार्जेज के साथ प्राइमरी इंचार्ज रचना वाधवा कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। दूसरी श्रेणी में रहे कक्षा 3 से 5 के प्रतिभागी। इनकी ग्रुप डांस प्रतियोगिता में विंध्या हाउस प्रथम, अरावली हाउस द्वितीय तथा हिमालया हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा 1 से 5 के प्रतिभागियों में शामिल रहे गुरनूर सैहमी, अक्षत भदौरिया, ईवा अग्रवाल, दिव्यांका पाठक, आव्या गंगवार, ईशाना, कियारा महाजन, नायरा अरोड़ा, गुरमनप्रीत कौर, अनंता रणविजय गंगवार, मानिक अग्रवाल, दर्श बंसल, शिवन्या जायसवाल, एकमप्रीत सिंह और आयशा फातिमा। कक्षा 6 से 8 के प्रतिभागी ग्रुप डांस-तीसरी कैटेगरी में रहे। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं तथा हाउस इंचार्जेज के साथ हेडमिस्ट्रेस (जूनियर) नेहा पांडेय उपस्थित रहीं। हिमालया हाउस के प्रतियोगियों ने प्रथम विंध्या हाउस ने द्वितीय और अरावली हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**लावड़।** कस्बे में दौराला मसूरी मार्ग पर स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को कॉलेज की प्रधानाचार्या सुनीता भारती ने स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर पोस्टर व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन रेनू भारद्वाज द्वारा कराया गया जिसमें जूनियर एवं सीनियर वर्ग की छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें पोस्टर इक्वलिटी फॉर ऑल प्रतियोगिता में कक्षा 12 की महविश व कक्षा 8 की रेनू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर आवर राइट्स आवर प्राइड्स प्रतियोगिता में कक्षा 12 की प्रिया व कक्षा 6 की गुनगुन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विभिन्न छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें कक्षा 9 की छात्रा आरती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## ग्राम पंचायत दतिया में हुआ पेंशन कैम्प का आयोजन




**मथुरा।** जिलाधिकारी मथुरा के आदेश के अनुपालन में जनपद - मथुरा की ग्राम पंचायत- दतिया के सचिवालय ६ पंचायत घर सभागार में पात्र लाभार्थियों हेतु पेंशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव ग्राम पंचायत दतिया हरेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा अन्य सरकारी योजनाओ की जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर 9 वृद्धावस्था पेंशन 01 दिव्यांग पेशन तथा 03 निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों के आय प्रमाण पत्र हेतु आवेदन ऑन लाइन कराये गये आय-प्रमाण पत्र बनने के पश्चात उनके पेंशन आवेदन ऑन लाइन कराये जाएंगे कुल 8 लाभार्थी द्वारा अपनी पेंशन न मिलने की शिकायत दर्ज करायी गयी, जिसे श्री सत्य प्रकाश सिंह सहायक विकास अधिकारी (कृषि) विकास खण्ड व जनपद- मथुरा द्वारा चौक कराकर कमियों को 3 दिवस में दूर कराने हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बृजवासियों से मिला स्नेह कभी भुलाया नहीं जा सकता: आशीष



**मथुरा।** मथुरा के जिला जज को हाल ही में गाजियाबाद जिले का जिला जज बनाया गया है उनके बधाई समारोह में सभी ने उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला जज आशीष गर्ग ने कहा कि बृजवासियों का जो स्नेह मिला है वह कभी बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जिला न्यायालय के सभी साथी अधिकारी और कर्मचारियों ने जो सहयोग किया उसे भी वह याद रखेंगे। न्याय कर्मचारी संघ और ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट, सेल टैक्स के पूर्व अधिकारी चंद्रपाल सिंह पोनिया एडवोकेट आदि ने उनके कार्य एवं व्यवहार की सराहना की।

## एडीएम वित्त ने एसडीएम के साथ किया मंडी के गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण



**कोसीकलां।** मंडी समिति परिसर में एडीएम वित्त योगानंद पांडेया, एसडीएम श्वेता ने सरकारी गेहूं खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कहा कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राथमिकता के साथ गेहूं की खरीद की जाए।एडीएम ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि खरीद कार्य को तेजी से पूरा किया जाए और यदि लक्ष्यों की पूर्ति नहीं होती है तो संबंधित की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने गेहूं खरीद केंद्र पर पहुंचकर बांट, बारदाना आदि को देखा और केंद्र प्रभारी से गेहूं तुलाई, बारदाना, किसानों के पंजीकरण की जानकारी ली। उन्होंने किसानों के लिए छाया, पेयजल की व्यवस्था, गेहूं खरीद केंद्र में ही करने के निर्देश दिए। कहा कि गेहूं खरीद का काम पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए। ताकि, गेहूं बेचने के लिए के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। एसडीएम श्वेता ने बताया कि पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के चलते मंडी में गेहूं की आवक कम थी। वही खुले बाजार में गेहूं की कीमत ज्यादा होने से केद्रों पर आवक कम है।

## चौ. मुख्तार सिंह राजकीय महिला पॉलीटेक्निक दौराला में आद्यंत फ्रेशर-फेयरवेल का आयोजन



**मेरठ।** चौधरी मुख्तार सिंह राजकीय महिला पॉलीटेक्निक दौराला, मेरठ में 'आद्यन्त फ्रेशर फेयरवेल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मो. साबिर संयुक्त, निदेशक प्राविधिक शिक्षा पश्चिमी क्षेत्र दौराला, मेरठ उपस्थित रहें, जिन्होंने छात्राओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। संस्था प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने छात्राओं को आगामी परीक्षा हेतु अपनी शुभकामनाएं दी व संस्था से शीघ्र पास आउट होने वाली छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें 'बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं', 'पॉलीटेक्निक चलो अभियान' इत्यादि प्रस्तुतियां मनमोहक रहीं। इस कार्यक्रम का समस्त प्रबंधन एवं संचालन संस्थागत समस्त छात्राओं द्वारा किया गया।

## डिस्कॉम ने विद्युत संबंधी शिकायत, पंजीकरण तथा ट्रेकिंग के अन्य विकल्प कराए उपलब्ध

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने बताया कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत आने वाले समस्त 14 जनपदों के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये, डिस्कॉम द्वारा अब विद्युत संबंधी शिकायत, पंजीकरण तथा ट्रेकिंग आदि के अन्य विकल्प भी उपलब्ध कराये गए हैं। अब उपभोक्ता विद्युत हेल्प लाइन नं. 1912 के विकल्प के अतिरिक्त विभागीय वेबसाइट pvvnl.org पर डिजिटल माध्यम से अथवा pvvnl.org के माध्यम से भी घर बैठे विद्युत संबंधी शिकायतों का पंजीकरण तथा दर्ज शिकायत की ट्रेकिंग आदि ऑन लाईन कर सकते हैं। विभागीय वेबसाइट pvvnl.org पर उपभोक्ताओं को डिजिटल माध्यम से विभिन्न सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। विभागीय वेबसाइट pvvnl.org के माध्यम से

### शिकायत दर्ज करने तथा दर्ज शिकायत की ट्रैकिंग की सुविधा डैश बोर्ड पर है उपलब्ध

उपभोक्ता सभी जानकारी एक क्लिक मे प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट के होम पेज तथा कन्ज्यूमर कार्नर सैक्शर पर किंलक के उपरान्त विभिन्न निर्देशों का अनुपालन कर, शिकायत का पंजीकरण तथा दर्ज शिकायत को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। इस सुविधा से उपभोक्ता विद्युत संबंधी शिकायत का पंजीकरण और दर्ज शिकायत की ट्रैकिंग घर बैठे ऑन लाईन कर सकेगें। उपरोक्त के अतिरिक्त उपभोक्ता अन्य विकल्प जैसे Whatsapp Chat bot के माध्यम से भी सीधे शिकायत दर्ज करा कर, शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु, वेबसाइट पर Whatsapp Chat bot (मो. नं. 7859804803) को क्यू.आर. कोड के साथ, वेबसाइट से सम्बद्ध कर दिया गया है। क्यू.आर. कोड को स्कैन करने पर, उपभोक्ता सीधे विभागीय Whatsapp चैट से जुड़ जाएंगे। इस व्हाट्अप चैट बोट नम्बर (7859804803) के माध्यम से उपभोक्ता बिल संबंधी, आपूर्ति संबंधी तथा अन्य शिकायतें सीधे दर्ज कराकर तुरंत समाधान प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेगें। उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध मानचित्र के माध्यम से, जनपदवार विभागीय कार्यालयों के नाम, स्थान, संबंधित अधिकारी का नाम तथा मो. नम्बर आदि की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये जनपदवार अधिकारियों का संपर्क विवरण भी वेबसाइट पर दिया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका गजरौला ( अमरोहा )**

पत्रांक: 164/न.पा.परि.ग./नोटिस/2025 दिनांक: 02/05/25

**नोटिस सूचना**

**श्री सर्वेश सिंह पुत्र श्री अनूप सिंह, ग्राम बांसका मदारीपुर जिला अमरोहा, हाल निवासी बी**-148 शालीमार गार्डन साहिबाबाद, गाजियाबाद व मौ.नाईपुरा गजरौला (जनपद अमरोहा)

एतत द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि श्री **श्री सर्वेश सिंह पुत्र श्री अनूप सिंह** के नाम से निकाय द्वारा जारी गृहकर की रसीद संख्या 90 बुक संख्या 138 मौ.चौपला वार्ड संख्या 18 दिनांक 23 जनवरी 2023 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है एवं आपको उक्त नोटिस/सूचना के माध्यम से यह भी आदेशित किया जाता है कि आप द्वारा उक्त रसीद का प्रयोग अग्रिम आदेशों तक नहीं किया जाए।

**राजेन्द्री उर्फ उमा देवी**
अध्यक्षा, नगर पालिका परिषद, गजरौला जनपद अमरोहा

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पंजाब के साथ भिड़ेंगी लखनऊ

**पंजाब की टीम में अय्यर, नेहाल और शंशाक सिंह की बदौलत बल्लेबाजी मजबूत है**




**धर्मशाला, वार्ता।** प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) रविवार को हिमालय की सुरम्य वादियों से घिरे धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ेगी।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर चार विकेट की जीत से उत्साहित पंजाब इस मुकाबले में लय और फॉर्म के साथ मजबूती से उतरेगा। पंजाब की जान उसकी विस्फोटक सलामी जोड़ी प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य में है, जिन्होंने इस सीजन में मिलकर करीब 700 रन बनाए हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब की टीम में अय्यर, नेहल वढेरा, शशांक सिंह और कीपर जोश इंगलिस बल्लेबाजी की गहराई को मजबूत बनाते है जबकि गें. दबाजी के मोर्चे पर अर्शदीप सिंह और मार्को जेनसन ने लगातार शुरुआती झटके दिए हैं, जबकि बीच के ओवरों में युजवेंद्र चहल की चतुराई से परिपूर्ण गें. दबाजी ने गेंदबाजी आक्रमण को धार प्रदान की है। सीएसके के खिलाफ उनके चार विकेट ने मुकाबले को एकतरफा कर दिया था। ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई, हरप्रीत बरार और सूर्यांश शेडगे ने पंजाब के पक्ष को और मजबूत किया। इसके विपरीत, ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम फॉर्म और दबाव दोनों से जूझ रही है, अपने पिछले चार मैचों में से तीन हारने के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई इंडियंस के हाथों 54 रनों की हार ने उन्हें कगार पर ला खड़ा किया है। रविवार का मैच प्रभावी रूप से उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए जीतना जरूरी है। लखनऊ की बल्लेबाजी में सामंजस्य की कमी है, एडेन मार्करम और मिशेल मार्श स्थिर शुरुआत देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। निकोलस पूरन की नंबर तीन पर शानदार बल्लेबाजी की भरपाई पंत की खराब फॉर्म ने कर दी है, जबकि डेविड मिलर और अब्दुल समद अब मजबूत फिनिशर की भूमिका का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर सके हैं। लखनऊ की गेंदबाजी भी औसत रही है। मयंक यादव, लप्रस यादव और आवेश खान ने महत्वपूर्ण ओवरों में रन लुटाए हैं वहीं लेग स्पिनर रवि बिश्नोई उनके सबसे भरोसेमंद हथियार बने हुए हैं। मार्करम और दिग्वेश सिंह राठी भी भरोसे में खरा उतरने के लिए संघर्ष करते दिखायी दे रहे हैं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन के खूबसूरत स्टेडियम में शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। यहां पिछले छह मैचों में से पांच में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत दर्ज की है, इसलिए टॉस खेल का रुख तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत में लखनऊ को उनके घर में आठ विकेट से हराया था, हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में पंजाब लखनऊ से मामूली बढ़त में है। शानदार

# शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय




● **मौजूदा आईपीएल सीजन में शमी की हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण रहेगी**

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुयी है।

घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आए हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है। इस बीच उन्होने एक आईसीसी इवेंट (चैंपियंस ट्रॉफी) खेला है। पूर्व खिलाड़ी ने आशंका जताते हुए कहा कि उन्होंने बहुत सारे मैच खेले हैं। अगर वह अभी भी अच्छा नहीं खेल रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है। हम सभी मान रहे हैं कि ऐसा ही है, तो आगे क्या होगा, इस बारे में एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। मौजूदा आईपीएल सीज़न में अपने नौ मैचों में, शमी ने केवल छह विकेट लिए हैं, जिनका औसत 56-16 और इकॉनमी रेट 11-23 रहा है। शमी की खराब फॉर्म का भारत पर असर को लेकर चोपड़ा ने कहा कि हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे, और अगर शमी होते तो चीजें कितनी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इंग्लैंड में शमी होंगे और किस तरह के शमी होंगे। भारतीय टीम में इंग्लैंड टेस्ट के दौरान वापसी की उम्मीद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरुआत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पीठ में चोट लग गई थी और वे भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे, लेकिन उसके बाद से वे आईपीएल में वापसी कर चुके हैं। तेज गेंदबाज को 2024 के लिए आईसीसी मेन्स क्रिकेटर ऑफ द ईयर और मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। उन्होने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समापन किया था, जिसमें उन्होंने 32 विकेट चटकाए थे। बुमराह ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए अपने सात मैचों में 11 विकेट लिए हैं। सिराज की मौजूदगी से भी भारत को मजबूती मिलेगी, जो इस सीजन में आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में है।

## खेल विशेष

## भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया से मिली एक और हार

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। पर्थ हॉकी स्टेडियम में भारत के लिए नवनीत कौर (35') और लालरेमसियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेस (42') के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। सफलता दूसरे मिनट में ही मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा।

भारत ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की, जब नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत ही जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ा दिया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेम्सियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की।

## ब्राजील के पूर्व मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो छोड़ा

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो से नाता तोड़ लिया है। वह अपने मूल क्लब में मुफ्त ट्रांसफर पर शामिल होने के महज चार महीने बाद ही इससे अलग हो गए हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक संक्षिप्त बयान में क्रूजेरो ने कहा कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, हालांकि उन्होने कोई और जानकारी नहीं दी।

बयान में कहा गया है कि क्रूजेरो सूचित करता है कि उसने खिलाड़ी के साथ अपने अनुबंध संबंधी समझौते को तत्काल समाप्त करने के लिए एक समझौता किया है। दिसंबर के अंत में पाल्मेरास से बेलो होरिज़ोंटे क्लब में लौटने के बाद डुडू ने क्रूजेरो के लिए सभी प्रति योगिताओं में सिर्फ 17 मैच खेले और दो गोल किए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह फैसला प्लेमेकर और क्रूजेरो के मैनेजर जॉन स्टीवंस के बीच संबंधों में आई दरार के बाद लिया गया। ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए तीन बार खेलने वाले डुडू ने 2009 में क्रूजेरो के साथ पेशेवर शुरुआत की थी और दो साल बाद डायनेमो कीव चले गए थे।

# सुभाशीष बोस, सौम्या गुगुलोथ ने भारत के शीर्ष फुटबॉल सम्मान से नवाज गए

**भुवनेश्वर, वार्ता।** सुभाशीष बोस और सौम्या गुगुलोथ को एआईएफएफ पुरस्कार दिवस के अवसर पर वर्ष 2024-25 के एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया। पुरस्कार समारोह कलिंगा सुपर कप 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को ओडिशा की राजधानी में आयोजित किया गया था।

■ **वर्ष 2024-25 के एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप में नामित**

इस अवसर पर एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे के साथ ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और ओडिशा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष टंकधर त्रिपाठी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने कहा कि एआईएफएफ पुरस्कारों के इस महान अवसर पर यहां उपस्थित होना सम्मान की बात है। मुझे याद है कि 2002 में जब प्रिय रंजन दासमुंशी एआईएफएफ के अध्यक्ष थे, तब हमने कलिंग फुटबॉल कप को पुनर्जीवित किया था, जिसे स्वर्गीय बीजू पटनायक ने शुरू किया था। कल्याण के साथ मेरी चर्चा के दौरान, हम इस बात पर सहमत हुए कि हम इस बारे में कुछ करेंगे, और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि कलिंगा सुपर कप के साथ जो किया गया है, वह न केवल ओडिशा राज्य के लिए, बल्कि फुटबॉल के खेल के लिए भी एक बड़ी सेवा है। चौबे ने कहा कि मैं कलिंगा सुपर कप 2025 को बहुत ही सफल तरीके से आयोजित करने के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। ओडिशा एक ऐसा राज्य है, जिसके पास सबसे अच्छा फुटबॉल बुनियादी ढांचा है और हमेशा विभिन्न तरीकों से खेल को बढ़ावा देता है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि ओडिशा में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। पिछले साल हमने नई दिल्ली में पुरस्कार समारोह आयोजित किया था, लेकिन इस साल हम कह सकते हैं कि यह बहुत बड़ा और बेहतर है, और हमें उम्मीद है कि आप सभी के समर्थन से हम आने वाले वर्षों में इसे और भी बड़ा बना सकेंगे। बोस और गुगुलोथ के अलावा, अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार विजेता खालिद जमील (सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच), सुजाता कर (सर्वश्रेष्ठ महिला कोच), विशाल कैथ (सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलक. ीपर), एलंगबाम पंथोई चानू (सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर), ब्रिसन फर्नांडीस (होनहार पुरुष खिलाड़ी), तोइजाम थोइबिसाना चानू (होनहार महिला खिलाड़ी), वेंकटेश आर (सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी), टेकचम रंजीता देवी (सर्वश्रेष्ठ महिला रेफरी), वैरामुथु पी (सर्वश्रेष्ठ पुरुष सहायक रेफरी), और रिओहलंग धर (सर्वश्रेष्ठ महिला सहायक रेफरी) थे। सुभाषिश बोस संदेश झिंगन (2021), सैयद रहीम नबी के बाद एआईएफएफ पुरुष खिलाड़ी ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाले केवल सातवें डिफेंडर बने हैं। सौम्या गुगुलोथ एआईएफएफ महिला प्लेयर ऑफ़ द ईयर अवार्ड जीतने वाली तेलंगाना की पहली खिलाड़ी बनीं। मोहन बागान सुपर जायंटस के लिए स्टिक के बीच ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ने वाले अभियान के बाद विशाल कैथ को सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर चुना गया।

# ब्रिटेन के जोश ने दर्ज की पहली ग्रैंड स्लैम ट्रैक जीत




**फ्लोरिडा, वार्ता।** ब्रिटेन के जोश केर ने मियामी में पहले ग्रैंड स्लैम ट्रैक सत्र की दूसरी प्रतियोगिता के रूप में पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन ने शुक्रवार को श्रृंखला की अपनी पहली जीत के लिए दौड़ लगाई। पेरिस 2024 ओलंपिक में रजत जीतने वाले केर ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारेड नुगुसे और ओलंपिक चैंपियन कोल होकर से आगे रहने के लिए तीन मिनट 34-51 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की छोटी दूरी के दावेदार शनिवार को 800 मीटर से अधिक की दौड़ भी लगाएंगे, ताकि इसके लिए स्लैम विजेता का निर्धारण किया जा सके और उन्हे एक लाख डॉलर की राशि प्राप्त हो। दो बार के ओलंपिक 100 मीटर पदक विजेता फ्रेड केर्ली ने मियामी में भाग नहीं लिया। उन्हें शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम ट्रैक जिसकी संकल्पना चार बार के ओलंपिक चैंपियन माइकल जॉनसन ने तैयार की थी। उसका उद्घाटन समारोह पिछले महीने जमैका के किंग्स्टन में हुआ था, लेकिन तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्टेडियम में बहुत सी खाली सीटें थीं।

# कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में



■ **नॉर्वे के कैस्पर रूड ने 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की**

**मैड्रिड, वार्ता।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रूड ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा। क्ले पर रूड का यह 18वां फाइनल होगा, नोवाक एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी हैं जो क्ले पर सबसे अधिक बार फाइनल तक पहुंचे हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने रेड डर्ट पर 11 खिताब जीते हैं और उनकी सबसे हालिया सफलता मई 2024 में जिनेवा ओपन में आई है। ड्रेपर ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा कि कैस्पर दो बार रोलैंड फाइनलिस्ट रहे हैं।

# मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस को बनाया आइकॉन प्लेयर




**संयमित व्यवहार और खेल की गहरी समझ अय्यर को आइकॉन प्लेयर के रूप में आदर्श विकल्प बनाती है**

**मुंबई, वार्ता।** सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 2025 सीज़न के लिए श्रेयस अय्यर को अपना आइकॉन प्लेयर बनाया है। इस घोषणा के साथ, फ्रैंचाइज़ी को एक शीर्ष-स्तरीय लीडर मिल गया है।

?सोबो मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच गढोके ने कहा कि श्रेयस अय्यर को सोबो मुंबई फाल्कन्स परिवार में शामिल करने पर हमें बहुत खुशी है। उनके संयमित व्यवहार और खेल की गहरी समझ उन्हें हमारे आइकॉन प्लेयर के रूप में आदर्श विकल्प बनाती है। यह नियुक्ति एक ऐसी टीम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो न केवल प्रतिभाशाली है बल्कि टी20 मुंबई लीग के शीर्ष पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए भी तैयार है। उन्होने कहा कि अपने शानदार करियर और भारतीय क्रिकेट में बेजोड़ योगदान के लिए मशहूर श्रेयस अय्यर सिर्फ़ सोबो मुंबई फाल्कन्स में शामिल नहीं हो रहे हैं, बल्कि वे टीम के लिए एक निर्णायक ताकत के रूप में कदम रख रहे हैं।

यह नियुक्ति उत्कृष्टता के प्रति एक साहसिक प्रतिबद्धता का संकेत देती है। सोबो मुंबई फाल्कन्स के ब्रांड एंबेसडर कपिल देव ने कहा कि श्रेयस अय्यर खेल के सच्चे लीजेंड हैं और टीम में उनका शामिल होना अपने आप में एक बयान है। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी मौजूदगी टीम के हर खिलाड़ी को प्रेरित करेगी और लीग के दौरान अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करेगी। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने पर श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह टीम मुंबई क्रिकेट की प्रेरणा और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है और मैं इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करने के लिए यहां हूं। यह सिर्फ़ व्यक्तिगत सफलता से कहीं बढ़कर है।

# लेगिया ने पोगोन को हराकर पोलिश कप जीता

**वारसॉ, वार्ता।** लेगिया वारसॉ ने शुक्रवार को यहां नेशनल स्टेडियम में पोगोन स्ज़ेसिन को 4-3 से हरा कर पोलिश कप पर कब्जा कर लिया। लेगिया ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और 13वें मिनट में रयोया मोरीशिता ने दायीं ओर से दो विरोधियों को पीछे छोड़ते हुए लुक्विनहास को एक सटीक पास दिया, जिसने गेंद को नज़दीक से नेट में टैप करके अपनी टीम को आगे कर दिया। कोच गोंकालो फियो के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने इसके बाद भी हमले करना जारी रखा। 25वें मिनट में, उनके पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का एक शानदार मौका था, जब गोलक. ीपर वैलेंटिन कोजोकारू द्वारा राडोवन पैनकोव को फाउल करने के बाद रेफरी ने पेनल्टी स्पॉट की ओर इशारा किया। हालांकि, 29 वर्षीय गोलकीपर ने मार्क गुआल के पेनल्टी प्रयास को बचाकर खुद को बचाया। पोगोन ने 32वें मिनट में रफाल कुर्जावा के शॉट से जवाब दिया, जो लंबी दूरी से क्रॉसबार पर लगा। ब्रेक से चार मिनट पहले, रॉबर्ट कोलेंडोविक्ज़ की टीम ने कामिल ग्रोसिकी के एक शानदार क्रॉस के बाद बराबरी कर ली, जिससे डेनिजेल लोनकर ने एक बेहतरीन हेडर से गोल कर दिया, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। लेगिया के लिए दूसरे हाफ की शुरुआत बेहतरीन तरीके से हुई। 46वें मिनट में, पावेल वस्ज़ोलेक के शॉट को रोक दिया गया, लेकिन मोरिशिता ने रिबाउंड पाया और कोजोकारू को पीछे छोड़ते हुए लेगिया को बढ़त दिला दी। 64वें मिनट में, फियो की टीम ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। मोरिशिता के एक शानदार थ्रू पास के बाद, इल्या शकुरिन ने कोजोकारू को पीछे छोड़ते हुए खाली नेट में गोल किया और लेगिया को दो गोल की बढ़त दिला दी। पोगोन ने तीन मिनट बाद ही एफथिमिस कोउलोरिस के जरिये अपना दूसरा गोल करने के लिए अथक संघर्ष किया, जिसका शॉट रुबेन विनाग्रे से टकराकर बाएं लवग से एक कम पास के बाद नेट में चला गया। 85वें मिनट में, विनाग्रे ने सुधार किया और पोस्ट में एक सटीक शॉट लगाया और स्कोर 4-2 कर दिया।

# 2026 विश्व कप तक नेमार को अपने साथ रखना चाहता है सैंटोस



**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** सैंटोस के अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने शुक्रवार को कहा कि क्लब चोट की चिंता को दरकिनार कर नेमार के अनुबंध को अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। नेमार यूरोप में एक दशक से अधिक समय और सऊदी अरब में रहने के बाद जनवरी में छह महीने के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब सैंटोस में शामिल हो गए थे। टेक्सेरा ने कहा कि हमें एक तकनीकी तरीका तलाशना होगा ताकि हम नेमार की चोट की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी की निगरानी को इस तरह बदल सकें कि उनके अनुबंध को नवीनीकृत करने और अगले साल होने वाले विश्व कप तक बने रहने की संभावना बढ़ जाए। पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट के बाद वापसी करने के बाद से नेमार पैर की मांसपेशियों की समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वे एक साल से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहे। 33 वर्षीय ने सैंटोस के साथ अपने हालिया कार्यकाल में केवल नौ मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए हैं और तीन असिस्ट दिए हैं। टेक्सेरा ने कहा कि जब हम नेमार को वापस लाए, तो हमें पता था कि उसे बहुत गंभीर चोट लगी है। यह जानते हुए, हमने अपने सभी स्टाफ को नेमार के लिए उपलब्ध कराया और प्रयास किया वह पूरी तरह से ठीक हो सके। वह यहाँ खुश है। यह उसका घर है। सैंटोस वर्तमान में 20 टीमों की ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंड़िग में छह मैचों में चार अंकों के साथ 19वें स्थान पर है।

# ड्रग टेस्ट में फेल होने की सजा काट रहा हूं: रबाडा



केपटाउन,, वार्ता। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा कि वह ड्रग टेस्ट में विफल होने के कारण अनंतिम निलंबन की सजा काट रहे हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने की शुरुआत में गुजरात टाइटंस के लिये खेल रहे 29 वर्षीय रबाडा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) बीच में छोड़ कर घर लौटे थे ताकि महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मामले से निपट सकें लेकिन अब उन्होंने पुष्टि की है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने एक प्रतिबंधित दवा का सेवन किया। रबाडा ने हालांकि दवा या अपने प्रतिबंध की अवधि का खुलासा नहीं किया। रबाडा को लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलना है, जहां दक्षिण अफीका 11-15 जून तक ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। दक्षिण अफीका के लिए 241 मैच खेल चुके रबाडा ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन द्वारा जारी एक बयान में कहा कि मैं उन सभी से बहुत खेद व्यक्त करता हूं, जिन्हें मैंने निराश किया है। मैं क्रिकेट खेलने के विशेषाधिकार को कभी भी हल्के में नहीं लूंगा। यह विशेषाधिकार मुझसे कहीं बड़ा है। यह मेरी व्यक्तिगत आकांक्षाओं से परे है। उन्होने कहा ह मैं एक अनंतिम निलंबन की सजा काट रहा हूं और मैं उस खेल में वापसी करने के लिए उत्सुक हूं जिसे खेलना मुझे पसंद है।ह रबाडा अच्छी फॉर्म में थे और अक्टूबर में 300 विकेट लेने वाले छठे दक्षिण अफीकी क्रिकेटर बने।वह 11,817 गेंदें खेलकर इस मील के पत्थर तक पहुँचने वाले सबसे तेज़ गेंदबाज़ थे।



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क से गुजरते वाहन।

## कृषि शोध का लाभ किसान को मिलना चाहिएः शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि शोध का लाभ खेतों में किसानों तक पहुंचना चाहिए जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ जीवनयापन में सुधार हो सके। चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में बागवानी संबंधी कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि शोध का मुख्य केंद्र कृषि उत्पादकता बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने इलायची, केसर, सुपारी और काली मिर्च इत्यादि की विशेष किस्म की फसलों की पैदावार के संबंध में और विशेष शोध तथा प्रयास करने पर बल दिया। यह समीक्षा बैठक शुक्रवार देर शाम आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे सामाजिक-आर्थिक समृद्धि और बढ़ेगी तो बागवानी उत्पादों-फल-सब्जियों की उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी।

## गुटेरेस जल्द ही सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगेः दुजारिक

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस कुछ ही सप्ताह में सदस्य देशों के समक्ष संगठन के सुधार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुटेरेस ने मार्च में यूएन-80 पहल की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें व्ययों को अनुकूलित करने के लिए इसके संचालन का ऑडिट शामिल है। ये सुधार अमेरिका की ओर से संयुक्त राष्ट्र बजट योगदान में कटौती और मानवीय परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ट्रम्प प्रशासन के रुख के बीच किए जा रहे हैं। दुजारिक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को रिपोर्ट करेंगे, क्योंकि हमें इन महत्वाकांक्षी सुधारों के लिए उनकी भागीदारी की आवश्यकता होगी, उनकी सहमति की आवश्यकता होगी और उनकी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

# ऑस्ट्रेलिया चुनाव में लेबर पार्टी जीती

### फिर पीएम बनेंगे अल्बनीज, 21 साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता, विपक्षी पार्टी ने हार मानी

**कैनबरा, वार्ता**

**आस्ट्रेलिया** में लेबर पार्टी दोबारा चुनाव गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक 55 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी को 89 सीटों पर जीत हासिल हुई है, वहीं विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन 36 सीटों पर जीती है। चुनाव जीतने के लिए 76 सीटों की जरूरत होती है।

लेबर पार्टी की जीत से तय हो गया है कि एंथनी अल्बनीज एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। 21 साल में यह पहली बार होगा जब कोई नेता दोबारा पीएम बनेगा। इससे पहले 2004 में लिबरल पार्टी के जान हावर्ड लगातार दूसरी बार चुनाव जीते थे। वहीं, विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन ने हार मान ली है। विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं।

**विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहाः हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं**



आस्ट्रेलिया में 3 साल पर होते हैं चुनाव आस्ट्रेलिया में 3 साल पर चुनाव होते हैं। देश में 28 मार्च 2025 को संसद भंग कर दी गई थी, जिसके बाद सरकार केयरटेकर मोड में चली गई थी। इसके बाद 22 से 30 अप्रैल तक पोस्टल वोटिंग की गई। पिछली बार 2022 में हुए चुनाव में लेबर पार्टी को 77 और लिबरल-नेशनल गठबंधन को 58 सीटें मिली थीं। इस बार मुख्य मुकाबला प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी और विपक्षी नेता पीटर डटन के लिबरल-नेशनल गठबंधन के बीच था। अल्बनीज की जीत के बाद सिडनी में जश्न मनाते लेबर पार्टी के समर्थक। आस्ट्रेलिया में भारत की तरह ही दो सदन हैं। ऊपरी सदन को सीनेट और निचले सदन को हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्स कहा जाता है। निचले सदन में बहुमत पाने वाली पार्टी या गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री बनता है। इसकी 150 सीटों के लिए आज वोटिंग हो रही है। इसका रिजल्ट 3 मई की रात या फिर 4 मई की सुबह तक आएगा।

निचले सदन के साथ ही ऊपर सदन की 76 में से 40 सीटों के लिए भी आज वोटिंग हुई। इस सदन में चुने गए सदस्यों का कार्यकाल 6 साल होता है। हर 3 साल में आधे सदस्य बदल जाते हैं। आस्ट्रेलिया में 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से वोट देना होता है और अगर गैर जरूरी कारण से वो ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 20 आस्ट्रेलियाई डालर का जुर्माना लगाया जा सकता है। यहां प्रधानमंत्री बनने के लिए उम्र तय नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो 18 साल या ज्यादा उम्र के जो लोग वोटिंग कर सकते हैं, वो चुनाव भी लड़ सकते हैं और प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**नानजिंग।** चीन के पूर्वी प्रांत जियांग्सू के सूजौ शहर में शुक्रवार को एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिका. रियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के अनुसार, एक रॉबिन्सन आर44 आईआई हेलिकॉप्टर उड़ान से लौटते समय शाम करीब पांच बजे लगभग 10 मीटर की ऊंचाई से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में जमीन पर मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जियांग्सू प्रांतीय नागरिक उढयन प्राधिकरण के नेतृत्व में दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है।

### पेरू में नौसेना का जहाज नदी तट से टकराया, दो की मौत

**लीमा।** पेरू के लॉरेटो क्षेत्र में अमेज़न नदी पर शुक्रवार तड़के एक नौसेना का जहाज नदी के तट से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता है। नौसेना ने बताया कि उसका जहाज बीएपी उकायाली अमेजन बेसिन में नेपो नदी के मुहाने के पास ऊर्जा कंपनी पेरेन्को की ओर से संचालित मनाती प्लेटफ़ॉर्म से टकराया। खोज और बचाव अभियान जारी है। नौसेना ने बताया कि उकायाली के साथ काफिले में यात्रा कर रहे आस-पास के जहाजों की मदद से चालक दल के 30 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि जहाज लोरेटो क्षेत्र की राजधानी इक्विटोस से रवाना हुआ था और कोलंबिया के प्यूर्टो लेगुइज़ामो के रास्ते पर था।

### तुर्की में हिरासत में लिए गए 418 लोगों में से 374 रिहा

**इस्तांबुल।** तुर्की के शहर इस्तांबुल में एक मई को हुई अवैध रैलियों में शामिल 418 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें से 374 को अदालत के आदेश पर रिहा कर दिया गया है। शहर के पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि इस्तांबुल में गुरुवार को अवैध रैलियों के कारण सड़क और राजमार्ग बंद रहे, 15 से अधिक मेट्रो स्टेशन और सार्वजनिक परिवहन बंद कर दिए गए। हिरासत में लिए गए 418 लोगों में से 374 को बयान के बाद रिहा कर दिया गया है। इस्तांबुल के कादिकॉय और कार्ताल जिलों में एक मई को ट्रेड यूनियनों ने सरकार की ओर से अनुमोदित रैलियां कीं, जिनमें करीब 65 हजार लोग शामिल हुए और शांति से तितर-बितर हो गए। वहीं, विपक्षी समूह शहर के केंद्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा के लिए 52 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात थे। इस्तांबुल के पुराने इलाके में तकसीम चौक पर प्रदर्शनों पर कई सालों से प्रतिबंध लगा हुआ है।

## भारत से तनाव के बीच सीमा पार तैयारियां तेज

# पाक ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**भारत** के साथ बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया। अब्दाली हथियार प्रणाली, 450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। पाकिस्तान की ओर से यह परीक्षण ऐसे समय किया गया है, जब जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

यह परीक्षण पाकिस्तान सशस्त्र बलों के सिंधु अभ्यास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य किसी भी हमले के मद्देनजर परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना था। 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार सेना की आधिकारिक मीडिया-विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत नेविगेशन प्रणाली और उन्नत गतिशीलता सुविधाओं सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों को मान्य करना था। इसमें कहा गया है कि यह प्रक्षेपण 'एक्स इंडस' का हिस्सा है और इसे सेना सामरिक बल कमान (एएफएससी) के कमांडर, सामरिक योजना



**450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है अब्दाली**

प्रभाग और एएफएससी के वरिष्ठ अधिका. रियों के साथ-साथ पाकिस्तान के सामरिक संगठनों के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने भी देखा। आईएसपीआर के बयान के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा और सेना प्रमुखों ने इसमें भाग लेने वाले सैनिकों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। बयान में कहा गया कि उन्होंने विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध सुनिश्चित करने और किसी भी आक्रमण के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए पाकिस्तान के सामरिक बलों की परिचालन तैयारियों और तकनीकी दक्षता पर पूरा भरोसा जताया। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय सेना को जवाबी कार्रवाई करने की पूरी छूट दिए जाने के बाद पाकिस्तान बेहद घबराया हुआ है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले की निगरानी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी के आकाओं ने की थी। पाकिस्तान लगातार सैन्य गोलीबारी करने के अलावा, उसने अरब सागर में अपने नौसैनिक अभ्यासों को तेज कर दिया है, और अधिक मिसाइल परीक्षण किए हैं और किसी भी हमले की स्थिति में भारत के खिलाफ 'परमाणु जवाबी कार्रवाई' की लगातार चेता. वनी दी है, जिससे वह सख्त रुख बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

### पाक ने नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी जारी रखी

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार सुबह कहा कि शुक्रवार देर रात को पाकिस्तानी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर इलाकों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोल. ीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया। इससे पहले दो मई को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी के नौशेरा और जम्मू के अखनूर में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। गत 30 अप्रैल को भी पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के अलावा कश्मीर संभाग के बारामुल्ला और कुपवाड़ा जिलों के साथ-साथ जम्मू और सांबा जिलों के परगवाल और रामगढ़ सेक्टरों में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार छोटे हथियारों से गोल. ीबारी की। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया है। पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोलीमार कर हत्या कर दी थी।

## इजरायली हमलों में मारे गए 30 फलस्तीनी

**गाजा।** गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों के घरों और तंब. ुओं को निशाना बनाकर आज किए गए इजरायली हमलों में कम से कम 30 फलस्तीनी मारे गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा मामलों के प्रवक्ता महमूद बसल ने यहां बताया कि पूर्वी गाजा शहर के शुजाय्या के निकट घट्टास परिवार के घर पर हवाई हमले में 10 लोग मारे गए है। उधर समीपवर्ती दाराज में नागरिकों पर ड्रोन हमले में चार अन्य लोग मारे गए। गाजा शहर के ही ज़ीतून में दो और लोगों के मारे जाने की भी खबर है। दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक रिहायशी घर पर हमले में 11 लोग मारे गए।

नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक तंबू पर हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई ,जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य हमले में पास के तंबू में एक और व्यक्ति की मौत की खबर है। इस बीच खान यूनिस में ही अबू हजरस परिवार के घर पर ड्रोन हमले में एक गर्भवती महिला की मौत की भी खबर है। हालांकि इजरायली सेना ने अभी तक इन हमलों के बारे में कोई

**लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर बरसाए गए बम**

टिप्पणी नहीं की है। इस बीच राफा में कुवैत स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल ने आज यहां एक प्रेस बयान जारी कर दवा, चिकित्सा आपूर्ति और भोजन की भारी कमी के बीच स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के पूर्णतौर पर ध्वस्त होने की की चेतावनी दी। अस्पताल ने कहा सीमा पार लगातार बंद रहने और मानवीय सहायता वितरण में व्यवधान के कारण स्थिति और खराब हो गई है। बयान के मुताबिक 75 प्रतिशत से अधिक आवश्यक दवाएं अनुपलब्ध हैं, जिससे मरीजों का इलाज करने की सुविधा की क्षमता में बाधा आ रही है। मौजूदा चिकित्सा सामग्री भंडार सप्ताह से अधिक नहीं चल सकता है। गौरतलब है कि हमास के साथ जनवरी में हुए युद्धविराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद 2 मार्च को इजरायल ने गाजा में माल और आपूर्ति का प्रवेश रोक दिया।

# इजरायल ने किए सीरिया में हवाई हमले

### कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई, ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत

**दमिश्क, वार्ता**

**इजरायल** ने हवाई हमले तेज करते हुए सीरिया की राजधानी दमिश्क के साथ-साथ देश के मध्य और पश्चिमी प्रांतों में युद्धक विमानों के हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां देखी गईं।

सीरियाई मीडिया और एक निगरानी समूह के अनुसार शुक्रवार को इजरायल ने पूरे सीरिया में हवाई हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई। सीरियाई अखबार अल-वतन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना द्वारा दमिश्क में कल दोपहर कनाकर शहर में किए गए ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार, हरस्टा के पूर्वी उपनगर के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाकर कम से कम 10



**एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है**

हवाई हमले किए गए, जिसमें हरस्टा सैन्य अस्पताल के पास एक सैन्य चौकी भी शामिल है। सीरिया के सरकारी प्रसारक अल-इखबरिया ने बताया कि हवाई हमलों से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन कल शाम तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, और एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। दक्षिणी सीरिया में, इजरायली हवाई हमलों ने दारा प्रांत के मोथबीन और इजरा के शहरों के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मध्य सीरिया में, कल रात को हामा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में शाहता गांव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाकर इजरायली हवाई हमले किए गए, जिसमें चार लोग घायल हो गए। कथित तौर पर इजरायली टोही विमान भी सीरिया के दक्षिणी और मध्य भागों, जिसमें दारा, होम्स और हामा के ऊपर मंडराते रहे, जो एक समन्वित अभियान का हिस्सा प्रतीत होता है। इजरायल के राष्ट्रीय प्रसारक कान ने बताया कि इजरायली सरकार ने सीरिया में अतिरिक्त ठिकानों को निशाना बनाने की मंजूरी दी है, जिसमें नए सीरियाई अधिकारियों से संबद्ध सैन्य प्रतिष्ठान और स्थल शामिल हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने कथित तौर पर सेना को नए लक्ष्यों को निशाना बनाने को अधिकृत किया है।

# अंगोला के साथ रक्षा साझेदारी होगी मजबूत

### अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भारत** और अफ्रीकी संघ (एयू) के अध्यक्ष अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी के तहत व्यापक सैन्य आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण, खनन एवं हीरों को तराशने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के आज निर्णय लिए।

भारत ने अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर का ऋण देने की भी घोषणा की है। जबकि अंगोला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के भारत के रुख का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंसो के साथ आज यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिए गए। बैठक में कृषि, संस्कृति, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में अंगोला की सदस्यता के



**38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है**

दस्तावेज सहित चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे। मोदी ने बैठक के बाद प्रेस को दिए गए वक्तव्य में राष्ट्रपति लौरेंसो और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। राष्ट्रपति लौरेंसो की इस यात्रा से, न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझीदारी को भी बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी प्रतिबद्धता और मैत्री भावना के साथ खड़ा था। भारत एवं अंगोला के बीच रक्षा संबंधों में नये आयामों का खुलासा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझीदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की रक्षा ऋण को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के अनुरक्षण और ओवरहॉल और आपूर्ति पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। मोदी ने कहा कि अपनी विकास साझीदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे।

# परिवार से सुलह करना चाहूंगाः प्रिंस हैरी

### इंटरव्यू में कहाः अब और नहीं लड़ना, पता नहीं मेरे पिता के पास कितना समय बचा है

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने कहा है कि वह रायल फैमिली के साथ सुलह करना चाहते हैं, लेकिन उनके पिता किंग चार्ल्स उनसे बात नहीं कर रहे हैं। हैरी ने यह बयान उस दिन दिया जब वे ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पुलिस सुरक्षा को लेकर चल रहा मुकदमा हार गए। एक इंटरव्यू में हैरी ने कहा कि 'मैं अपने परिवार के साथ सुलह करना चाहूंगा। अब और लड़ाई का कोई मतलब नहीं है। जिंदगी कीमती है। मुझे नहीं पता कि मेरे पिता के पास कितना समय बचा है। वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा।

हैरी ने कहा कि मैं नहीं सोचता कि मैं कभी अपने परिवार को ब्रिटेन वापस ला पाऊंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि वहां मेरे परिवार के लिए सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे और परिवार के कुछ सदस्यों के बीच काफी मतभेद रहे हैं, लेकिन अब मैंने उन्हें माफ कर दिया है। दरअसल, हैरी ने 2020 में अपनी रायल डयूटीज से इस्तीफा दे दिया था और अपनी अमेरिकी पत्नी



**वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा**

मेगन और दो बच्चों के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए। तब से उन्होंने और मेघन ने टीवी डाक्यूमेंट्री, अमेरिकी टाक शो होस्ट ओप्रा विन्फ्रे के साथ एक इंटरव्यू और हैरी की बेस्ट-सेलिंग आटोबायोग्राफी 'स्पेयर' में रायल फैमिली की कड़ी आलोचना की थी। प्रिंस हैरी अमेरिका जाने के बाद अपनी सुरक्षा में किए गए बदलावों को पलटवाना चाहते थे। शुक्रवार को कोर्ट के फैसले के बाद प्रिंस हैरी ने कहा कि इस वक्त मैं ऐसी कोई दुनिया नहीं देखता जिसमें मैं अपनी पत्नी और बच्चों को यूके वापस लाऊं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे धोखा मिला हो। कोर्ट में मिली हार को उन्होंने श्पुरानी सोची-समझी साजिशश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा में कटौती का फैसले के पीछे शाही परिवार का हाथ है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी सुरक्षा को लेकर हुआ विवाद हमेशा से सबसे बड़ी रुकावट रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने राजा चार्ल्स से इस विवाद में दखल देने को कहा था, तो प्रिंस हैरी ने जवाब दिया कि मैंने उनसे हस्तक्षेप करने को नहीं कहा, मैंने उनसे सिर्फ यह कहा कि वे एक तरफ हट जाएं और एक्सपर्ट्स को उनका काम करने दें। फैसले पर उन्होंने कहा कि मैं टूट गया हूं। लेकिन मैं इस हार से उतना नहीं जितना टूटा हूं, जितना उन लोगों की वजह से टूटा हूं, जो ये फैसला लेकर सोचते हैं कि यह ठीक है। क्या यह उनकी जीत है? मुझे यकीन है कि कुछ लोग हैं, जो मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, वही इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे होंगे।

## मुरुगन ने प्रदान किए राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने शनिवार को 12 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। डॉ. मुरुगन ने मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के दौरान आठवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो देश के सभी कोनों में नागरिकों तक पहुंचने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि देश भर के सामुदायिक रेडियो किसी न किसी कल्याणकारी उद्देश्य में लगे हुए हैं और भारतीय परंपरा तथा संस्कृति को बढ़ावा देने सहित अच्छे उद्देश्यों का सहयोग कर रहे हैं।

# चिली में भूकंप के तेज झटके सुनामी की चेतावनी जारी

**सैंटियागो।**

**चिली** के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में शुक्रवार को तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गई। जिसके बाद अधिकारियों ने मैगलन क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की है।

चिली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:58 बजे महसूस किया गया, जिसका केंद्र देश के सबसे दक्षिणी शहर प्यूर्टो विलियम्स से 218 किमी दक्षिण में जमीनी सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था और आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया। चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है, जबकि चिली नौसेना की हाइड्रोग्राफिक एवं महासागरीय सेवा (एसएचओए) ने सुनामी की चेता. वनी जारी की है, जिसमें मैगलन और चिली अंटार्कटिक क्षेत्र के तटीय निवासियों से सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाने और समुद्र तट पर जाने से बचने का आग्रह किया गया है। गौरतलब है कि चिली प्रशांत महासागर के रिग ऑफ फायर के किनारे स्थित है और यह दुनिया के सबसे अधिक भूकंप आने वाले देशों में से एक है। यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।

**यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं**

# Met Gala 2025 के लिए कियारा ने चुना भारतीय डिजाइनर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू के लिए भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता को चुना है। भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और समकालीन सितारों में से एक, कियारा आडवाणी, 2025 मेट गाला में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस खास मौके पर वह मशहूर भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता की विशेष रूप से तैयार की गई पोशाक पहने नजर आएंगी। इस साल मेट गाला की थीम सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। गौरव गुप्ता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त है। उनके डिज़ाइन कान्स से लेकर ऑस्कर तक के रेड कार्पेट पर छा चुके हैं। कियारा के साथ यह सहयोग स्वाभाविक है। उनकी खूबसूरती और गौरव के आर्किटेक्चरल स्टाइल का मेल एक ऐसा लुक पेश करेगा जो सुर्खियां बटोरने वाला है। इस डेब्यू के साथ, कियारा आडवाणी उन भारतीय आइकनों की कतार में शामिल हो रही हैं जिन्होंने मेट गाला जैसे प्रतिष्ठित मंच पर देश का प्रतिनिधित्व किया है और एक विशिष्ट भारतीय आवाज़ को फैशन की इस वैश्विक विरासत में शामिल किया है। फैशन के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने वाला है और सभी की निगाहें अब कियारा पर है।



**इस साल मेट गाला की थीम सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक पफैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। कियारा डिजाइनर के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचाने जाने वाले गौरव गुप्ता को चुना है।**

## गुरु रंधावा और निमृत कौर की फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** ग्लोबल म्यूजिक आइकन गुरु रंधावा और बिग बॉस फेम अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया की फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉरियर बाय ब्लड, ब्रदर्स बाय हार्टः शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर को मो. हाली में रिलीज किया गया। इस मौके पर गुरु रंधावा के साथ फिल्म के कलाकार बब्बू मान, सुनीता ढिल्लों, निमृत कौर अहलूवालिया, हशनीन चौहान और धीरज कुमार भी मौजूद थे। अभिनेता हरसिमरन और एली मंगट ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रेलर पंजाब की जीवंत पृष्ठभूमि में बसी एक दमदार कहानी की झलक दिखाता है। हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ-साथ फिल्म में भाईचारे और पारिवारिक रिश्तों की गहराई को बखूबी दर्शाया गया है।

# दिमाग में शाहरुख था जब डॉन की लिखी थी पटकथाः फरहान



**फरहान अख्तर विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में गौरव कपूर द्वारा संचालित द क्राफ्ट ऑफ डायरेक्शन नामक मास्टरक्लास में आकर्षण का केन्द्र रहे और उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।**

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार फरहान अख्तर का कहना है कि उन्होंने शाहरुख खान को ध्यान में रखते हुए फिल्म डॉन लिखी थी और वे खुद मूल फिल्म के बहुत बड़े प्रशंसक थे। फरहान अख्तर विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में गौरव कपूर द्वारा संचालित द क्राफ्ट ऑफ डायरेक्शन नामक मास्टरक्लास में आकर्षण का केन्द्र रहे और उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। इस सत्र ने एक कहानीकार के रूप में फरहान अख्तर के व्यक्तिगत अनुभवों की एक अंतरंग झलक पेश की, जिसमें सिनेमा के विकास, निर्देशन की चुनौतियों और फिल्म निर्माण में प्रामाणिकता की आवश्यकता का जिक्र हुआ। फरहान ने बातचीत की शुरुआत करते हुए, वेव्स को एक बहुत ही सशक्त आयोजन बताते हुए कहा कि उनकी सृजनात्मक जड़ों को देखकर यह प्रतिबिंबित होता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें गायन और अभिनय से लेकर निर्देशन तक के अपने बहुमुखी करियर का कोई विशेष पहलू पसंद है, तो उन्होंने इसकी तुलना पसंदीदा बच्चे को चुनने से की, यह स्वीकार करते हुए कि एक शांत पसंद हो सकती है, हर भूमिका का अपना आनंद होता है। फरहान ने डॉन के बारे में बताया कि ट्रेन में सफर के दौरान मूल स्कोर सुनते समय उन्हें यह विचार कैसे आया। चुनौती फिल्म को फिर से बनाना नहीं था, बल्कि फिर से इसकी कल्पना करना था। मैं डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं को क्या नया अर्थ दे सकता था? यही असली परीक्षा थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने शाहरुख खान को ध्यान में रखते हुए फिल्म लिखी थी, उन्होंने कहा कि वे खुद मूल फिल्म के बहुत बड़े प्रशंसक थे।

# फिल्म निर्माताओं के लिए वरदान होगा एआईः हिरानी



**मुंबई।** फिल्मकार राजकुमार हिरानी ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) फिल्म निर्माताओं के लिए रचनात्मकता और स्टोरीटेलिंग के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में शुक्रवार को आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में दुनिया भर में दिलों को छूने वाली कहानियां पर पैनल चर्चा की गई। इस चर्चा में नेशनल जियोग्राफ़िक सोसाइटी में मुख्य स्टोरीटेलिंग अधिकारी कैटलिन यार्नल, द वॉल्ट डिज़्नी कंपनी में ईवीपी और कॉर्पोरेट विकास प्रमुख जस्टिन वारब्रुक, अमेजॉन प्राइम वीडियो में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केली डे, बीबीसी स्टूडियो एशिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक फिल हार्डमैन, भारत के सबसे प्रसिद्ध फिल्म निर्देशकों में से एक राजकुमार हिरानी, और मॉडरेटर के रूप में बेस्टसेलिग लेखक और राजनयिक अमीश त्रिपाठी शामिल रहे। इस सत्र में वैश्विक मीडिया, मनोरंजन और साहित्यिक परिदृश्यों से दूरदर्शी प्रमुखों और मास्टर स्टोरीटेलर को कहानी कहने क्षमता का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया। स्ट्रीमिग प्लेटफ़ॉर्म और प्रसारण दिग्गजों से लेकर सिनेमा और साहित्य तक, पैनलिस्टों ने इस बारे में अंतर्दृष्टि साझा की कि कैसे आकर्षक कथाएं सीमाओं को पार कर सकती हैं, संस्कृतियों को आकार दे सकती हैं।

# भाविका ने गुम है किसी के प्यार में से किया कमबैक



**मुंबई।** अभिनेत्री भाविका शर्मा ने स्टार प्लस के शो गुम है किसी के प्यार में कमबैक किया है। शो गुम है किसी के प्यार में अपनी दमदार कहानी, इमोशनल मोमेंट्स और यादगार किरदारों की वजह से लोगों का दिल लगातार जीत रहा है। प्यार, कुर्बानी और जज्बे की इस कहानी से दर्शक हर दिन जुड़ते जा रहे हैं। जैसे-जैसे कहानी ने नया मोड़ लिया है, शो में एक जाना-पहचाना चेहरा फिर से लौट आया है। भाविका शर्मा, जो सावी का किरदार निभा रही थी, अब एक बार फिर दर्शकों के बीच वापस आ गई हैं। अपने कमबैक को लेकर भाविका शर्मा ने एक इमोशनल नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो और अपने किरदार सावी के साथ अपने जुड़ाव को बखूबी बयां किया। भाविका ने कहा, गुम है किसी के प्यार में में वापसी सिर्फ एक शो पर लौटना नहीं है, बल्कि उस किरदार से दोबारा जुड़ना है जो अब मेरे अंदर का हिस्सा बन चुका है। सावी की यात्रा हमेशा हिम्मत, नाजुकियत और प्यार से भरी रही है और मुझे एक बार फिर उसके सफर का हिस्सा बनने का सम्मान मिला है।

# पूजा ने लंदन में स्क्रीनिंग का लिया आनंद

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने वरुण धवन और मृणाल ठाकुर के साथ लंदन में रेट्रो की स्क्रीनिंग का आनंद लिया है। पूजा हेगड़े और सूर्या की फिल्म रेट्रो ने एक मई को सिनेमाघरों में दस्तक दी। हालांकि निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज इस मौके पर लोकेश कनागराज के साथ मौजूद रहे, लेकिन पूजा मुख्य स्क्रीनिंग में शामिल नहीं हो सकी। इसके बावजूद, उन्होंने ग्लासगो, लंदन में फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया, जहां उनके साथ उनकी अगली फिल्म हाय जवानी तो इश्क होना है के सह-कलाकार वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी मौजूद थे। पूजा हेगड़े फिल्म रेट्रो में सूर्या के अपोजिट लीड रोल में नजर आ रही हैं। वह रुक्मणि का किरदार निभा रही हैं, जो एक डॉक्टर और उपचारक हैं और हर तरह की हिंसा के खिलाफ हैं। हाल ही में पूजा ने सोशल मीडिया पर इस किरदार के पर्दे के पीछे की झलकियां साझा की और एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने रुक्मणि को सबसे पवित्र आत्मा, मासूम लेकिन बुद्धिमान बताया और कहा कि काश हम सब रुक्कु जैसे बन सकें। रुक्कु बनना मेरी जिदगी का सबसे मज़ेदार अनुभव रहा। रेट्रो के साथ पूजा हेगड़े ने अपने करियर में एक और दमदार फिल्म जोड़ ली है, और ऐसा लगता है कि वह रुकने के मूड में नही हैं। फिलहाल पूजा यूके में हैं, जहां वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म हाय जवानी तो इश्क होना है की शूटिग कर रही हैं, जिसमें उनके साथ वरुण धवन हैं। यह एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी है, जिसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और जल्द ही इसके रिलीज होने की उम्मीद है।



# वेव्स में 250 करोड़ से ज्यादा का हुआ कारोबार

**मुंबई।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स समिट की महत्वाकांक्षी पहल, वेव्स बाजार, मीडिया और मनोरंजन उद्योग में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरी है। विभिन्न देशों के रचनाकारों को निवेशकों और खरीददारों से जोड़कर उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई यह पहल भारत को कॉन्टेंट के व्यावसाईकरण के लिए एक रणनी. तिक केंद्र बनाने के लिए तैयार है। जाजू ने मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स में कहा कि वेव्स बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स बाजार अपने पहले सत्र में दक्षिण कोरिया, जापान, अमेरिका, जर्मनी, रूस, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड सहित 22 से अधिक देशों के अग्रणी पेशेवरों को एक साथ लाया, जिसमें 95 वैश्विक खरीदारों और 224 विक्रेताओं ने भाग लिया। प्रमुख खरीदारों में नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, मेटा, डिजनी स्टार, जी एंटरटेनमेंट, बनिजय एशिया, वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी, सोनी लिव, वाईआरएफ, धर्मा, जियो स्टूडियो, रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल और रैशलेक मीडिया शामिल थे।




## पहली बार देखा कोई सरकार फिल्म उद्योग में इतनी रुचि ले रहीः आमिर खान

**मुंबई।** फिल्म निर्माता आमिर खान ने कहा है कि उन्होंने पहली बार देखा है कि कोई सरकार फिल्म उद्योग में इतनी रुचि ले रही है। आमिर खान ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में आयोजित स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचरः पुटिग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप नामक पैनल चर्चा में शिर. कत की। फिल्म समीक्षक मयंक शेखर द्वारा संचालित इस सत्र में फिल्म उद्योग के कई दिग्गज शामिल हुए। इनमें निर्माता रितेश सिधवानी, प्राइम फोकस लिमिटेड के नमित मल्होत्रा, फिल्म निर्माता दिनेश विजन, पीवीआर सिनेमा के अजय बिजली और प्रसिद्ध अमरीकी निर्माता चार्ल्स रोवन शामिल रहे। आमिर खान ने कहा कि यह पहली बार है जब मैंने किसी सरकार को हमारे उद्योग में इतनी रुचि लेते देखा है। वेव्स केवल एक संवाद नही है। यह नीति का पुल है। यह एक आशाजनक शुरुआत है। मुझे यकीन है कि हमारी चर्चाएं नीतियों में बदल जाएंगी। ओटीटी बहस पर आमिर खान ने बताया कि कैसे थिएटर और ओटीटी रिलीज़ के बीच की संकीर्ण खिड़की थिएटर दर्शकों को हतोत्साहित करती है।

# बहुत सारी विदेशी फिल्म कंपनियां आएंगी भारतः भूमि

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में बहुत सारी विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आएगी। भूमि पेडनेकर ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 में लाइट्स, कैमरा, गंतव्य! फिल्मों के माध्यम से भारत की ब्रांडिग विषय पर पैनल चर्चा में शिरकत की। इस चर्चा के अन्य पैनलिस्टों में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव पृथुल कुमार, एनएफडीसी के एमडी नितिन तेज आहूजा, प्रोड्यूसर्स गिल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, गुजरात सरकार के सचिव (पर्यटन), आईटीडीसी की एमडी मुग्ध सिन्हा शामिल थी। पेडनेकर ने कहा कि आने वाले दिनों में बहुत सारे विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आने वाली हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में लोग हमारे सिनेमा की वजह से मुंबई को जानते हैं। भारत के गंतव्यों में शूटिंग की अपनी प्राथमिकता के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि मेरी अधिकांश फिल्में सांस्कृतिक रूप से गंभीर हैं और देश के केन्द्रीय स्थल की फिल्में हैं। हमारा जज्बा और हमारे सिनेमा के लिए प्यार, जिस तरह से हमारे कलाकार और क्रू समर्पण के साथ काम करते हैं, वह अतुलनीय है। भारत के फिल्म उद्योग के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि अब फिल्म सेट पर काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं की संख्या लगभग बराबर है। उन्होंने कहा कि भारत में फिल्म निर्माण में लगातार बेहतर लोग आ रहे हैं। पृथुल कुमार ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गठित इंडिया सिने हब (आईसीएच) वैश्विक फिल्म निर्माताओं के लिए भारत में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देता है और सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह भारत में फिल्मांकन के लिए वन-स्टॉप गंतव्य है, जिसमें फिल्म-निर्माण सुविधा के लिए विभिन्न राज्य पोर्टलों के लिक भी मौजूद हैं। यह एकल-खिड़की सुविधा और मंजूरी तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो भारत में फिल्मांकन को आसान बनाता है। यह फिल्म-अनुकूल इकोसिस्टम बनाने और देश को फिल्मांकन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

